▸ वर्ष : 4 ▸ अंक: 46 ▸ मूल्य : 4 रू.
▸ RNI No. -DELHIN/2019/78266
newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

प्रमुखस्वामी महाराज शताब्दी महोत्सव

# मदरलैण्ड वॉइस

शुक्रवार, 21 अक्टूबर 2022
राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र
दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित

## भारत आज समग्र विश्व में प्रगति व प्रकृति के बीच संतुलन का उत्तम उदाहरण बना हुआ है: पीएम मोदी

- रिड्यूस, रियूज, रिसाइकल तथा सर्कुलर इकोनॉमी तो हजारों वर्षों से भारतीय जीवनशैली के अंग रहे हैं
- प्रधानमंत्री ने गुजरात के एकतानगर से 'मिशन लाइफ' की ग्लोबल लॉन्चिंग की



अहमदाबाद, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को एकतनागर से 'मिशन लाइफ' की ग्लोबल लॉन्चिंग करते हुए कहा कि भारत आज समग्र विश्व में प्रगति व प्रकृति के बीच संतुलन का उत्तम उदाहरण बना हुआ है। उन्होंने कहा कि देश में वन क्षेत्र में वृद्धि के साथ वन्यजीवों की संख्या में भी वृद्धि हो रही है। चरणबद्ध ढंग से उठाए गए कदमों के परिणामस्वरूप भारत पर्यावरण संरक्षण की दिशा में दृढ़तापूर्वक आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विश्व में चार टन के सापेक्ष में भारत में कार्बन फुट प्रिंट का प्रमाण प्रति व्यक्ति केवल डेढ़ टन है। भारत जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक समस्या के समाधान के लिए सबसे अग्रिम पंक्ति में कार्य कर रहा है। रिड्यूस, रियूज, रिसाइकल तथा सर्कुलर इकोनॉमी तो हजारों वर्षों से भारतीय जीवनशैली के अंग रहे हैं। नरेन्द्र मोदी ने जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध संघर्ष में विश्व में एकता की महत्ता व्यक्त करते हुए कहा कि आज जब भारत के गौरव सरदार वल्लभभाई पटेल की विराट प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिट परिसर एकतानगर से विश्व के प्रथम 'मिशन लाइफ' का लोकार्पण हो रहा है, तब विश्व की सबसे बड़ी प्रतिमा निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। उन्होंने कहा कि जब लक्ष्य असाधारण हो, तब उसका परिणाम विशाल होता है। उन्होंने कहा कि पुनर्प्राप्य ऊर्जा एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम उठाने की शुरूआत करने वाला गुजरात देश का प्रथम राज्य है। राज्य के अकालग्रस्त क्षेत्रों के लिए नहरों पर सोलर पैनल लगाने हों या जल संरक्षण योजनाएँ शुरू करनी हों, गुजरात हमेशा अग्रणी एवं ट्रेंडसेटर स्टेट के रूप में आगे आया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन केवल नीति से संबंधित मुद्दा होने का विचार प्रक्रिया की ओर ले जाता है। इन सभी महत्वपूर्ण मुद्दों को केवल सरकार या अंतरराष्ट्रीय संस्थानों पर छोड़ देने के स्थान पर अब इनमें जनशक्ति को जोड़ने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि लोग आसपास के वातावरण में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का अनुभव कर रहे हैं और पिछले कुछ दशकों में अप्रत्याशित आपत्तियाँ देखने को मिली हैं। लोगों को व्यक्तिगत, परिवार एवं समुदाय के रूप में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के विरुद्ध योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि 'मिशन लाइफ' का मंत्र 'पर्यावरण के लिए जीवनशैली' है। यह वैश्विक अभियान पृथ्वी की सुरक्षा के लिए लोगों की शक्ति को जोड़ता है और उसका अधिक अच्छे ढंग से उपयोग करना सिखाता है। 'मिशन लाइफ' पर्यावरण सुरक्षा के लिए हमारे रोजमर्रा के जीवन में किया जा सकने वाला सब कुछ करने की प्रेरणा देता है। 'मिशन लाइफ' से हमारी जीवनशैली में फेरबदल कर पर्यावरण को सुरक्षित किया जा सकता है। मोदी ने बिजली बिल में कमी लाने तथा पर्यावरण सुरक्षा के लिए भारत में छएऊ बल्ब अपनाए जाने का उदाहरण देते हुए कहा कि इससे बड़े पैमाने पर बिजली व धन की बचत तथा पर्यावरणीय लाभ हुए और यह एक पुनरावर्तित स्थायी लाभ है। प्रतिवर्ष एक सौ मैट्रिक टन कार्बन उत्सर्जन से बचा जा सकता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि गांधीजी ऐसे चिंतनशीलों में एक थे, जिन्होंने बहुत पहले ही पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति के साथ सामंजस्य में जीवन जीने का महत्व समझाया था। गांधीज ने ट्रस्टीशिप का विचार विकसित किया था। 'मिशन लाइफ' हम सभी को पर्यावरण का ट्रस्टी बनाता है। ट्रस्टी ऐसा व्यक्ति है, जो संसाधनों के अंधाधुंध उपयोग को मंजूरी नहीं देता। ट्रस्टी शोषक के रूप में नहीं, बल्कि पोषक के रूप में काम करता है। उन्होंने कहा कि 'मिशन लाइफ' पी3 मॉडल अर्थात प्रो-प्लैनेट पीपल की भावना का उजागर करेगा।

## घाटी में 600 से ज्यादा हाइब्रिड आतंकी सक्रिय, मजदूरों और कश्मीरी पंडितों को निशान बना रहे



श्रीनगर, एजेंसी। जम्मू-कश्मीर से बड़ी खबर आ रही है। घाटी में प्रवासी मजदूरों और कश्मीरी पंडितों की टारगेट किलिंग को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। घाटी में सक्रिय हाइब्रिड आतंकियों और विदेशी आतंकवादियों के बीच का गठजोड़ सामने आया है। खुफिया और सुरक्षा एजेंसी के सूत्रों के अनुसार, घाटी में मौजूदा समय में 600 से ज्यादा हाइब्रिड आतंकी सक्रिय हैं। विदेशी आतंकी इन हाइब्रिड आतंकवादियों की मदद कर रहे हैं। इनका उद्देश्य प्रवासी मजदूरों और पंडितों को निशाना बनाकर घाटी में दहशत का माहौल बनाना है।सुरक्षाबल और कश्मीर पुलिस लगातार आतंकियों के मंसूबों को नाकाम बनाने में जुटे हैं।

हाइब्रिड आतंकियों की यह भूमिका पिछले 10 महीनों में उजागर हुई है। बताया जाता है कि जो पहले ओवरग्राउंड वर्कर थे, जो सक्रिय आतंकियों की मदद करते थे। अब वे सीधे तौर पर आतंकी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। ये सभी विदेशी और हाइब्रिड आतंकी का गठजोड़ बनाने में अहम भूमिका अदा कर रहे हैं। एक दर्जन प्रॉक्सी आतंकी संगठन पिछले दो वर्षों में बने हैं। ये सभी संगठन लगातार विदेशी आतंकवादियों की मदद कर रहे हैं। इसके जरिये न केवल आतंकी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं, बल्कि साजिश भी रच रहे हैं।

हाइब्रिड आतंकवादियों की सक्रियता देखकर खुफिया एजेंसी और सुरक्षाबल भी सक्रिय हो गए हैं। खुफिया और सुरक्षा एजेंसियां इन हाइब्रिड आतंकवादियों की सूची तैयार कर रही हैं। शोपियां में प्रवासी मजदूरों की हत्या के मामले में हाइब्रिड आतंकियों की नापाक करतूत उजागर हुई है। इसके बाद से एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं। कश्मीर घाटी में माहौल बिगाड़ने की खुफिया रिपोर्ट सामने आने के बाद से ही सुरक्षाबल सतर्क हो गए हैं। हाइब्रिड आतंकियों की तलाश में लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

खुफिया और सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय आतंकियों की तरह हाइब्रिड आतंकियों की भी सूची तैयार कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, घाटी में सक्रिय 84 विदेशी आतंकी लगातार इन हाइब्रिड आतंकियों की मदद कर रहे हैं। पिछले कुछ सालों में पहली बार ऐसा हुआ है जब सक्रिय आतंकियों में विदेशी आतंकियों की तादाद इतनी ज्यादा है। इसके अलावा 54 लोकल आतंकी भी कश्मीर में सक्रिय हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### चीन सीमा पर 500 गांव को फिर से बसाएगी सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत सरकार चीन से लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा पर 500 गांवों को पुनः बसाएगी। चीन सीमा पर तनाव को देखते हुए यह 500 गांव खाली हो गए थे। सरकार ने अब इन 500 गांव को पुनः बसाकर सीमाओं को सुरक्षित करने में इनकी भूमिका तय करने की ओर कदम उठाया है। सरहद के इलाकों में रहने वाले यह ग्रामवासी सरकार की आंख नाक कान का काम करते हैं। सेना भी इनकी मदद करेगी। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार चीन के पास लगी विवादित सीमा के आसपास लद्दाख से लेकर हिमाचल, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल में भारतीय सेना इन गांवों को विकसित करने और ग्राम वासियों को सुरक्षित रखने की दिशा में काम करेगी। इन गांवों के निवासियों को सेना की ओर से सुविधाएं भी दी जाएंगी। नागरिक आबादी होने से भी सीमाओं को सुरक्षित रखा जा सकता है। सरकार अब इसी दिशा में काम कर रही है।

### कामाख्या मंदिर का ठीक से रखरखाव करें: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने असम के कामाख्या मंदिर का रखरखाव ठीक से नहीं करने पर सरकार को फटकार लगाई है। न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी और न्यायमूर्ति श्री रवि कुमार की पीठ ने मंदिर के रखरखाव के मामले की सुनवाई की। न्यायमूर्ति रस्तोगी ने कहा कि वह छुट्टियों के दौरान मंदिर गए थे। वहां का रखरखाव ठीक तरीके से नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह मेरी निजी राय है, स्वच्छता के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता है। मंदिर कमेटी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव धवन ने कहा यह एक ऐसा मामला है। जहां कुछ लोगों ने पत्र लिखकर कहा है, कि सफाई का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। उन्होंने अदालत को बताया कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जैसे विशेषज्ञ निकायों को मंदिर के रखरखाव के कार्य में शामिल किया गया है। शीर्ष अदालत इस मामले की सुनवाई जनवरी 2023 करेगी।

### दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर बैन पर शीर्ष कोर्ट का शीघ्र सुनवाई से किया इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी। देश की सर्वोच्च अदालत ने गुरुवार को दिल्ली में पटाखों पर पूर्ण पाबंदी को चुनौती देने वाली याचिका पर शीघ्र सुनवाई की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि लोगों को स्वच्छ हवा में सांस लेने दें। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा कि अपना पैसा मिठाई पर खर्च करें। इससे पहले दिन में दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के सभी प्रकार के पटाखों की बिक्री और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया था।

## कांग्रेस अध्यक्ष पद पर 26 अक्टूबर होगी खड़गे की ताजपोशी

### बोले- पार्टी में कोई भी बड़ा या छोटा नहीं होता



नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की ताजपोशी दीवाली के बाद 26 अक्टूबर को होगी वे इसी दिन कार्यभार संभालेंगे। खड़गे ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हम सभी को पार्टी के कार्यकताओं की तरह काम करना है, पार्टी में कोई भी बड़ा या छोटा नहीं होता है। हमें साम्प्रदायिकता की आड़ में लोकतांत्रिक संस्थाओं पर हमला करने वाली फासीवादी ताकतों के खिलाफ एकजुट होकर लड़ना होगा। उन्होंने सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का आभार जताया है।

कांग्रेस के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि वह लोकतंत्र की मजबूती के लिए संसद से सड़क तक संघर्ष करेंगे और कांग्रेस कार्यकताओं ने उन पर जो भरोसा जताया है उस पर खरे उतरेंगे। खड़गे ने पार्टी अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद अपने अपने आवास पर बुधवार को पत्रकारों से कहा कि देश को एक तानाशाह की सनक की भेंट नहीं चढाया जा सकता है इसलिए सभी को मिलकर इन ताकतों के खिलाफ लड़ना पड़ेगा। कांग्रेस कार्यकताओं को उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने का भरोसा देते हुए खड़गे ने कहा, 'आपने मुझ पर भरोसा जताया है और गरीब परिवार में जन्मे एक सामान्य कार्यकर्ता को कांगेस का अध्यक्ष बनाया है, मैं आपके भरोसे पर खरा उतरूंगा।'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम लिए बिना उन पर हमला करते हुए उन्होंने कहा, 'दिल्ली की सत्ता पर बैठे हुक्मरान बातें तो बहुत करते हैं पर काम कुछ नहीं करते। असलियत में उनके चरित्र को चार शब्दों में बताया जा सकता है-खोखला चना बाजे घना। देश में सबसे बड़ी समस्या कमरतोड महंगाई है, भयंकर बेरोजगारी है, अमीर गरीब के बीच की खाई है और सरकार के द्वारा देश में फैलाई जाने वाली नफरत है।'

खड़गे ने कहा कि पिछले 75 साल के दौरान कांग्रेस ने संविधान की रक्षा करते हुए लगातार देश के लोकतंत्र को मजबूत किया है लेकिन आज लोकतंत्र खतरे में है और संविधान पर हमला बोला जा रहा है, संस्थानों को तोड़ा जा रहा है ऐसे में कांग्रेस ने अध्यक्ष पद के लिए चुनाव करवा कर देश के लोकतंत्र को मजबूत करने का उदाहरण पेश किया है।

## हिमाचल विस चुनाव में कांग्रेसनेत्री प्रियंका गांधी संभालेंगी प्रचार की कमान

शिमला, एजेंसी। पहाड़ी प्रदेश हिमाचल की 68 सीटों पर विधानसभा चुनाव के ऐलान के बाद यहां सियासी दलों की हलचले तेज हो गई हैं। हिमाचल प्रदेश में मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच ही रहा है। हालांकि, आम आदमी पार्टी के आने से यहां के चुनाव दिलचस्प हो गए हैं। इन सबके बीच हिमाचल में सत्ता में आने की उम्मीद कर रही कांग्रेस पूरी ताकत से चुनावी मैदान में उतरने के लिए तैयार है। हालांकि, कांग्रेस के लिए स्टार प्रचारक की सूची अब तक जारी नहीं हो सकी है। लेकिन सूत्रों का दावा है कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी प्रचार का जिम्मा संभालेंगी। जानकारी के मुताबिक हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए प्रियंका गांधी 31 अक्टूबर से प्रचार की शुरूआत करेंगी।

अपने प्रचार के दौरान वे रोडशो और जनसभाएं भी करेंगी। 31 अक्टूबर को प्रियंका गांधी मंडी और कुल्लू जिला का दौरा कर सकतीं हैं। इसके अलावा 3 नवंबर को कांगड़ा और चंबा में वह चुनाव प्रचार के लिए जाएंगी। सूत्रों ने बताया है कि 7 नवंबर को प्रियंका गांधी हमीरपुर और ऊना में भी रैली करेंगी। चुनाव प्रचार के आखिरी चरणों में प्रियंका गांधी शिमला और सिरमौर का भी दौरा करेंगी। सूत्रों ने दावा किया है कि भारत जोड़ो यात्रा का नेतृत्व कर रहे राहुल गांधी भी हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के लिए चुनाव प्रचार कर सकते हैं। राहुल गांधी के एक रैली में शामिल होने की उम्मीद है। इसके अलावा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, आनंद शर्मा, अशोक गहलोत, भूपेश बघेल जैसे नेता भी कांग्रेस के लिए हिमाचल प्रदेश में चुनाव प्रचार करते दिखाई दे सकते हैं।

इससे पहले 14 अक्टूबर को प्रियंका गांधी ने हिमाचल के सोलन में एक रैली को संबोधित किया था। उस रैली को परिवर्तन प्रतिज्ञा रैली का नाम दिया गया था। आपको बता दें कि हिमाचल प्रदेश में 68 सीटों पर 12 नवंबर को मतदान होंगे जबकि हिमाचल के नतीजे 8 दिसंबर को आएंगे। हिमाचल प्रदेश में भाजपा की सरकार है। हिमाचल के इतिहास को देखें तो वहां हर 5 साल में सत्ता परिवर्तन होता रहा है। ऐसे में कांग्रेस को इस बार उम्मीद है कि हिमाचल में उसे सत्ता मिल सकती हैं। हालांकि, कांग्रेस के लिए सबसे बड़ी समस्या यह है कि उसका चेहरा कौन होगा। हिमाचल प्रदेश का यह पहला चुनाव है जो वीरभद्र सिंह के बगैर हो रहा है।

## पराली जलाने की घटनाओं को रोकने में नाकाम साबित हो रही पंजाब की मान सरकार

चंडीगढ़, एजेंसी। केंद्र ने पंजाब में पराली जलाने की बढ़ती हुई घटनाओं को लेकर चिंता जाहिर की है। केंद्र ने आरोप लगाया है कि पंजाब सरकार ने खेतों में आग को रोकने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाए हैं। दिल्ली-एनसीआर में पराली जलाने के मुद्दे पर एक अंतर-मंत्रालयी बैठक में केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने चिंता व्यक्त कर कहा है कि पंजाब की मान सरकार राज्य में खेत की आग को रोकने के लिए समन्वित कार्रवाई करने में सक्षम नहीं है। अक्टूबर और नवंबर में दिल्ली में वायु प्रदूषण के स्तर में खतरनाक वृद्धि के पीछ आसपास के राज्यों में धान की पराली जलाना एक प्रमुख कारण है। गेहूं और सब्जियों की खेती से पहले फसल के अवशेषों को जल्दी से हटाने के लिए किसान अपने खेतों में आग लगा देते हैं। इसकारण प्रदूषण की समस्या विकराल होती जा रही है।

उधर केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने भी एक बयान में उल्लेख किया है कि हरियाणा में धान की पराली प्रबंधन की स्थिति पंजाब की तुलना में काफी ठीक है। बयान में कहा गया है कि 15 अक्टूबर तक पिछले साल की तुलना में आग की घटनाओं का रुझान कम था, लेकिन अब यह खासकर पंजाब में तेजी से बढ़ने लगा है। मंत्रालय ने कहा है कि पूसा का बायो-डीकंपोजर एक माइक्रोबियल समाधान है, जो 15-20 दिनों में पराली को खाद में बदल देता है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के अध्यक्ष एम.एम. कुट्टी ने कहा कि सांविधिक पैनल द्वारा कई बैठकों और प्रयासों के बावजूद पंजाब ने अपर्याप्त कदम उठाए हैं।

## लद्दाख में टिपर गिर जाने से 2 की दर्दनाक मौत, एक दर्जन घायल, रक्षामंत्री ने जताया शोक



लेह, एजेंसी। लद्दाख में एक भीषण दुर्घटना में सड़क निर्माण कार्य के दौरान एक टिपर गिर जाने की घटना में 2 की मौत हो गई। वहीं एक दर्जन लोग घायल बताए जा रहे हैं। रक्षा अधिकारियों के अनुसार घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने घटना पर शोक जताया है। राजनाथ सिंह ने शोक जताते हुए ट्वीट किया, 'लद्दाख के ससोमा-ससेर ला इलाके में एक ग्रीफ टिपर के गिरने से कीमती जान के नुकसान से बेहद आहत हूं। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। घायल लोग जल्द से जल्द ठीक हों ये मेरी कामना है।'

वहीं बीते मंगलवार को भी लेह में भयानक हादसा हुआ था। एक वाहन फिसलकर 100 मीटर गहरी खाई में गिर गया था। इसमें सवार चार लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मृतकों की पहचान दिल्ली निवासी मोहम्मद फिरोज, रेयाज अहमद और आजम खान तथा उत्तर प्रदेश के रहने वाले जीशान अहमद के रूप में हुई थी।

लेह की पुलिस अधीक्षक पीडी नित्या ने घटना को लेकर कहा था कि हादसा खारदुंगला टॉप पर बर्फबारी के कारण हुआ, जिसके कारण वहां फिसलन बढ़ गई थी। उन्होंने बताया कि आपदा मोचन बल के साथ पुलिस दल मौके पर पहुंचा और बचाव अभियान शुरू कर दिया था। पुलिस अधीक्षक के अनुसार बचाव दल तीन घायलों को बचाने में कामयाब रहे थे, जबकि चौथे व्यक्ति की पहले ही मौत हो चुकी थी। उन्होंने बताया कि ह्यतीनों घायलों ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया था। लद्दाख पुलिस ने पहले ही लोगों से खासकर पर्यटकों से खराब मौसम को देखते हुए नुब्रा, पैंगोंग और ऊंचाई वाले अन्य इलाकों की यात्रा से बचने की अपील की थी।'

## कोरोना- दुनिया में ओमिक्रॉन के 300 वैरिएंटों की दस्तक से खौफ



नई दिल्ली, एजेंसी। महामारी कोरोना के दंश को झेल चुकी दुनिया के लिए नई मुसीबत आ गई है। दिसंबर 2019 में दुनिया में दस्तक दी थी। करीब 3 साल पूरे होने आए हैं, लेकिन समय समय पर आईं संक्रमण की लहरों से लोगों के मन में अभी कोरोना का खौफ बना हुआ है। इन सबके बीच कोरोना वायरस की दस्तक ने एक बार फिर सबकी चिंता बढ़ा दी है। कहा जा रहा है कि अगले कुछ हफ्तों में ही कोरोना की नई लहर देखने को मिल सकती है। बताया जा रहा है कि ओमिक्रॉन के सबवैरिएंट नई लहर की वजह बन सकते हैं। मौजूदा समय में दुनियाभर में ओमिक्रॉन के 300 सबवैरिएंट मौजूद हैं। इनमें से ज्यादातर बीए.5 वैरिएंट के सबवैरिएंट हैं।

ओमिक्रॉन के नए सब वैरिएंट का पता लगाने के लिए ट्रेकिंग, टेस्टिंग और सिक्वेसिंग बहुत जरूरी है। डब्ल्यूएचओ और उसके साथ मिलकर कई साइंटिस्ट इनके नए मॉड्यूलेशन का पता लगाने की कोशिश में जुटे हुए हैं। कोरोना वायरस के ओमिक्रॉन वैरिएंट के 300 से ज्यादा सब वैरिएंट कई देशों में बड़ी तेजी से फैल रहे हैं। इनमें भी सबसे ज्यादा यानी करीब 76 फीसदी बीए.5 के सब वैरिएंट हैं।

डब्ल्यूएचओ की एक कमेटी द्वारा डॉ. टेड्रोस अधनोम घेब्रेयसस को सौंपी गई रिपोर्ट में यह बात कही गई है। इतना ही नहीं कमेटी ने कहा है कि नए वैरिएंट को पता लगाने के लिए सर्वेलांस, ट्रैकिंग और टेस्टिंग की रणनीति ही अहम है। कमेटी ने सिफारिश की है कि कोरोना को अभी भी पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी ऑफ इंटरनेशनल कंसर्न बनाए रखने की जरूरत है।

इतना ही नहीं कमेटी ने कोरोना के चलते होने वाली दिक्कतों और संक्रमण के बाद होने वाली परेशानियों से स्वास्थ्य सेवाओं पर बढ़ने वाले बोझ को लेकर भी चिंता जताई है। उधर, डब्ल्यूएचओ चीफ टेड्रोस अधनोम ने बताया कि वीकली रिपोर्ट के मुताबिक, कोरोना से मौतें महामारी की शुरूआत के बराबर स्तर तक पहुंच गई हैं। उन्होंने बताया कि दुनिया में करीब दो तिहाई लोग कोरोना की वैक्सीन ले चुके हैं। कोरोना के ओमिक्रॉन वैरिएंट के नए सब-वैरिएंट की भारत में भी पहचान हो चुकी है। ओमिक्रॉन के नए सब-वैरिएंट का नाम बीए.5.1.7 है। एक्सपर्ट ने चेतावनी दी है कि यह नया वैरिएंट अन्य वैरिएंट की तुलना में तेजी से फैल रहा है और अगर लापरवाही बरती गई तो कोविड संक्रमण के मामले बढ़ने की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा भारत में बीएफ.7 सब-वैरिएंट के पहले मामले के बारे में गुजरात बायोटेक्नोलॉजी रिसर्च सेंटर ने पता लगाया। चीन में कोरोना के मामले बढ़ने का कारण यही वैरिएंट है। चीन में कोविड -19 मामलों में आई तेजी का कारण बीएफ.7 और बीएफ.5.5.1.7 वैरिएंट ही बताया गया था। अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और बेल्जियम में भी इस नए वैरिएंट के मामले सामने आ चुके हैं।

## दिवाली से पहले फिर बदलेगा मौसम, 7 राज्यों में येलो अलर्ट जारी

नई दिल्ली, एजेंसी। दिवाली से पहले मौसम में बदलाव होने की संभावना जताई जा रही है। उत्तर भारत में जहां एक ओर मौसम शुष्क बना हुआ है तो वहीं दूसरी ओर दक्षिण और बंगाल की खाड़ी के आसपास के इलाकों में बारिश का अलर्ट है। मौसम विभाग के मुताबिक बंगाल की खाड़ी में 20 अक्टूबर को कम दवाब का क्षेत्र विकसित हो रहा है, जो 21 अक्टूबर से आगे बढ़ेगा। यदि यह उत्तर की ओर बढ़ता है तो मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है, कहीं कहीं बारिश भी हो सकती है। आईएमडी ने गुरुवार को केरल तमिलनाडु सहित कई राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। 7 राज्यों में आज येलो अलर्ट जारी किया गया है। दिल्ली में 20 अक्टूबर को आसमान साफ रहेगा। न्यूनतम तापमान 18 डिग्री और अधिकतम तापमान 34 डिग्री दर्ज किया जा सकता है। मौसम विभाग ने 7 राज्यों में येलो अलर्ट जारी किया है। आईएमडी के मुताबिक तमिलनाडु और केरल में तीन दिनों तक भारी बारिश के आसार है। स्काईमेट वेदर के मुताबिक आज लक्षद्वीप, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और आंतरिक कर्नाटक में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। विदर्भ, मध्य महाराष्ट्र, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में हल्की से मध्यम बारिश संभव है। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के मुताबिक मध्य महाराष्ट्र में जहां बारिश और पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में अगले दो-तीन दिनों में बरसात के साथ बर्फबारी होने वाली है। इसका असर पश्चिमोत्तर क्षेत्रों पर पड़ सकता है। स्काईमेट वेदर के मुताबिक लद्दाख, जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड में हल्की बर्फबारी के साथ हल्की से मध्यम बारिश संभव है। मौसम विभाग के मुताबिक 23 या 24 अक्टूबर के आसपास पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक उष्णकटिबंधीय चक्रवात बनने की संभावना है।

# मेले में स्वदेशी वस्तुओं का अवलोकन करने पहुंचे सांसद डॉ. हर्ष वर्धन एवं दक्षिण दिल्ली सांसद रमेश बिधूड़ी





नई दिल्ली। स्वदेशी जागरण मंच व सांस्कृतिक स्रोत एवम प्रशिक्षण केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित स्वदेशी मेला का सफल समापन समारोह आयोजित प्रतियोगिताओ मे भाग लेने वाले (बच्चों) प्रतियोगियों को पुरूस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सभी आयोजित प्रतियोगितयो मे 350से अधिक बच्चों ने भाग लिया जिसमें से 112बच्चों को बिभिन्न प्रतियोगिताएं मु, कबड्डी, रंगभरो, चित्रकला, नींबू दौड़, खो खो, साज सज्जा, साफा, मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई थी, मेले के संयोजक रविंद्र सोलंकी व मीडिया प्रभारी नीलेंद्र पाठक ने बताया कि मेले के मंच से आठों दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम लोगों को आनंदित करते रहे, मेले की स्टॉल यो पर स्वदेशी वस्तुएं, हस्तनिर्मित खादी, जुट, बांस का सामान, परंपरागत भारतीय परिधानों के साथ खाना, कुम्हार के मिटटी बर्तन, बच्चों के झूले लोगों के आकर्षक का केन्द्र बना हुआ था। मेले के समापन समारोह के अवसर पर सांसद व पूर्व स्वायथ्य मंत्री डाक्टर हर्ष वर्धन, सांसद दक्षिण दिल्ली रमेश बिदुड़ी, कमलजीत सेहरावत, डाक्टर भूपेंद्र गुप्ता निगम पार्षद तथा भाजपा नेता जगमोहन सिंह, महरौली, विजय सिंह नजफगढ़ जिलों के अध्यक्ष तथा स्कूली बच्चे, अपने टीचर के साथ मेले का आनंद ले रहे थे, आखिर दिन मेले कमेटी के लगनशील कर्मठ कार्यकतायों को भी सम्मानित किया गया। दवा के साथ विभिन्न हेल्थ टिप्स फिटनेस फामूर्ला के साथ लोगों का फ्री चेकअप कैंप महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल द्वारका के चेयरमैन वीरेंद्र कुमार गर्ग के नेतत्व में डॉक्टरों की टीम जांच करती रही।

सी सी आर टी निदेशक ऋषि वशिष्ठ ने मेले में आने वाले सभी कलाकारों को उनके हुनर के लिए बधाई दी।

# नई दिल्ली नगरपालिका परिषद का सुविधा कैंप शनिवार 22 अक्टूबर, 2022 को होगा आयोजित

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद अपने क्षेत्र के निवासियों और सेवा उपयोगकताओं के हित में सूचना, सुविधा और शिकायत निवारण प्रदान करने के लिए अपना अगला सुविधा शिविर शनिवार, 22 अक्टूबर, 2022 को सुबह 10.30 बजे से 12.30 बजे तक किदवई नगर, बारात घर, नई दिल्ली में आयोजित करेगी।

इसमे विभिन्न विभागों के हेल्पडेस्क होंगे जो निकट की आवासीय कॉलोनियों के निवासियों और सेवा उपयोगकताओं की शिकायतों का निवारण करेंगे।

इस सुविधा कैंप में पालिका परिषद नए बिजली कनेक्शन/डिस्कनेक्शन, लोड वृद्धि/कमी, नाम परिवर्तन/स्थानांतरण, संपत्ति कर, जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र, एनडीएमसी के सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सेवा मामलों, जल भराव, स्वच्छता, कूड़ा झ्र कचरा निपटान से संबंधित शिकायतों का समाधान, सड़क मरम्मत, विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, विकलांग पेंशन, बरात घर और पार्कों की बुकिंग और एनडीएमसी अन्य सेवाओं से संबंधित शिकायतों का समाधान किया जाएगा।

इन सुविधा शिविरों के आयोजन के अलावा पालिका परिषद क्षेत्र के निवासियों और सेवा उपयोगकताओं के लिए संपर्क रहित शिकायत निवारण तंत्र के रूप में एक ह्लजन सुविधा पोर्टलह्व भी लॉन्च किया हुआ है। इस जन सुविधा पोर्टल का लिंक एनडीएमसी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। जन सुविधा पोर्टल का उपयोग शिकायत दर्ज करने, उनकी शिकायत की स्थिति पर नजर रखने और शिकायत निवारण तंत्र पर प्रतिक्रिया देने के लिए किया जा सकता है।

पालिका प्रवक्ता ने विजय गौड़ ब्यूरो चीफ को बताया कि नई दिल्ली नगरपालिका परिषद सोशल मीडिया प्लैटफार्म जैसे टवीटर , फेसबूक और इंस्टाग्राम के माध्यम से जनता से शिकायतें प्राप्त कर रही है। इन शिकायतों की निगरानी पालिका परिषद के विभिन्न विभागाध्यक्षों द्वारा निगरानी की जा रही है और इनका यथासंभव जल्द से जल्द समाधान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक सुविधा शिविर एक दूसरे की निकटता और दूरी को ध्यान में रखते हुए कुछ आरडब्ल्यूए को कवर करेगा। इस तरह, कुछ महीनों के भीतर परिषद क्षेत्र के सभी आरडब्ल्यूए को कवर किया जा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### आज केदारनाथ दौरे पर जाएंगे पीएम मोदी , करेंगे पूजा-अर्चना , स्वागत की व्यापक तैयारियां

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तराखंड के दौरे पर जाएंगे और केदारनाथ में पूजा-अर्चना करने के साथ सूबे की विभिन्न विकास परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे। केदारनाथ में शुक्रवार को कुछ सड़कों और हेमकुंड साहिब रोपवे का शिलान्यास करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की केदारनाथ और बद्रीनाथ यात्रा से पहले तैयारियां जोरों पर हैं। बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के प्रधान पुजारी गंगा धर लिंग ने कहा, ह्यप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे से पहले यहां केदारनाथ में तैयारी जोरों पर है। पीएम मोदी कल सुबह केदारनाथ में पूजा-अर्चना करने के साथ ही यहां विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि 2013 के भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ आपदा के बाद पर्यटन में वृद्धि हुई है। आपदा के बाद, तीर्थयात्रियों में काफी वृद्धि हुई है। हाल ही में, लगभग 15 लाख लोगों ने केदारनाथ धाम का दौरा किया। सड़कों के निर्माण के कारण, भक्तों के लिए तीर्थ की ओर चढ़ाई करना और आसानी से वापस उतरना बहुत आसान होगा। प्रधान पुजारी ने कहा कि सड़कों के विकास और चौड़ीकरण के बाद अधिक लोग मंदिर के दर्शन करेंगे। ह्यलगभग दो वर्षों तक मंदिर कोविड-19 महामारी के कारण बंद रहा लेकिन मंदिर के खुलने के बाद, भक्तों की संख्या में वृद्धि हुई। ऐसा लगता है कि अगले 20 वर्षों में केदारनाथ के दर्शन करने वाले तीर्थयात्री इस वर्ष 2022 में आए हैं।

### रामनगरी अयोध्या में भव्य दीपोत्सव की तैयारी , राम की पैड़ी से रामलला के दरबार तक होगी दीपों की जगमग

अयोध्या, एजेंसी। दीपोत्सव को लेकर रामनगरी अयोध्या में भारी उत्साह हैं। अयोध्या में इन दिनों दीपोत्सव की धूम मची है। इस बार का दीपोत्सव बेहद भव्य होगा जिसको दिव्यता और भव्यता प्रदान करने के लिए खुद प्रधानमंत्री मौजूद रहेंगे। ऐसे में दीपोत्सव की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद अयोध्या पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने जिले के अधिकारियों को बैठक में कई अहम सुझाव दिए। वहीं अयोध्या के जिलाधिकारी ने बताया कि इस बार का दीपोत्सव बेहद खास होगा पिछले वर्षो की अपेक्षा हर कार्यक्रम को और बेहतर किया जाएगा। राम नगरी के चौराहों चौक और गलियों में भी दीपोत्सव मनाया जाएगा लगभग चार लाख से ज्यादा दीपक अयोध्या के मंदिरों में जलाए जाएंगे। डीएम ने बताया कि 22, 23 और 24 को अयोध्या में कई देश की रामलीला का मंचन होगा जिसमें 7 विदेशी रामलीला के अलावा 9 प्रदेश की रामलीला के कलाकार मंचन करेंगे इसके अलावा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम होंगे। दीपोत्सव में अंतरराष्ट्रीय स्तर का लेजर शो किया जाएगा। 12 लेजर शो किए जाएंगे और दीपोत्सव के दिन मुख्य कार्यक्रम के बाद श्रद्धालुओं के लिए भव्य लेजर शो का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने न्यूज 18 से बातचीत में बताया कि राम नगरी में दीपोत्सव को लेकर भव्य आयोजन किए जाएंगे।

# मालिक के 20 लाख रुपए लेकर भागने वाला आरोपी गिरफ्तार: सागर सिंह कलसी उपायुक्त

» विजय गौड़ ब्यूरो चीफ



दिनांक 01.09.2022 को डीडी नंबर 66-ए के माध्यम से पुलिस स्टेशन लाहौरी गेट, दिल्ली में एक शिकायत प्राप्त हुई, जिसमें 48 वर्षीय शिकायतकर्ता, ने अपनी शिकायत में बताया कि उसका स्टील का व्यवसाय है और उसने अपने दो कर्मचारी शिव कुमार और राम चंदर को उनके द्वारा बेचे गए माल का भुगतान कूचा घासी राम चांदनी चौक, दिल्ली से करने के लिए भेजा। उनके नौकरों ने 20,00,000/- (बीस लाख) रुपये की नकदी एकत्र की। 20,00,000/- (बीस लाख) और एक कर्मचारी शिव कुमार एमसीडी पार्किंग, चर्च मिशन रोड, दिल्ली से पूरे भुगतान के साथ भागने में सफल रहा। तदनुसार, थाना लाहौरी गेट पर मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई।

अपराध की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए, विजय सिंह, एसीपी / कोतवाली के मार्गदर्शन और इंस्पेक्टर रॉबिन सिंह (इंस्पेक्टर लॉ एंड ऑर्डर) की कड़ी निगरानी में अपराध की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए एक टीम का गठन किया गया था। टीम में एसआई परवीन कुमार, (प्रभारी पीपी चर्च मिशन रोड), एएसआई ईश्वर दास, एचसी धर्मेंद्र और एचसी अजय पंवार के साथ-साथ स्पेशल स्टाफ नॉर्थ के एएसआई हरफूल को टीम में शामिल किया गया।

मामले की जांच के दौरान टीम ने शिकायतकर्ता के सभी कर्मचारियों और कर्मचारियों से पूछताछ की और तकनीकी विश्लेषण किया गया लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका इसके बाद टीम ने आरोपी के रास्ते में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। इस अभ्यास में टीम ने कई सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का विश्लेषण किया है और स्थानीय मुखबिरों को तैनात किया गया है। लगातार कड़ी मेहनत के कारण टीम उत्तर प्रदेश के बहराइच में मिले आरोपी की लोकेशन तक पहुंचने में सफल रही।

तुरंत, टीम हरकत में आई और उत्तरी जिले के विशेष स्टाफ के एएसआई हरफूल की मदद से किए जा रहे तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपी के स्थान का पता लगाने के लिए रवाना हुई, जिन्होंने सीडीआर विश्लेषण और आरोपी के स्थान को ट्रैक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। . लेकिन आरोपी बार-बार अपना ठिकाना बदल रहा था। टीम ने लखनऊ, उत्तर प्रदेश तक उसका पीछा किया है और आरोपियों की तलाश में दिल्ली के बुराड़ी, जहांगीरपुरी, हौज काजी, आदर्श नगर आदि जगहों पर भी छापेमारी की है. अंत में, एक लंबे पीछा, तकनीकी विश्लेषण और सीसीटीवी कैमरों के फुटेज और जांच के दौरान एकत्र की गई जानकारी के बाद, टीम को सफलता मिली और आरोपी को 17.10.2022 को बुराड़ी, दिल्ली के क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। जांच के दौरान, आरोपी शिव कुमार ने वर्तमान आपराधिक मामले में अपनी संलिप्तता और बाद में रुपये की राशि का खुलासा किया। पूछताछ के दौरान आरोपी शिव कुमार ने वर्तमान आपराधिक मामले में अपनी संलिप्तता का खुलासा किया। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि उसे असाधारण जीवन शैली और व्यायामशाला में शरीर को सुदृढ़ बनाने शौक के साथ-साथ पारिवारिक खर्च के कारण उन्हें बड़ी राशि की आवश्यकता थी। तदनुसार, वह अपने मालिक से भारी मात्रा में पैसे की चोरी होने की प्रतीक्षा कर रहा था। भुगतान की वसूली के दौरान आखिरकार वह नकदी लेकर भाग गया। उसने विभिन्न स्थानों में विभिन्न आलीशान होटलों और गेस्ट हाउसों में रहकर और मनाली, हिमाचल प्रदेश, लखनऊ, हरिद्वार आदि विभिन्न स्थानों की यात्रा के लिए और अपनी मौज-मस्ती के लिए चोरी की रकम खर्च की।

सागर सिंह कलसी आईपीएस उपायुक्त पुलिस उत्तर जिला, दिल्ली ने विजय गौड़ ब्यूरो चीफ को बताया कि आरोपी शिव कुमार निवासी गली माता वाली टाकिया चौक, बुराड़ी के घर से 13.69 लाख रुपए पुलिस ने बरामद किये है।

# उद्भव जैसे फेस्ट निखारते हैं युवाओं की प्रतिभा: नवीन गोयल

» मदरलैंड संवाददाता




गुरुग्राम। स्थानीय द्रोणाचार्य कालेज में बुधवार को उद्भव फेस्ट का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने किया। उन्होंने कालेज प्रांगण में विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई स्टॉल्स का निरीक्षण किया। एक स्टॉल पर उन्होंने कुल्हड़ की चाय पीते हुए विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई सामग्री की सराहना की। इस दौरान प्राचार्य विरेंद्र अंतिल, उप-प्राचार्य आरके शर्मा समेत सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

अपने संबोधन में नवीन गोयल ने युवाओं के नवोचार की सराहना करते हुए कहा कि उदभव जैसे फेस्ट युवाओं में नए प्रयोग करने की प्रेरणा देते हैं। ऐसे इनोवेशन से लॉकल फॉर वोकल को बढ़ावा मिलेगा। युवा ऐसे प्रयोग करें, जो कि समाज के लाभकारी हो। उनका पेटेंट भी कराया जा सके। कॉमर्स विभाग के विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई स्टॉल्स पर प्रोडक्ट को उन्होंने सराहा। उन्होंने कहा कि खाने-पीने के साथ खेलों का सामान भी यहां आकर्षण रहा।

नवीन गोयल ने कहा कि इनवेंशन से लेकर एजुकेशन तक हर क्षेत्र में हमारे युवाओं ने पहचम लहराया है। युवाओं की बदौलत देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। चिकित्सा, साइंस और शिक्षा समेत हर जगह युवा अपनी प्रतिभा शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें स्कूल, कालेजों में विद्यार्थियों को तकनीकी रूप से मजबूत करने पर भी जोर देना है, ताकि वे अपनी पढ़ाई पूरी करने तक देश, समाज को लाभ दे सकें।

# राजधानी दिल्ली मे अम्मा जी का उन्नतारवा जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास मनाया गया

» स्वतंत्र सिंह भुल्लर मदरलैंड संवाददाता





प्रेम, करुणा व सेवा की प्रतिमूर्ति माता अमृतआनंदमयी देवी का उनन्तवार्हा जन्मदिन उत्साह, सेवा व श्रद्धा से मनाया गया! दिल्ली के वसंत कुंज स्थित आश्रम मे आयोजित कार्यक्रम मे पूज्या अम्मा जी की पढ़ूंका का पूजन श्रद्धा से किया गया ओर साथ ही साथ विविध क्रिया कालापो का स्वामी अमृत स्वरुपनन्द गिरी जी ने समापन किया! इस अवसर पर स्वामी निजमृततानंद पूरी जी ने अम्मा से जुड़े संस्मरण बताते हुवे कहा कि अम्मा जी अपने सभी बच्चों का पूरा पूरा ध्यान रखती है व हर स्थिति मे उन्हें सहारा देती है! देश की प्रखयात सुश्री सौम्या लक्ष्मी ने भरतनाटयंम की सुन्दर प्रस्तुतिया दी व साथ ही साथ भक्ति, कला, श्रद्धा, व समर्परण से भरी उनकी प्रस्तुतियों ने सभी को प्रभावित किया! कार्यक्रम मे श्री सत्यनंद जी मिश्रा जी व ई. डी स्वामिनी करुणामृत जी अमृता हॉस्पिटल, स्वामी विजयामृता नंद पूरी व हर्षता जी चेतन्य, आदि आदि ने प्रसन्ता पूर्वक समपित उपस्थिती दी! कार्यक्रम मे आश्रम के बच्चों ने मोहक डांडिया निट्या प्रस्तुत किया ओर साथ ही साथ कार्यक्रम के अंत मे सबको प्रसाद दिया गया! सभी से अम्मा जी के दिर्ध आयु होने व उनकी अनुकम्पा से विश्व मे शांति रहे ऐसी कामना सभी ने की! अमृता हॉस्पिटल के राष्ट्रीय निर्देशक डॉ प्रेम नायर अमृता हॉस्पिटल फरीदाबाद इकाई के निर्देशक डॉ संजीव सिंह, व उनकी टीम भी उपस्थित रही!

# सबका साथ सबका विकास के नारे के साथ करेंगे क्षेत्र का विकास: बिल्लू सरपंच साढराणा

» सतबीर शर्मा, मदरलैंड संवाददाता



गुरुग्राम। साढराणा गांव के पूर्व सरपंच बिल्लू ने कहा कि अगर जनता ने उन्हें मौका दिया तो जिला की सबसे बड़ी पंचायत का हिस्सा बनकर क्षेत्र का विकास कराया जाएगा। भाजपा के सबका साथ सबका विकास के नारे को लेकर वे विकास कार्यों के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित है। पिछले 5 साल के दौरान गांव का सरपंच बनाने का ग्रामीणों ने मौका दिया। उस दौरान गांव में अनेक विकास कार्य कराए गए।

बिल्लू सरपंच का कहना है कि उनका भतीजा मनोज यादव जिला पार्षद वार्ड नंबर से तैयारी कर रहा है। वार्ड नंबर 4 में 16 पंचायतें शामिल है। सभी ग्रामीणों से सलाह मशवरा किया जा रहा है। सभी ग्रामीणों की तरफ से जब उन्हें जिला पार्षद का चुनाव लड़ने की हरी झंडी मिल जाएगी। तभी वे चुनाव मैदान में उतरेंगे। उन्होंने भतीजे मनोज यादव के साथ सभी गांव का दौरा किया है। सभी गांव के अधिकतर लोगों की इच्छा है कि मनोज यादव जिला पार्षद के उम्मीदवार बने। मनोज यादव की समाज में एक अच्छे समाज सेवी की छवि है। लोगों का यह भी कहना है कि मनोज यादव जैसे समाजसेवी राजनीति में आएंगे तो क्षेत्र का विकास और भी बेहतर होगा।

मनोज यादव और बिल्लू सरपंच का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरूआत हरियाणा के पानीपत से ही की थी। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के हरियाणा प्रदेश में सबसे बेहतर परिणाम भी रहे। इस अभियान के बाद बेटियों का समाज में मान सम्मान बढ़ा है। बिल्लू सरपंच ने बताया कि उन्होंने 5 साल सरपंच रहने के दौरान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान पर कई कार्यक्रम किए। समाज में बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

मनोज यादव का कहना है की मेरा मकसद राष्ट्र को मजबूत करना। राष्ट्र मजबूत तब होगा जब जन जन मजबूत होगा। किसी राष्ट्र के विकास में शिक्षा ,स्वास्थ्य, रोजगार जरूरी है। मै इसी को लेकर जनता के सामने आऊंगा। मेरे हल्के की हर बेटी शिक्षित हो। महिला सशक्तिकरण भी आज के युग में जरूरी है। जनता मेरे साथ है रहेगी। मेरे हल्के में कोई भी रोड,पानी सिविर की हर समस्या का समाधान मौके पर पहले भी निकाला है आगे भी जनता की कोई भी समस्या मेरी प्रार्थमिकता होगी। जनता मेरे लिए सर्वप्रिय है।

मनोज यादव का कहना है की मेरा मकसद राष्ट्र को मजबूत करना। राष्ट्र मजबूत तब होगा जब जन जन मजबूत होगा। किसी राष्ट्र के विकास में शिक्षा ,स्वास्थ्य, रोजगार जरूरी है। मै इसी को लेकर जनता के सामने आऊंगा। मेरे हल्के की हर बेटी शिक्षित हो। महिला सशक्तिकरण भी आज के युग में जरूरी है। जनता मेरे साथ है रहेगी। मेरे हल्के में कोई भी रोड,पानी सिविर की हर समस्या का समाधान मौके पर पहले भी निकाला है आगे भी जनता की कोई भी समस्या मेरी प्रार्थमिकता होगी। जनता मेरे लिए सर्वप्रिय है।

# ब्राइडल कॉम्पीशन शो मे महिलाओ ने दिखाए अपने जलवे

» मदरलैंड संवाददाता





नई दिल्ली। शाहदरा के झिलमिल स्थित मानसरोवर मेट्रो स्टेशन के निकट मोहित निगम व सचिन सिंह राजपूत द्वारा लेकमे प्रेजेंट थें ब्यूटी क्वीन एंड ब्राइडल कम्पटीशन शो का आगाज बहुत ही बढ़िया से आयोजित हुआ!

शो के मेकअप आर्टिशस्ट, ब्राइडल, जूरी मेंबर, मॉडलस, गेस्ट ऑफ ऑनर ने व अन्य आये हुवे अथित्यो ने भाग लिया!

श्री मोहित निगम इवेंट आगेर्नाईजेर ने अपनी पूरी टीम, व रश्मि जी, मिडिया कर्मियों आदि का सबका आभार व्यक्त किया ओर रश्मि जी, व अनुपमा मैडम, सचिन जी का भी आभार व्यक्त किया ओर आगे भी मॉडल्स व मेकअप आर्टिस्ट को, व अन्य कलाकारों को कार्य भी देते रहेंगे आगे उन्होंने कहा!

मेकअप अनुपमा जी भी सबका धन्यवाद किया ओर मॉडल व आर्टिस्ट रश्मि जी ने बताया की उन्होंने अभी हाल ही मे रामलीला मे केकई की भी भूमिका निभाई थी व साथ ही साथ उन्होंने शॉर्ट मूवी व टी. वी शो मे भी अपनी भूमिका निभाती रहती है, उन्होंने तहह दिल से मोहित ही का धन्यवाद जताया!

सह आगेर्नाइजेजीर सचिन सिंह राजपूत ने बताया मै भी एक फैशन फिगर व मेकअप आर्टिस्ट हूँ व उन्होंने मोहित निगम जी का आभार जताया सबको मौका देने के लिए, साथ ही साथ बताया की हम आगे भीइसी तरह के शो ऑर्गनिजड करते रहेंगे ओर उन्होंने बेल्ली डांसर कलरर टी. वी फेम अलेक्स मैडम जो शो मे उपस्तिथित थी उनका भी आभार व्यक्त किया ओर स्पोर्ट देने के लिए भी आभार जताया वह हमाररे शो की बेक बोन है!

इवेंट ऑर्गनिजर मीनाक्षी अहलावत ने भी मोहित निगम का आभार व्यक्त किया क्योंकि उन्होंने बताया कि यहाँ का शो आज बहुत वेल सेटलड शो है जो बहुत ही सुन्दर है यहाँ उन्होंने बताया कि मेकअप आर्टिस ने भी बहुत मेहनत की है व आये हुऐ सब अथितियों का आभार व्यक्त किया! शो मे आये हुवे सब कलाकारों को मोमेंटुम व ट्रॉफी व अन्य गिफ्ट आइटम भी वितरित किए गए!

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

मदरलैण्ड वॉइस 03
नई दिल्ली, शुक्रवार, 21 अक्टूबर 2022

## संक्षिप्त समाचार

### नगर परिषद व व्यापारियों के बीच मिटिंग आयोजित हुई



सुनील कुमार शर्मा, मदरलैंड संवाददाता, झुंझुनूं। दीपावली के अवसर पर साज सज्जा को लेकर गुरुवार को शहर के प्रमुख व्यापारियों की नगर परिषद में मीटिंग आयोजित की गई। मीटिंग के दौरान व्यापारियों की ओर से नगर परिषद आयुक्त दलीप पुनिया का दुपट्टा ओढाकर व श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था की ओर से राधा कृष्ण का प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्री गल्लां व्यापार संघ झुंझुनू के अध्यक्ष आनंद टीबड़ा, सचिव विपिन राणासरिया, डॉक्टर डीएन तुलस्यान, नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन तैयब अली, पार्षद प्रदीप सैनी, अजमत अली एवं नवीन कुमार सहित अन्य जन उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री करेंगे कोविड प्रभावित अनाथ बच्चों के साथ लंच

मदरलैंड संवाददाता, झुंझुनू। कोविड महामारी के दौरान अनाथ हुए बच्चों के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अपने जयपुर निवास पर लंच करेंगे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक मो.अशफाक ने बताया कि दीपावली पर्व समारोह के तहत मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित होने वाले लंच कार्यक्रम में जिले के 9 बच्चे अपने अभिभावकों के साथ शुक्रवार को प्रातः 8 बजे झुंझुनू से रवाना होंगे। उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर लक्ष्मण सिंह कुड़ी इन्हें कलेक्ट्रेट परिसर से जयपुर के लिए रवाना करेंगे।

### 6 माह से फरार चल रहे अपहरण के मामले में दो अभियुक्त गिरफ्तार



मदरलैंड संवाददाता, झुंझुनू। पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के निदेर्शानुसार तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर तेजपाल सिंह व झुंझुनू शहर डीएसपी शंकरलाल छाबा के निकटतम सुपर विजन में कोतवाली थाना अधिकारी सुरेन्द्र सिंह देगड़ा के द्वारा मुकदमा नंबर 197/ 22 के तहत धारा 143, 341, 323, 365 व 382 भादंसं के अंतर्गत मुल्जिमों की धरपकड़ के लिए टीमों का गठन किया गया जिसके क्रम में आरोपी शकील पुत्र गुलाब रब्बानी उम्र 31 साल जाति काजी निवासी वार्ड नंबर 31 मोहल्ला बटवालान झुंझुनू व जावेद पुत्र खादिम उम्र 21 साल जाति कायमखानी निवासी वार्ड नंबर 35 मोहल्ला बटवालान झुंझुनू को गुरुवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। विदित है कि दोनों आरोपियों ने शहर के लजीज होटल के पास से समीर नामक व्यक्ति का अपहरण किया था आरोपियों ने अपना गुनाह स्वीकार कर लिया।

### न्याय पंचायत स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का उपजिलाधिकारी अंजलि सिंह ने फीता काटकर किया शुभारंभ



मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी/भोगांव। न्याय पंचायत स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ उपजिलाधिकारी भोगांव अंजलि सिंह ने फीता काटकर किया और 200 मीटर की दौड़ के प्रतिभागियों को झंडी दिखा किया उद्धघाटन सर्वप्रथम उपजिलाधिकारी अंजलि सिंह ने सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अंजलि सिंह ने कहा की खेलकूद के द्वारा छात्रों का शारीरिक और मानसिक विकास होता है इन प्रतियोगिताओं के द्वारा ग्रामीण परिवेश के बच्चों को आगे बढ़ने में मदद मिलती है। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष डॉ आलोक सिंह शाक्य ने कहा कि खेल में सिर्फ हार जीत ही मायने नहीं रखती बल्कि बच्चों का आत्मविश्वास भी बढ़ता है जिससे बच्चे अपने जीवन आने बाली परेशानियों से लड़ कर आगे बढ़ सकते हैं। दिनेश यादव ब्लॉक अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ बेवर ने आए हुए सभी अगूंतकों का आभार व्यक्त किया और कहा की स्वस्थ रहने के लिए खेल कूद का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान है खेलकूद से बच्चो के शरीर में फुर्ती आती है। इस अवसर पर संकुल शिक्षक दीपेंद्र साहू, धर्मेंद्र कुमार, अजय सिंह शाक्य, योगेश राठौर, शिक्षक संजय राणा, संत कुमार, आमोद कुमार, अवनी, संध्या चौहान, रजनीश मिश्रा, भूपेंद्र चौहान, अनिरुद्ध कुमार, मनोज कुमार, दीपेंद्र वैश, गगन राजपूत, पवन राजपूत, रीता, फूलनश्री, ताहिरा खानम, विनीता राजपूत, जितेंद्र कुमार, ब्रह्मानंद, अभय नंदन, गौरव पांडे, वरिष्ठ प्रधानाध्यापक मुमताज अली, पेशकार सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ बेवर इमरान जावेद खान ने किया।

#### जिला स्तरीय टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक का आयोजन

# जनपद में संचालित कस्तूरबा गांधी विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रही छात्राओं की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए- जिलाधिकारी

» अजय सक्सेना, मदरलैंड संवाददाता



मैनपुरी। जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति, निपुण भारत, जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक की समीक्षा के दौरान कहा कि सभी अध्यापकों के मोबाइल पर निपुण ऐप डाउनलोड हो, सभी शिक्षक निपुण ऐप का प्रयोग करें। इसका प्रयोग करने से पढ़ाने की तकनीक में बदलाव होगा। प्रथम चरण में प्रत्येक ग्राम पंचायत में जिन 02-02 विद्यालयों का चयन किया गया है। वह सभी विद्यालय 31 दिसंबर तक निपुण विद्यालय घोषित हो। उन विद्यालयों में प्रत्येक पंजीकृत बच्चे को गणित, हिंदी की जानकारी हो। उन्होने समीक्षा के दौरान पाया कि निपुण भारत योजना के तहत आंगनवाड़ी केंद्रों में पंजीकृत 03 से 06 आयु वर्ग के बच्चों को अक्षर ज्ञान हेतु 31 अगस्त से बाल वाटिका संचालित होने थी, लेकिन अभी तक अधिकांश आंगनवाड़ी केंद्रों में बाल वाटिका संचालित नहीं है। इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कायर्क्रम अधिकारी द्वारा न तो कोई कार्य किया गया है और नाहीं दोनों विभागों के अधिकारियों में योजना के क्रियान्वयन को लेकर सामजंस्य नहीं है, जो खेदजनक है। उन्होंने योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कायर्क्रम अधिकारी को चेतावनी जारी करते हुए आगामी 01 सप्ताह में सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में बाल वाटिका संचालित कराए जाने के निर्देश दिए साथ ही उन्होंने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को निदेर्शित करते हुए कहा कि खंड शिक्षा अधिकारियों, जिला समन्वयक आदि के साथ विभागीय कार्यो के साथ-साथ शैक्षिक कार्यो की नियमित समीक्षा करें। प्राथमिक विद्यालय में शैक्षिक वातावरण सुधरे, विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहें। शिक्षक समय से उपस्थित हों ताकि आमजन के बीच बेसिक शिक्षा के विद्यालयों की धारणा बदल सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में संचालित कस्तूरबा गांधी विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रही छात्राओं की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। उनके स्वास्थ्य की नियमित जांच हो, छात्रावास परिसर में कोई भी पुरुष-बालक प्रवेश न करें। नामित नोडल अधिकारी प्रतिमाह कस्तूरबा गांधी विद्यालय का स्थलीय निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। उन्होंने प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों को संचालित योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य आधार सीडिंग, आधार बनने की खराब प्रगति पर खंड शिक्षा अधिकारी सुल्तानगंज, किशनी, घिरोर, मैनपुरी देहात को चेतावनी जारी करने के निर्देश देते हुये कहा कि तत्काल पंजीकृत शत- प्रतिशत बच्चों का आधार सीडिंग का कार्य पूर्ण करायें ताकि उन्हें योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक मध्यान्ह भोजन को आदेशित करते हुए कहा कि बच्चों को निधार्रित दिवस पर निधार्रित मात्रा में दूध मुहैया कराया जाए। किसी भी विद्यालय में निधार्रित मात्रा से कम दूध दिया जाए तो जिम्मेदार के विरुद्ध प्रभावी कायवार्ही की जाए। मध्यान्ह भोजन में प्रयोग होने वाले मसाले संचालित स्वयं सहायता समूह से ही क्रय किए जाएं।

मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार ने जनपद के संचालित बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालय में शासन के निदेर्शानुसार आपरेशन कायाकल्प के अन्तगर्त 06 बिन्दुओं पर सन्तृप्त न होने के फलस्वरूप खंड शिक्षाधिकारियों का स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी विद्यालय ऑपरेशन कायाकल्प के तहत सभी बिंदुओं से संतृप्त किये जायें। विद्यालयों में बालक-बालिकाओं हेतु अलग-अलग शौचालय क्रियाशील रहें। दिव्यांग शौचालय, पीने हेतु स्वच्छ पानी, फनीर्चर आदि की व्यवस्था रहे। खंड शिक्षाधिकारी अपने-अपने अधीन विद्यालयों का नियमित रुप से निरीक्षण कर पठन- पाठन की स्थिति के साथ-साथ विद्यालय में पंजीकृत शत-प्रतिशत छात्रों की उपस्थिति सुनिश्चित करें। सभी शिक्षक अपने-अपने विद्यालय समय में बच्चों को बेसिक शिक्षा प्रदान करें। सभी विद्यालयों के रसोई घर साफ-सुथरे रहें, यदि कहीं भी विद्यालय परिसर, रसोई में गंदगी पायी गयी तो खंड शिक्षा अधिकारी के जिम्मेदारी तय होगी।

इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. पी.पी. सिंह, परियोजना निदेशक डी.आर.डी.ए. के.के. सिंह, डिप्टी कलेक्टर, जिला समाज कल्याण अधिकारी वीरेन्द्र कुमार मित्तल, प्राचार्य डाइट नरेन्द्र पाल सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी विजय पाल, जिला कायर्क्रम अधिकारी ज्योति शाक्य, जिला प्रोबेशन अधिकारी अजय पाल, समस्त खंड शिक्षाधिकारी आदि उपस्थित रहे, बैठक का संचालन जिला बेसिक शिक्षाधिकारी दीपिका गुप्ता ने किया।

## नवम्बर में होंगे राज्य स्तरीय 'द इंडियन रेस्पोंसिबल टूरिज्म स्टेट अवार्डस 2022'

### प्रतिभागियों को दिए जाएंगे आठ श्रेणियों में पुरस्कार

» सुनील कुमार शर्मा, मदरलैंड संवाददाता

झुंझुन। राज्य में रेस्पोंसिबल टूरिज्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पर्यटन विभाग ने आउटलुक ग्रुप के सहयोग से 'द इंडियन रेस्पोंसिबल टूरिज्म स्टेट अवार्डस -राजस्थान' ने पहल की है। नवंबर के अंतिम सप्ताह में जयपुर में आयोजित होने वाले अवार्ड समारोह में विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार दिए जाएंगे, जिनमें राज्य स्तर पर राजस्थान टूरिज्म से जुड़े पर्यटन व्यवसायिक उद्यमी, संस्थान, एवम ट्रैवल एजेंटों को उनके योगदान के लिए पुरस्कृत किया जायेगा। उल्लेखनीय है की रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म इनिशिएटिव के तहत भारत के गांव, शहर व तटीय इलाकों से से लोगों को आगे लेकर आने का प्रयास किया जाता रहा है जो प्रति और समाज के संतुलन बनाये रखने के साथ-साथ देश के पर्यटन क्षेर्त के विकास में अपना भरपूर योगदान दे रहे हैं, इसी उद्देश्य के साथ इंडियन रेस्पोंसिबल टूरिज्म अवार्ड्स की शुरूआत राजस्थान से होने जा रही है जिसमें राजस्थान पर्यटन में अपना निरंतर योगदान देने वाले और राजस्थान की परंपरा और सभ्यता को संजोकर रखने वालों को पर्यटन विभाग द्वारा सम्मानित किया जायेगा। ज्ञात हो की अब तकयह अवार्ड राष्ट्रीय स्तर पर ही मिलता आया है, पर्यटन विभाग की इस पहल से यह अवार्ड अब राजस्थान में राज्य स्तर पर भी मिलेगा, जिससे दीर्घकालीन पर्यटन के लिए काम कर रहे व्यवसाइयों, और व्यक्तिओं को प्रोत्साहन मिलेगा और उनकी पहचान होगी।

**8 श्रेणियों में दिया जायेगा पुरस्कार**

'द इंडियन रेस्पोंसिबल टूरिज्म स्टेट अवार्डस राजस्थान -2022' के लिए पर्यटन विभाग द्वारा 8 विभिन्न केटेगरीज के लिए आवेदन आमंत्रित किये गए हैं, जिनमें 26 अक्टूबर तक आवेदन किया जा सकेगा। यह अवार्डस, सस्टेनेबल लीडरशिप -होटल्स, सस्टेनेबल लीडरशिप-होमस्टे, सस्टेनेबल लीडरशिप और गेस्टहउस, सस्टेनेबल एंटरप्राइज इन को फ्रेजिल लैंडस्केप तथा सस्टेनेबिलिटी चैंपियन के तहत जमीन से जुड़े नायक, हेरिटेज क्षरंक्षण व वाइल्ड लाइफ संरक्षण कैटेगरीज में दिए जाएंगे। अवार्डस से सम्बंधित विस्तृत जानकारी पर्यटन विभाग की वेबसाइट और स्थानीय पर्यटन स्वागत केंद्र से प्राप्त की जा सकती है।

## श्री चित्रगुप्त जयंती समारोह के अवसर पर कायस्थ सभा भवन में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

» मदरलैंड संवाददाता



मैनपुरी। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा ,श्री चित्रगुप्त जयंती समारोह के अवसर पर कायस्थ सभा भवन घंटा घर मैनपुरी पर सायं 4 बजे क्विज प्रतियोगिता झ ₹स्व० श्रीमंगल स्वरूप सक्सेना की स्मृति में संयोजक ₹डॉ. नुपुर सिन्हा₹ द्वारा। द्वारा आयोजित किया गया ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉक्टर चंद्र मोहन सक्सेना ने पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का सुभारंभ किया।

नेहा हजेला ने कहा क्विज प्रतियोगिता एक प्रकार का खेल अथवा दिमागी कसरत हैं जिसमें खिलाड़ी अकेले या टीम में सवालों के सही उत्तर देते हैं। अरुणा जोहरी ने कहा कि बच्चों में सामान्य ज्ञान के बारे में जानकारी मिलती हैं।

अमित जोहरी ने कहाकि प्रश्नोत्तरी द्वारा बच्चों के मस्तिष्क की क्रियाओं में सन्तुलन स्थापित किया जाता है। उसकी स्मरण शक्ति का विकास किया जाता है।

शोभा हजेला ने कहा कि क्विज एक प्रकार के संक्षिप्त मूल्यांकन कहते हैं जिसका प्रयोग शिक्षाया अन्य क्षेत्रों में ज्ञान योग्यता वृद्धि को मापने के लिए किया जाता है

कार्यक्रम में मौजूद मुख्य रूप से प्रीति जौहरी, नेहा हजेला, पूजा श्रीवास्तव अजीत सक्सेना, प्रभात सिन्हा तितिक्षा सक्सेना, आकाश कुलश्रेष्ठ, दिव्यांश सक्सैना, अभिषेक जौहरी, दिव्य सक्सेना,शोभा हजेला, कुसुम श्रीवास्तव राजू सक्सेना, तपन हजेला, रजत सक्सेना, प्रमोद सक्सेना, राजीव जौहरी, कौशांबीसक्सेना, निखिल कुदेशिया, अमित जौहरी, गीतांजलि सक्सेना, दिव्यांशी, शोभा हजेला, डा. प्रभात सिन्हा, नुपुर सिन्हा,कामाक्षी सक्सेना, दिव्यांशी कुलश्रेष्ठ, अनुज जौहरी,अनमोल सक्सेना,नेहा सक्सेना राजीव कुलश्रेष्ठ,विशाल सक्सेना ,अनुराग सक्सेना ,रूबी सक्सेना, संतोष हजेला आदि लोग उपस्थित रहे ।

कार्यक्रम को सफल बनाने में जिलाध्यक्ष एडवोकेट राजीव कुलश्रेष्ठ ने सभी को धन्यवाद दिया और सभी आये हुए सदस्यों का आभार व्यक्त किया...!

## नामांकन छंटनी प्रक्रिया के दौरान पल-पल की नजर रखते नजर आये दावेदार, सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा बना बड़ा मुददा

» मयंद मोहन, मदरलैंड संवाददाता



नूंह/मेवात। पंचायती राज संस्थाओं के नामांकन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद बुधवार को नामांकन पत्र भरने का कार्य पूर्ण होने की कड़ी में गुरूवार को भरे गए पत्रों की जांच पड़ताल की गई। इस दौरान संबंधित निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय पर फार्म भरने वालों की भीड़ जमा थी। घूंघट में आ रही महिला प्रत्याशियों के संग उनके परिजन भी संग थे। जिला निर्वाचन अधिकारी कम उपायुक्त अजय कुमार ने पहले से ही नामांकन प्रक्रिया पूर्ण कराने में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों को फार्म जमा करने से पूर्व उनकी गहनता से जांच पड़ताल करने के निर्देश दिये गये बताते हैं, ताकि जमा नामांकन पत्रों की जांच पडताल में कम से कम पत्र रदद किये जाये। जिला के तावडू, नूंह, पुन्हाना व फिरोजपुर झिरका उप मण्डल की पंचायत समितियों के बने वार्डो के अलावा सरपंच व पंच आदि के भरे पर्चो में कितने फार्म रदद हुए हैं। उनकी जांच प्रक्रिया लम्बी होने से पूर्ण विवरण को लेकर संबंधित निर्वाचन अधिकारियों से बार- बार सम्पर्क के बावजूद जानकारी तो मुहैया नहीं हो सकी जबकि पुन्हाना पंचायत समिति के बने कुल 30 वार्ड में 215 पर्चे जमा हुए और छंटनी के दौरान वार्ड नं-22 से भरा गया एक पत्र रदद हुआ है। इसी तरह नामांकन की अंतिम तिथि 19 अक्तुबर तक कई दावेदारों को नो डयूज ना मिलने, वोट कटी होने से वह नामांकन नहीं कर सके और उन्होंने इसकी शिकायत जिला निर्वाचन अधिकारी को देने के अलावा न्यायालय तक का दरवाजा खट खटाना शुरू कर दिया हैं। उन्होंने प्रशासनिक चुनाव मशीनरी का गांवों की पाटीर्बाजी के दबाव में काम करने का भी आरोप लगाया हैं। वहीं, कई दावेदारों ने नामांकन करने वाले दावेदारों की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे होने की भी शिकायत लगाई है। इसी कड़ी में गांव उजीना, छारोड़ा, बढा आदि पंचायतों को लेकर दी शिकायतों के बाद कई दावेदारों पर इसकी मार पडने की बात से इंकार नहीं किया जा सकता हैं। इसी तरह पंचायतों में डबल वोट भी कई पंचायतों के चुनाव को प्रभावित कर सकती है। हांलाकि, संबंधित पंचायतों के दावेदारों ने वोट कटवाने के लिए शिकायते दी है लेकिन सुस्त प्रक्रिया के चलते कई पंचायतों में यह सिर का दर्द बनी हुई हैं।

इस बारे में पुन्हाना की एसडीएम व पंचायत समिति के निर्वाचन अधिकारी मनीषा शर्मा ने गुरूवार सांय कहा कि पुन्हाना पंचायत समिति से बने कुल 30 वार्ड में 215 पर्चे जमा हुए और छंटनी के दौरान वार्ड नं-22 से भरा गया एक पत्र रदद हुआ है। इसी तरह फिरोजपुर झिरका के एसडीएम दीपक बाबुलाल कारवा, नूंह के एसडीएम अश्वनी कुमार व तावडू के एसडीएम रणबीर सिंह का कहना है कि संबंधित पंचायत समिति से भरे हुए पर्चो की जांच पड़ताल की जा रही है और जांच से पूर्व कुछ भी कहना जल्दबाजी होगा।

## सूर्य ग्रहण से प्रभावित हैं पर्व-पं0 रमेश शास्त्री

» मदरलैंड संवाददाता



नूंह/मेवात। इस बार दीपावली पर्व होने वाले सूर्य ग्रहण से प्रभावित हैं, जिसके चलते पर्वों को लेकर लोग असमंजस की स्थिति में हैं। प्रमुख ज्योतिषाचार्य पं0 रमेश शास्त्री के अनुसार धनतेरस पर्व इस बार 23 अक्तुबर रविवार को मनाया जायेगा। 25 अक्टूबर 2022 कार्तिक अमावस्या दिन मंगलवार को भारतीय समयानुसार दोपहर में 14 बजकर 29 मिनट से सूर्य ग्रहण लगना प्रारंभ हो जायेगा। जिसकी समाप्ति सांयकाल 18 बजकर 32 मिनट पर होगी। जबकि 24 अक्टूबर 2022 मध्य रात्रि उपरांत सूतक द्वेष प्रारंभ हो जायेगा। शास्त्रो के अनुसार सूतक काल में भोजन बनाना एवं भोजन करना निषेध माना गया है। परंतु रोगी, वृद्ध एवं बच्चों को बाध्य नहीं करना चाहिए, इनके लिए यह नियम नहीं है। 25 अक्टूबर को अन्नकूट गोवर्धन पूजा नहीं होगी क्योंकि सूतक काल में न तो मंदिर का पट खुलेगा न ही ठाकुर जी को भोग लगेगा, 26 को प्रातः काल सूर्य के दर्शन उपरांत स्नान करके ही सूतक की निवृत्ति होगी और अन्नकूट एवं गोवर्धन पूजा 26 अक्टूबर 2022 बुधवार को मनाया जाएगा। भाई दूज (यम द्वितीया) 27 अक्टूबर 2022 गुरुवार को मनाया जाएगा। इस वर्ष श्री महालक्ष्मी पूजन (दीपावली) पर्व कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी 24 अक्टूबर सोमवार को सायं काल 5 बजकर 27 तक रहेगी, इसके उपरांत अमावस्या तिथि प्रारंभ हो जायेगी। दीपावली पर्व 24 अक्टूबर को ही मनाया जाएगा। इस दिन हस्त नक्षत्र दोपहर 2 बजकर 41 मिनट तक रहेगा, जिसके उपरांत चित्रा नक्षत्र विद्यमान रहेगा। हस्त एवं चित्रा नक्षत्र में वैधृति योग का संयोग सुखद रहेगा। हस्त नक्षत्र व चित्रा नक्षत्र लघु छिप्र संज्ञक है एवं चित्रा मृदु मैत्र संज्ञक है अतः इस दिन दुकानदारी, व्यापारिक लेन-देन, ज्ञानार्जन, शिल्प चित्रकारी, कलाकर्म, वाहन लेन-देन, उद्योग संचालन आदि सभी कार्य श्रेष्ठ होगा।

## सीएम फ्लाइंग ने दूध की डेयरियों पर छापेमारी कर नमूने लिये

» मदरलैंड संवाददाता



नूंह/मेवात। जिला नूंह(मेवात) में बड़े पैमाने पर नकली दूध, मिठाई बनने की सूचना के बाद प्रशासनिक दस्ते सक्रिय हो गए हैं और गुप्त चर विभाग की सूचना पर सीएम फ्लाइंग के एएसआई सचिन कुमार, डीएफएसओ विभाग के अधिकारी डॉ0 श्याम लाल व पुलिस की संयुक्त कार्यवाही के दौरान चंदन डेयरी उद्योग व युसूफ डेयरी गांव गोधला थाना पुनहाना तथा वाहिद डेरी गांव नई में रेड की गई। इस दौरान दूध व पनीर के सैंपल लेकर उनको प्रयोगशाला में भेजा गया है। जबकि इससे पहले खादय सुरक्षा व स्थानीय प्रशासन की संयुक्त टीम ने बुधवार को तावडू में 4 व नूंह में 2 चावला स्वीट से चमचम, खोया व बर्फी, पुराने बस अडडे पर बीकानेर से खोया व वर्क वाली बर्फी, मिल्क केक आदि के नमूने लिये हैं। इस बारे में खादय सुरक्षा अधिकारी श्यामलाल ने माना कि बुधवार को तावडू में 4 व नूंह में 2 मिठाई की दुकानों व गुरूवार को पुन्हाना में चंदन व युसुफ डेयरी व नई गांव में वाहिद डेयरी के यहां छापेमारी कर दूध व पनीर के सैंपल लिये गये हैं।

## साइबर क्राईम से प्रभावित एक पत्रकार 3 महीने से न्याय के लिए परेशान, पुलिस अधीक्षक ने अभिभावकों से साइबर अपराध से बच्चों की निगरानी की अपील की

» मदरलैंड संवाददाता

नूंह/मेवात। साइबर क्राईम से प्रभाति एक पत्रकार की 3 महीने तक भी समस्या का समाधान न होने पर उन्होंने पीएमओ कार्यालय, गृहमंत्री हरियाणा सरकार सहित अन्य अधिकारियों का दरवाजा खटखटाया हैं। पत्रकार सुरेन्द्र कुमार निवासी नूंह ने जानकारी दी कि 23 जुलाई 2022 को उसके साथ फोनपे के जरिये 22,000/-रुपए का फजीर्वाडा हुआ था जिस बाबत एक महीने बाद बड़ी मुश्किल से मुकदमा नं-235/2022 जेरेधारा-420 आईपीसी थाना शहर नूंह में दर्ज हुआ लेकिन जिला पुलिस के नाम बड़े दर्शन छोटे होने से उसने आला अधिकारियों को बजरिये ई-मेल समस्या समाधान की गुहार लगाई है। वहीं, पुलिस अधीक्षक नूंह वरुण सिंगला, आईपीएस ने अभिभावकों को सलाह दी है कि वे अपने बच्चो को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करे। हम सब यह सुनिश्चित करना चाहते है कि हमारा बच्चा साइबर अपराध का शिकार न बने।

इसके लिए हमे बच्चो की निगरानी करनी पड़ेंगी। निगरानी की कमी खतरनाक साबित हो सकती है। हम अक्सर बच्चों को माता-पिता के उपकरणों के साथ-साथ संवेदनशील व्यक्तिगत वित्तीय डेटा तक माता-पिता की निगरानी के बिना एक्सेस करते देखते हैं। अपने माता-पिता के फोन तक पहुंच बेहद खतरनाक है क्योंकि बच्चे इंटरनेट पर हिंसक या आपत्तिजनक सामग्री के संपर्क में आ सकते हैं। अगर बच्चे अपने माता पिता की जानकारी के बिना उनकी ऑनलाइन बैंकिंग सुविधाओ का उपयोग कर ऑनलाइन शॉपिंग करते है तो कानूनी रूप से यह एक अपराध है। साइबर अपराध कंप्यूटर नेटवर्क, कंप्यूटर संसाधनों या समग्र रूप से डिजिटल संचार उपकरणों की मदद से किए गए अपराध हैं। इंटरनेट के युग में स्कूल में भी इंटरनेट आधारित असाइनमेंट दिए जाते हैं लेकिन अध्यापकगण बच्चों को ठीक से संवेदनशील नहीं बनाते हैं। कई बच्चे अनजाने में मैसेजिंग साइट्स के जरिए अपने दोस्तों के साथ पर्सनल फोटो या सेल्फी शेयर करते हैं लेकिन ये छिपा हुआ उत्पीडन हैं। अभिभावक ये कभी नहीं जान पाते कि सामग्री प्राप्त करने वाले बच्चे की अनुपस्थिति में कौन उसका फोन का उपयोग कर सकता है। पुलिस अधीक्षक नूंह ने यह भी कहा है कि साइबर क्राईम होने पर अपने बच्चे को पुलिस तक पहुंचना सिखाएं। अपने बच्चो को साइबर क्राईम हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में जागरूक करें। यह भी सुनिश्चित करे कि जरूरत पडने पर उसके पास पुलिस के साइबर क्राईम प्रिवेंशन सेल की जानकारी है या नहीं।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम से की उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष ने भेंट



देहरादून, एजेंसी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से गुरुवार को सचिवालय में उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष डा. राकेश कुमार ने शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री धामी ने डा. राकेश कुमार को आयोग द्वारा कराई जाने वाले भर्ती परीक्षाओं की प्रक्रिया को त्वरित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री धामी ने प्रसन्नता व्यक्त की कि उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा कुशलता तथा पूर्णतः पारदर्शिता से भर्ती प्रक्रिआओं का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने प्रदेश के युवाओं को आश्वासन दिया है कि भर्ती परीक्षाएं पूर्णतः पारदर्शिता व निष्पक्ष तरीके से संचालित की जाएगी। युवा लगन और परिश्रम से परीक्षाओं की तैयारी करें। आयोग के अध्यक्ष डा. राकेश कुमार ने जानकारी दी कि उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग आगामी परीक्षाओं के कैलेण्डर जारी कर चुका है तथा तदनुसार सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जल्द से जल्द परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।

### भाजपा प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम का पुतला जलाया

अल्मोडा, एजेंसी। भाजपा प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम द्वारा महिलाओं के बारे में की गई अनर्गल बयानबाजी की कांग्रेस जिलाध्यक्ष पीताम्बर पाण्डेय ने कड़े शब्दों मे निंदा की। इसके साथ ही अल्मोड़ा कांग्रेस के कार्यकताओं ने जिलाध्यक्ष पीताम्बर पाण्डेय के नेतृत्व में चैहानबाटा में भाजपा के प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम का पुतला दहन किया तथा जोरदार नारेबाजी की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष पीताम्बर पाण्डेय ने कहा कि भाजपा प्रदेश प्रभारी द्वारा महिलाओं पर की गयी टिप्पणी बेहद शर्मनाक है ।इसके लिए भाजपा प्रदेश प्रभारी को माफी मांगनी चाहिए। इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पुतला दहन कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष पीताम्बर पाण्डेय, नगरपालिका अध्यक्ष प्रकाश चन्द्र जोशी,महिला जिलाध्यक्ष लता तिवारी, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष तारा चंद्र जोशी, नगर अध्यक्ष पूरन रौतेला, जिला महामंत्री राधा बिष्ट, जिला उपाध्यक्ष विनोद वैष्णव, यूथ प्रदेश प्रवक्ता वैभव पाण्डेय, जिला प्रवक्ता राजीव कर्नाटक, जिला सचिव दीपांशु पाण्डेय, प्रताप सत्याल, महेश आर्य, प्रमोद पवार भीमा, राबिन भण्डारी, बिन्दु रौतेला, अम्बीराम आर्य, जया जोशी, गीता मेहरा, एनडी पाण्डेय, गौरव जसवाल, शहाबुद्दीन, घनश्याम गुरूरानी सहित अनेकों कांग्रेसजन शामिल रहे।

### दुष्यन्त गौतम ने अपनी अभद्र टिप्पणी से कांग्रेस कार्यकताओं का किया चरित्र हननः गोगी

देहरादून, एजेंसी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा के आह्वान पर आज देहरादून महानगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकताओं ने महानगर कार्यकारी अध्यक्ष डॉक्टर जसविन्दर सिंह गोगी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी दुष्यन्त गौतम का पुतला फूंककर विरोध दर्ज किया। आज पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत महानगर कांग्रेसजन प्रदेश कार्यालय कांग्रेस भवन में एकत्र हुए जहां से महानगर कार्यकारी अध्यक्ष डॉक्टर जसविन्दर सिंह गोगी के नेतृत्व में भाजपा महामंत्री के खिलाफ नारेबाजी करते हुए एस्लेहॉल चैक पर पहुंचे और जहां पर उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यन्त गौतम का पुतला दहन किया। इस अवसर पर महानगर कार्यकारी अध्यक्ष डॉक्टर जसविंदर सिंह गोगी ने कहा कि दुष्यन्त गौतम ने अपनी अभद्र टिप्पणी से न केवल कांग्रेस कार्यकताओं का चरित्र हनन किया है अपितु मातृशक्ति का अपमान करने के साथ ही हिन्दुओं की धार्मिक भावनाओं का भी अपमान किया है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी भारतीय जनता पार्टी के नेता जनता की धार्मिक भावनाएं आहत करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी दुष्यन्त गौतम की कांग्रेस कार्यकताओं एवं महिलाओं पर की गई घृणित मानसिकता वाली अभद्र टिप्पणी की जितनी भी निन्दा की जाय कम है। उन्होंने कहा कि दुष्यन्त गौतम मानसिक रूप से दिवालिया हो चुके हैं जिन्हें उपचार की आवश्यकता है तथा भाजपा को पहले उनका उपचार करवाना चाहिए नहीं तो कांग्रेस कार्यकर्ता उनका उपचार कराने के लिए तैयार हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जब-जब भाजपा नेताओं द्वारा महिलाओं का अपमान किया जाता है तब-तब भाजपा की महिला नेत्रियों और प्रवक्ताओं को सांप सूंघ जाता है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही भाजपा के प्रदेश प्रभारी को सार्वजनिक यप से माफी मांगनी चाहिए अन्यथा लगातार उनका विरोध किया जाता रहेगा। इस अवसर पर पुतला दहन करने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष पूरन सिंह रावत, प्रदेश महामंत्री मनीष नागपाल, महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष आशा मनोरमा डोबरियाल शर्मा, अरुण बलोनी, रविन्द्र पुंडीर, विपुल नौटियाल, अभिषेक तिवारी, लक्की राणा, पिया थापा आदि अनेक कार्यकर्ता शामिल थे।

# आपदा से पूर्व तैयारी ही आपदाओं से बचने का उपाय: सीएम



देहरादून, एजेंसी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आपदाओं के प्रभाव को कम करने के लिए पूर्व तैयारी ही आपदाओं से बचने का उपाय है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य में डिजास्टर मैनेजमेंट पर होनी वाली तमाम कार्यशालाओं में आने वाले निष्कर्ष सिर्फ थ्योरी तक सीमित नहीं रहने चाहिए, बल्कि प्राकृतिक आपदाओं के समय उपयोगी सिद्ध होने चाहिए। कार्यशालाओं के यह निष्कर्ष मुख्यमंत्री कार्यालय को भी ससमय उपलब्ध कराए जाए ताकि इन अनुभवों को समय पर उपयोग किया जा सके। सीएम धामी ने कहा कि हमें डिजास्टर मैनेजमेंट में थ्योरी से अधिक प्रैक्टिकल को महत्व देना है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को मुख्यमंत्री आवास से राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन संस्थान तथा उत्तराखण्ड प्रशासनिक अकादमी, नैनीताल के साझे प्रयासों से ह्यह्यरिड्यूसिग रिस्कः कैपेसिटी बिल्डिंग इन दि माउंटेन स्टेट्सह्लह्ल पर आयोजित कार्यशाला में वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड सहित हिमालयी राज्य आपदाओं की दृष्टि से बेहद संवेदनशील है। जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न खतरों के बीच पर्वतीय राज्यों की आपदा से लड़ने की चुनौती और भी बढ़ी है। जलवायु परिवर्तन से ग्लेशियरों की पिघलने की गति तेज हुई है। पेयजल स्रोत व्यापक रूप से सूखने लगे हैं। भविष्य में होने वाले बड़े संघर्ष का कारण पेयजल भी हो सकता है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि केदारनाथ आपदा और उसके बाद राज्य में आई कई अन्य आपदाओं से सीख लेते हुए उत्तराखण्ड राज्य का आपदा प्रबंधन विभाग अपने अनुभवों एवं सम्बन्धित संस्थाओं के सहयोग से एक ऐसी प्रणाली विकसित करने में सफल होगा जिससे कि हम आने वाले समय में अपने राज्य के साथ-साथ अन्य राज्यों की भी आपदाओं के दौरान मदद करने में सफल हो सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि केदारनाथ आपदा के बाद राज्य सरकार द्वारा चिकित्सा सुविधाओं, सशक्त संचार व्यवस्था, आल वेदर रोड, हेलीपैड्स के निर्माण, शहरी नियोजन जैसे पुनर्निर्माण कार्यो पर विशेष ध्यान दिया गया, फिर भी राज्य के बहुमूल्य संसाधन व समय इस आपदा से उबरने में लगा। केदारनाथ आपदा के उपरान्त मा० प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में पुनर्निर्माण कार्यों को युद्धस्तर पर सम्पादित किया गया, जिसके कारण ही बहुत कम समय में उत्तराखण्ड देवभूमि की पहचान बाबा केदार की स्थली का न केवल पुनर्निर्माण किया गया, बल्कि बाबा केदार के धाम को एक विहंगम एवं अलौकिक स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान से अपेक्षा की कि वह स्थानीय क्षमता निर्माण में उत्तराखण्ड राज्य एवं आपदा की दृष्टि से संवेदनशील समस्त राज्यों को सहयोग प्रदान करे। संस्थान उत्तराखंड और अन्य पर्वतीय राज्यों को तकनीकी और अन्य प्रकार की सहायता प्रदान करके आपदा प्रबन्धन में उनकी क्षमता विकास में मदद कर सकता है। उल्लेखनीय है कि आपदा प्रबन्धन हेतु क्षमता विकास के लिए वर्ष 1995 में कृषि मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा डॉ. आरएस टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी नैनीताल में आपदा प्रबन्धन प्रकोष्ठ स्थापित किया गया। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान द्वारा आपदाओं के न्यूनीकरण एवं क्षमता विकास हेतु साऊथ कैम्पस गुन्टूर आन्ध्र प्रदेश में स्थापित किया गया है और अब पर्वतीय राज्यों हेतु एक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस अकादमी, नैनीताल में स्थापित करने एवं आपदा प्रबन्धन में क्षमता विकास किए जाने में पूर्ण सहयोग एवं सहायता देने हेतु अपनी सहमति दी गई है। इसके साथ ही अकादमी में आज लगभग 247 लाख रु. की लागत से किए गए ऑडिटोरियम के उच्चीकरण कार्य का भी लोकार्पण किया गया जिससे भविष्य में अकादमी में प्रशिक्षण हेतु आने वाले प्रशिक्षु लाभान्वित होंगे। कार्यशाला में विधायक सरिता आर्या, पर्यावरणविद् चण्डी प्रसाद भट्ट, वरिष्ठ इतिहासकार शेखर पाठक, भगवती प्रसाद पाण्डे, कुमाऊँ विश्वविद्यालय के कुलपति एनके जोशी, राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन संस्थान के अधिशासी निदेशक ताज हसन, प्रो. सन्तोष कुमार, कुमाऊं मण्डल के आयुक्त दीपक रावत तथा हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मणिपुर, जम्मू एवं कश्मीर, लद्दाख, असम, मिजोरम, त्रिपुरा, नागालैण्ड, उत्तर प्रदेश, दिल्ली के विषय विशेषज्ञ उपस्थित थे।

- कार्यशालाओं में आने वाले निष्कर्ष सिर्फ थ्योरी तक सीमित नहीं बल्कि उपयोगी सिद्ध होने चाहिए
- सीएम ने 'रिड्यूसिग रिस्कः कैपेसिटी बिल्डिंग इन दि माउंटेन स्टेट्स' पर आयोजित कार्यशाला में वर्चुअली किया प्रतिभाग

## हरिद्वार पंचायत चुनाव में त्वरित समयबद्ध उत्कृष्टता पूर्वक कार्यों के संपादन पर कार्मिक सम्मानित

देहरादून, एजेंसी। उत्तराखंड सचिवालय में सेवारत शिवेंद्र नारायण सिंह, उप सचिव, पुष्पेंद्र सिंह पंवार, अनुभाग अधिकारी एवं मनोज मिश्रा, समीक्षा अधिकारी को पंचायती राज विभाग के सचिव नीतीश कुमार झा द्वारा सचिवालय में पंचायती राज विभाग में कार्यरत कार्मिकों के हरिद्वार पंचायत चुनाव पदों और स्थानों के आरक्षण एवं आवंटन के कार्य में शासन स्तर पर त्वरित समयबद्ध उत्कृष्टता पूर्वक कार्यों के संपादन करने पर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है। इस अवसर पर एवं उक्त तीनों अधिकारियों के मेहनत समर्पण भावना एवं प्रतिबद्धता की सचिव द्वारा प्रशंसा की गई है उसके लिए उत्तराखंड सचिवालय समीक्षा अधिकारी संघ सचिव नितेश कुमार झा का आभार व्यक्त करता है एवं तीनों कार्मिकों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। सचिवालय कार्यप्रणाली अन्य विभागों से भिन्न है और सचिवालय के अंदर सचिवालय मैनुअल के तहत अधिकारी कर्मचारी अपने क्रियाकलापों को संपादित करते हैं। सचिव द्वारा मेहनती एवं कर्मठ अधिकारी कर्मचारियों को जिस तरह से प्रोत्साहित किया गया है। इस अवसर पर उत्तराखंड सचिवालय समीक्षा अधिकारी संघ उसकी प्रशंसा करता है और हृदय की गहराइयों से सचिव का आभार व्यक्त करता है। उन्होंने कहा कि जिससे अन्य अधिकारी कर्मचारी प्रेरित होकर और बेहतरीन एवं उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे इससे उत्तराखंड सचिवालय की छवि निश्चित रूप से अच्छी बनेगी एवं आम जनमानस का विश्वास बढ़ेगा और विकास के कार्य में गति प्राप्त होगी।

## पसंदीदा शूटिंग डेस्टिनेशन के रूप में उभर रहा उत्तराखण्डः सीएम



देहरादून, एजेंसी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हम उत्साहित है कि दुनियाभर के फिल्म निमार्ताओं के लिए उत्तराखण्ड पसंदीदा शूटिंग डेस्टिनेशन के रूप में उभर रहा है। फिल्म निमार्ताओं हेतु अनुकूल माहौल के तैयार करने के कारण राज्य को हर साल राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों से सम्मानित किया जाना एक बड़ी उपलब्धि है। प्रत्येक वर्ष राज्य में 150 से अधिक फिल्मों की शूटिंग हो रही है। उत्तराखण्ड का नैसर्गिक सौन्दर्य, फिल्म शूटिंग हेतु राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली सब्सिडी, शूटिंग हेतु बेहतरीन इन्फ्रास्ट्रक्चर, इज ऑफ फिल्मिंग, उत्तराखंड फिल्म विकास परिषद द्वारा दी जारी सुविधाएं राज्य को फिल्म निमार्ताओं की पहली पसन्द बना रही है। गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास में फिल्म निमार्ता सत्यजीत मिश्रा की फिल्म ह्यह्यजान अभी बाकी हैह्लह्ल के मोशन पोस्टर के विमोचन के अवसर पर फिल्म की टीम को शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि फिल्म निमार्ताओं से अनुरोध है कि वे अपनी फिल्मों में उत्तराखण्ड के प्राकृतिक सौन्दर्य के साथ ही राज्य की अनूठी लोक संस्कृति व परम्पराओं के फिल्मांकन को भी प्राथमिकता दें। फिल्म निमार्ता उत्तराखण्ड में शूटिंग के दौरान अधिक से अधिक स्थानीय प्रतिभाओं, फिल्म टेक्नीशियन व युवाओं को अवसर दें। उत्तराखण्ड में युवा प्रतिभाओं की कमी नही है। आशा है कि राज्य में फिल्म उद्योग के अधिक से अधिक विस्तार से स्थानीय प्रतिभाओं के लिए भी अवसर के नए द्वार खुलेंगे। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि हम फिल्म नीति का और भी अधिक आकर्षक बनाने पर कार्य कर रहे हैं, ताकि राज्य में फिल्म निर्माण को प्रोत्साहित किया जा सके। राज्य में फिल्म शूटिंग निःशुल्क कर दी गई है। फिल्म पॉलिसी में 1.5 करोड़ रुपए की सब्सिडी की व्यवस्था कर दी गई है। गौरतलब है कि आइजेएम प्रोडक्शन प्रा. लिमिटेड के बैनर तले बनी निर्देशक सत्यजीत मिश्रा की फिल्म ह्यह्यजान अभी बाकी हैह्लह्ल की 95 प्रतिशत शूटिंग उत्तराखण्ड के भीमताल, नौकुचियाताल, काठगोदाम, पिथौरागढ़, मुनस्यारी, काशीपुर, बाजपुर में की गई है। फिल्म में काम कर रहे अभिनेता प्रांजल भी रुद्रपुर के निवासी है। फिल्म में अन्य कलाकार ब्रिजेन्द्र काला, स्वपनिल, राजेश जैस, रेशम टिपनिस है। फिल्म में लोकप्रिय संगीतकार अरिजीत सिंह, जुबिन नौटियाल ने संगीत दिया है। फिल्म में उत्तराखण्ड के प्रसिद्ध झोड़ा चांचरी और हिलजात्रा का भी फिल्मांकन किया गया है। इस अवसर पर वन विकास निगम के अध्यक्ष कैलाश गहतोड़ी भी उपस्थित थे।

- राज्य को हर साल राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों से सम्मानित किया जाना एक बड़ी उपलब्धि
- सीएम ने किया फिल्म 'जान अभी बाकी है' के मोशन पोस्टर का विमोचन

## कोटद्वार की पेयजल आपूर्ति योजनाओं एवं सीवर समस्या निराकरण के संबंध में विस अध्यक्ष ने ली बैठक

देहरादून, एजेंसी। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी पेयजल आपूर्ति की योजनाओं एवं सीवर समस्याओं के निराकरण के संबंध में पेयजल विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की। आज दून स्थित अपने शासकीय आवास पर आयोजित बैठक के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र में पेयजल की समस्या के निराकरण संबंधित प्रस्तावित योजनाओं को लेकर अधिकारियों से बातचीत की एवं अधिकारियों से कोटद्वार में स्वीकृत एवं प्रस्तावित पेयजल योजनाओं के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री घोषणा के अंतर्गत क्षेत्र में तीन ट्यूबवेल एवं आठ किलोमीटर पाइप लाइन बिछाए जाने के लिए शासन में लंबित प्राक्कलन को शीघ्र वित्तीय स्वीकृति दिए जाने के लिए पेयजल सचिव को कहा गया है, वहीं विधानसभा अध्यक्ष ने जल संस्थान के अधिकारियों को 50 किलोमीटर टूटी फूटी पाइपलाइन को बदल कर नई पाइप लाइन बिछाये जाने के लिए एक हफ्ते में प्राक्कलन तैयार कर शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि कोटद्वार में अन्य नौ ट्यूबवेल प्रस्तावित हैं जिन्हें अगले सत्र के बजट प्रस्ताव में रखने के लिए कहा है। विधानसभा अध्यक्ष ने खराब व पुराने मोटर पंप सेट की जगह नए पंप सेट लगाने के लिए अपनी विधायक निधि देने की बात कही, वहीं कुछ धनराशि विभाग को भी खर्च करने के लिए कहा है। कोटद्वार क्षेत्र में जीर्णशीर्ण सीवर लाइन के मरम्मत के लिए 72 लाख रुपए का प्रस्ताव शासन में लंबित है उसे भी वित्तीय स्वीकृति दिए जाने के लिए पेयजल सचिव से बात की। इस अवसर पर उन्होंने इसके अलावा कोटद्वार में नमामि गंगे योजना के अंतर्गत स्वीकृत नाला टैपिंग एवं एसटीपी प्लांट के निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने बैठक के दौरान पेयजल विभाग के अधिकारियों को कोटद्वार शहरी क्षेत्र में अमृत 2.0 के तहत होने वाले निर्माण कार्यों के लिए प्रस्ताव शीघ्र ही भारत सरकार को भेजने के लिए कहा है। बता दे कि भारत सरकार की अमृत 2.0 योजना में शहरी क्षेत्र के हर घर को पानी कनेक्शन मिलेगा। हर घर को सीवर या सेप्टिक टैंक से जोड़ने की योजना है। इस अवसर पर जल संस्थान की मुख्य महाप्रबंधक नीलिमा गर्ग, जल निगम के अधीक्षण अभियंता संजय सिंह, नमामि गंगे के अधीक्षण अभियंता दीपक मलिक, जल संस्थान के अधिशासी अभियंता संतोष कुमार उपाध्याय मौजूद रहे।

- 50 किमी. टूटी फूटी पाइपलाइन को बदल कर नई पाइप लाइन बिछाने के लिए एक हफ्ते में प्राक्कलन तैयार कर शासन को प्रेषित करने के दिए निर्देश

## एलटी प्रशिक्षित बेरोजगारों ने शिक्षा निदेशालय में पकौड़े तलकर विरोध दर्ज कराया

### नियुक्ति की मांग को लेकर प्रशिक्षित बेरोजगारों का आंदोलन जारी

देहरादून, एजेंसी। सहायक अध्यापक एलटी भर्ती चयनित प्रक्रिया कोर्ट से बहाल कर नियुक्ति दिये जाने की मांग को लेकर प्रशिक्षित बेरोजगारों ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन कर शिक्षा निदेशालय में पकौड़े तलकर अपना विरोध दर्ज किया। आज बड़ी संख्या में प्रशिक्षित एलटी बेरोजगार ननूरखेडा स्थित शिक्षा निदेशालय में इकटठा हुए और जहां परसहायक अध्यापक एलटी भर्ती प्रक्रिया न्यायालय से बहाल किये जाने व नियुक्ति की मांग को लेकर प्रशिक्षित बेरोजगारों ने नारेबाजी करते निदेशालय में ही पकौडे तलकर अपना विरोध दर्ज किया है और कहा कि सरकार उनके हितों के लिए गंभीर नहीं दिखाई दे रही है जो चिंताजनक है।

इस अवसर पर अभ्यर्थियों ने कहा है कि सबसे दुर्भाग्य की बात यह है कि उनके विषय में न्यायालय में कोई भी मामला विचाराधीन नहीं है और उसके बाद भी सरकार शिक्षा विभाग एवं आयोग की तरफ से इस प्रकार के विषयों को छुड़ाने के लिए कोई भी प्रयास नहीं किया गया। यही कारण है कि आज सभी शिक्षकों को सड़कों पर उतरना पड़ रहा है और अपनी जिंदगी की परवाह किए बिना धरने पर बैठने को विवश हो रहे हैं। इस अवसर पर अभ्यर्थियों ने कहा कि लगातार संघर्ष करने के बावजूद भी आज तक उनके हितों के लिए किसी भी प्रकार की ठोस नीति तैयार नहीं की गई है जिससे उनमें रोष बना हुआ है।

इस अवसर पर प्रशिक्षित बेरोजगारों ने कहा कि प्रदेश के युवा मुख्यमंत्री है और युवाओं के हितों के लिए कार्य करेंगें लेकिन अभी तक इस ओर किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई है जो चिंता का विषय है। इस अवसर पर शिक्षकों ने कहा कि राज्य सरकार उच्च न्यायालय में मजबूत पैरवी करें ओर उन्हें शीघ्र ही नियुक्ति प्रदान की जाये। बेरोजगारों ने कहा कि कुछ विषय की बात न करके पूरी भर्ती प्रक्रिया बहाल की जानी चाहिए और बेरोजगारों का शोषण बंद कर उनकी मांगों को जल्द ही पूरा किया जाये। इस अवसर पर अनेकों अभ्यर्थी शामिल रहे।

## पीएम का आज केदारनाथ एवं बद्रीनाथ का दौरा उत्तराखण्ड के विकास में मील का पत्थर साबित होगा: सीएम

देहरादून, एजेंसी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि केदारनाथ पुनर्निर्माण का कार्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हो रहा है, जिसके फलस्वरूप आज केदारनाथ का भव्य और दिव्य प्रांगण पूरे विश्व में अपनी अलग पहचान बनाया हुआ है, एवं बद्रीनाथ के मास्टर प्लान पर कार्य चल रहा है। प्रधानमंत्री का केदारनाथ एवं बद्रीनाथ का यह दौरा उत्तराखण्ड के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। इन जगहों पर शुरू हो रही कनेक्टिविटी परियोजनायें धार्मिक महत्व के स्थानों तक पहुंच को आसान बनाने और बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। ये परियोजनाएं इस क्षेत्र में संपर्क और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देंगी। केदारनाथ पुनर्निर्माण कार्य एवं बद्रीनाथ मास्टर प्लान कार्य श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत रात-दिन कार्य प्रगति पर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को उत्तराखंड का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सुबह करीब 08:30 बजे श्री केदारनाथ मंदिर में दर्शन और पूजा करेंगे। इसके पश्चात प्रधानमंत्री सुबह करीब नौ बजे केदारनाथ रोपवे परियोजना की आधारशिला रखेंगे। इसके बाद वह आदिगुरु शंकराचार्य के समाधि स्थल के दर्शन करेंगे। सुबह करीब 09:25 बजे प्रधानमंत्री मंदाकिनी आस्था पथ और सरस्वती आस्था पथ के साथ-साथ वहां चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेंगे। इसके बाद, प्रधानमंत्री बद्रीनाथ पहुंचेंगे, जहां करीब 11:30 बजे वह श्री बद्रीनाथ मंदिर में दर्शन और पूजा करेंगे। दोपहर 12 बजे वह रिवरफ्रंट के विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेंगे। दोपहर 12:30 बजे माणा गांव में सड़क और रोपवे परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इसके बाद दोपहर करीब 2 बजे वह अराइवल (आगमन) प्लाजा और झीलों के विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेंगे। इस दौरान राज्यपाल से.नि.ले.ज. गुरमीत सिंह एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी उपस्थित रहेंगे। केदारनाथ रोपवे लगभग 9.7 किलोमीटर लंबा होगा। यह गौरीकुंड को केदारनाथ से जोड़ेगा, जिससे दोनों स्थानों के बीच यात्रा का समय वर्तमान में 6-7 घंटे से कम होकर लगभग 30 मिनट का रह जाएगा। हेमकुंड रोपवे गोविंदघाट को हेमकुंड साहिब से जोड़ेगा। यह लगभग 12.4 किलोमीटर लंबा होगा और यात्रा समय को एक दिन से कम करके केवल 45 मिनट तक सीमित कर देगा। यह रोपवे घांघरिया को भी जोड़ेगा, जो फूलों की घाटी राष्ट्रीय उद्यान का प्रवेश द्वार है। यह परिवहन का एक पर्यावरण अनुकूल साधन होगा, जो आवागमन को सुरक्षा और स्थिरता प्रदान करेगा। इस अहम बुनियादी ढांचे का विकास धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देगा, जिससे क्षेत्र में आर्थिक विकास को रफ्तार मिलेगी और साथ ही साथ रोजगार के कई अवसर पैदा होंगे। इस यात्रा के दौरान करीब 1000 करोड़ रुपये की सड़क चैड़ीकरण परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया जाएगा। दो सड़क चैड़ीकरण परियोजनाएं - माणा से माणा पास (एनएच- 07) और जोशीमठ से मलारी (एनएच107बी) तक हमारे सीमावर्ती क्षेत्रों में हर मौसम में सड़क संपर्क प्रदान करने की दिशा में एक और कदम साबित होंगी। कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के अलावा, ये परियोजनाएं रणनीतिक दृष्टि से भी फायदेमंद साबित होंगी। प्रधानमंत्री 3400 करोड़ रुपये से अधिक की कनेक्टिविटी परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे।

- मास्टर प्लान के तहत केदारनाथ एवं बदरीनाथ में चल रही परियोजनाएं क्षेत्र में संपर्क और धार्मिक पर्यटन को देंगी बढ़ावा

## रुपए की गिरावट पर प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री को देना पड़ेगा जवाबः राजकुमार

देहरादून, एजेंसी। राजपुर रोड विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक राजकुमार ने कहा है कि भारतीय रुपये के अमेरिकी डॉलर के मुकाबले लगातार गिरावट को लेकर अब देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री से जवाब मांग रहा है। यहां उत्तराखंड में राजपुर विधानसभा के पूर्व विधायक एवं कांग्रेस नेता राजकुमार ने इसे लेकर बीजेपी और केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने पुराने भाषणों को याद करना चाहिए और देश को जवाब देना चाहिए कि क्या ऐसे दिन देखने के लिए देश की जनता ने केंद्र में बीजेपी की सरकार बनाई। इस अवसर पर राजकुमार ने कहा कि आज भारतीय रुपया फिर धड़ाम हो गया है और नए रिकॉर्ड को छू रहा है।

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 83.08 पर पहुंच गया है। यह अब तक का सबसे निचला स्तर है। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तब वह डॉलर को लेकर बड़ी बड़ी बातें करते थे। उन्होंने कहा कि वह कहते थे कि यह ऐसे नहीं होता मित्रों। मैं शासन में बैठा हूं। मुझे मालूम है कि इस तरह से रुपया तेजी से नहीं गिर सकता है। उन्होंने कहा कि नेपाल का रुपया नहीं गिरता है। उन्होंने कहा कि बंगलादेश की करेंसी नहीं गिरती है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की करेंसी नहीं गिरती है। उन्होंने कहा कि क्या कारण है हिंदुस्तान का रुपया पतला होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री व वित्त मंत्री को जवाब देना पड़ेगा। देश आपसे जवाब मांग रहा है। इस अवसर पर राजकुमार ने कहा कि अब देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से देश की जनता जवाब मांग रही है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही वित्त मंत्री को भी अपने पद से अब इस्तीफा दे देना चाहिए, क्योंकि केंद्र सरकार से देश की आर्थिक व्यवस्था संभलने का नाम नहीं ले रही है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले जहां रसोई गैस का सिलेंडर 410 रुपये का था, अब 1072 रुपये इसकी कीमत है। इसी तरह पेट्रोल 71 रुपये से बढ़कर 98 रुपये, डीजल 57 रुपये से बढ़कर 84 रुपये प्रति लीटर है। इस अवसर पर पूर्व विधायक ने कहा कि रसोई में रोजमर्रा इस्तेमाल होने वाली सारी सामग्री की कीमतें आसमान छू रही हैं। उन्होंने कहा कि खाद्य तेल भी सौ रुपये से बढ़कर दौ सौ रुपये पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि मसाले, दाल, आटा, दूध, चावल, सब्जी की कीमतों में आग लगी है। यह एक चिंता का विषय है।

- केंद्र सरकार से नहीं संभल रही देश की आर्थिक व्यवस्था

## दून में डिफेंस कोचिंग सेन्टरों के नाम से चल रहे संस्थानों की जांच की मांग

देहरादून, एजेंसी। देहरादून महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने जिलाधिकारी सोनिका को पत्र लिखकर दून महानगर में डिफेंस कोचिंग सेन्टरों के नाम से चल रहे संस्थानों की जांच एवं कार्रवाई की मांग की है। यहां जिलाधिकारी को लिखे पत्र में महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने कहा कि देहरादून महानगर के विभिन्न क्षेत्रों में डिफेंस कोचिंग सेन्टरों के नाम से खोले गये फर्जी सेन्टरों में बेरोजगार नवयुवकों को सेना में भर्ती के लिए प्रशिक्षित किये जाने की बात की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रायः देखने में आया है कि विगत कुछ दिनों में देहरादून महानगर के विभिन्न क्षेत्रों में कुकुरमुत्तों की तर्ज पर अनगिनत डिफेंस कोचिंग सेंटरों की मानों बाढ़ सी आ गई है। इस अवसर पर उन्होंने पत्र में लिखा है कि परन्तु क्या वास्तव में इन कोचिंग केंद्रों के माध्यम से छात्रों के साथ न्याय हो रहा है। इस अवसर पर लालचन्द शर्मा ने पत्र में कहा कि जिन लोगों द्वारा डिफेंस एकेडमी के नाम पर अपनी दुकाने चलाई जा रही हैं इनके संचालकों को डिफेंस की एबीसीडी तक नहीं पता होती है। उन्होंने पत्र में कहा है कि दो-दो कमरों में चलने वाले इन केंद्रों के पास न तो ट्रेनिंग ग्राउंड उपलब्ध हैं और ना ही प्रशिक्षित प्रशिक्षु है और इन ट्रेनिंग सैन्टरों के संचालकों द्वारा छात्रों से वसूले जाने वाले शुल्क के अनुरूप ना तो इनको पौष्टिक भोजन दिया जा रहा है और न ही प्रशिक्षण, यहां तक कि वहां पर पीने का पानी भी दूषित पाया जाता है तथा हॉस्टल के नाम पर घुटन भरे छोटे-छोटे कमरे होते हैं। उन्होंने पत्र में यह भी कहा कि इन ट्रेनिंग सैन्टरों के संचालकों द्वारा यहां पर नियुक्त प्रशिक्षुओं पर दबाव डालकर अवैध रूप से विभिन्न विद्यालयों से 9वीं तथा 12वीं के छात्रों का डाटा मंगवाया जाता है जोकि न्यायोचित नहीं है।

- महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने डीएम को लिखा पत्र

## संक्षिप्त समाचार

### रेवा के प्रधान ने स्कूलों का किया मार्गदर्शन



मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ। रेवा अर्थात रूलर एजुकेशन वेलफेयर एजुकेशन के प्रधान वीबी कपिल ने अपने पदाधिकारियों के साथ 'स्कूल यात्रा' के अंतर्गत गांव दरिया के स्कूलों के प्रिंसिपल्स के साथ बैठक की। यह बैठक महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल में आयोजित हुई। प्रिंसिपलों ने प्रधान को अपनी समस्याओं के बारे में अवगत कराया। कपिल ने उनकी समस्याओं को सुनकर उनका मार्गदर्शन किया। सभी ने रेवा के प्रधान और उनकी टीम का आभार व्यक्त किया।

### नगरपालिका कर्मियों की हड़ताल दूसरे दिन में प्रवेश, नेताओं ने आकर दिया समर्थन



मदरलैंड संवाददाता,कनीना। नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर नगरपालिका कनीना के सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर दो दिवसीय हड़ताल समिति कर्मचारियों ने नगरपालिका के मुख्य गेट पर बैठकर धरना दिया तथा जोरदार नारेबाजी की। धरने पर बैठे कर्मियों ने बताया कि कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, पुरानी पेंशन बहाल करने, छटनीग्रस्त कर्मचारियों को ड्यूटी पर वापिस लेने, 25 अप्रैल 2020, 17 अगस्त 2020, 10 मई व 28 जून 2022 को सरकार के साथ हुए समझौते को लागू करना, सफाई कर्मचारियों शिविरमैंनों, फायर कर्मचारियों व अन्य सभी तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को ठेका प्रथा से मुक्त कर विभाग के रोल पर करने, दो वर्ष के अनुभव के आधार पर नियमित करने, सभी तृतीय व चतुर्थ वर्ग के कर्मचारियों को 100-100 वर्ग के मुफ्त प्लाट देने अनुग्रहपूर्वक रोजगार योजना को सरल बनाने, पंजाब के समान वेतन व पेंशन में बढ़ोतरी करने जैसी सभी मांगे लंबे समय से चली आ रही हैं जिन्हें पूरा नहीं कया जा रहा है। इन मांगों को पूरा किया जाए।धरना पर बहुजन समाज पार्टी के नेता समाजसेवी ठाकुर अतरलाल एडवोकेट ने पहुंचकर सफाई कर्मचारियों की मांगों का समर्थन किया। इस अवसर पर सोनू, नवीन, कंवर सिंह, अमित, अजय, राजेश, योगेश, संजीव, सुनिल, अनिल कुमार, सुनिल कुमार, पवन, प्रमोद, नीरज, प्रिती, प्रकाश, विमला, ममता, मुकेश, कर्मबीर, शशीबाला, पूनम, नरेन्द्र, संदीप, विक्की आदि अनेक नगरपालिका के कर्मचारी उपस्थित थे।

### बढने लगी है गेंदा फूल की मांग



मदरलैंड संवाददाता,कनीना। दीपावली एवं अन्य पर्व पास आने से गेंदा फूल की मांग बढने लगी है। किसान इस दिन का इंतजार कर रहे थे। कनीना के गोमला, गोमली, रामबास, भोजावास, मोड़ी आदि गांवों के किसान कुछ वर्षों से गेंदा की खेती करते आ रहे हैं। केवल तीन माह में पैदावार दे देता है। इस वक्त थोक में भाव दस रुपये किलो चल रहा है। भोजावास के मनीष कुमार ने बताया कि गेंदा उगाकर क्षेत्र को मुफ्त में खुशबू दे हैं तथा दिल्ली एवं गुडगांव जैसे शहरों में मौंग अधिक होती है।किसान जयप्रकाश,सुरेंद्र, मुनीलाल, मनोज, सुमेर सिंह, कर्मवीर, जितेंद्र, महेंद्र ने बताया कि दीपावली, जन्माष्टमी, नवरात्रों पर भारी मांग होती है। खंड कृषि अधिकारी डा मनोज कुमार का कहना है कि खरीफ फसल बतौर फूलों की खेती को कैश क्राप नाम से जाना जाता है जो 90 दिनों की ही फसल होती है। इस क्षेत्र की मिट्टी में बेहतर पैदावार होती है। किसानों का कहना है कि कनीना, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी आदि में अगर फूलों की मंडी हो तो किसानों की रुचि इस ओर बढ़ सकती हैं। सरकार द्वारा सम्मानित किसान गजराज सिंह ने फूलों की खेती के लाभ बताते हुए इस पर दूसरी फसल आसानी से लेने की बात कही।

## पशुओं के प्रति बेरहमी रोकने के लिए जिला एसपीसीए का गठन

### सोसायटी की पहली बैठक में पशु कल्याण से जुड़े मुद्दों पर की चर्चा

» अमरजीत सिंह लवला, मदरलैंड संवाददाता



जालंधर। पशुओं के प्रति क्रूरता को रोकने और उनका कल्याण सुनिश्चित करने के लिए डिप्टी कमिशनर की अध्यक्षता में जिला सोसायटी फार प्रीवेशन आफ क्रुरैलिटी (एसपीसीए) का गठन किया गया है, जिसकी पहली बैठक में अतिरिक्त डिप्टी कमिशनर (विकास) वरिंदरपाल सिंह बाजवा ने समिति के सदस्यों के साथ पशु कल्याण से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से विचार चर्चा की। स्थानीय जिला प्रशासकीय परिसर में बैठक के दौरान अतिरिक्त डिप्टी कमिशनर ने कहा कि जिला एसपीसीए का उद्देश्य जानवरों के अधिकार, स्वतंत्रता, कल्याण, सुरक्षा सुनिश्चित करना और उनके साथ क्रूरता के मामलों का समाधान करना है। उन्होंने समिति के सदस्यों से जानवरों के प्रति क्रूरता को रोकने के लिए एक व्यापक कार्य योजना तैयार करने और लागू करने की बात भी कही। इस बीच पशुओं के लिए शैलटर बीमार और घायल जानवरों को पशु चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करना, लोगों में पशु कल्याण और दया-भावना को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता पैदा करना एसपीसीए के लिए जमीन अलाटमैंट सहित विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा हुई।

बता दे कि जिला एसपीसीए में कमिशनर नगर निगम को चेयरमैन, डिप्टी चेयरमैन, डिप्टी डायरैक्टर पशु पालन विभाग को सचिव और संबंधित उपमंडल मजिस्ट्रेट, डिप्टी डायरैक्टर डेयरी, स्थानीय सरकारों से संबंधित स्वास्थ्य अधिकारी को सदस्य के तौर पर शामिल किया गया है। इसके साथ ही पुलिस कमिशनर एसएसपी (ग्रामीण) और संबंधित डीएसपी सदस्य के रूप में एक प्रतिनिधि को मनोनीत करने के इलावा, जिले में पशु कल्याण के लिए काम करने वाले संगठनों के सदस्यों को भी शामिल किया गया है।

इस अवसर पर डिप्टी डायरैक्टर पशुपालन विभाग जालंधर डा. हरमनिंदर सिंह, डिप्टी डायरैक्टर डेयरी इंद्रजीत सिंह, सहायक डायरैक्टर पशुपालन विभाग जालंधर डा.अनिल कपूर और गैर सरकारी संगठन से राजिंदर कौर मान, रीमा आदि उपस्थित थे।

## सिटी किड्स के बच्चों ने दिवाली पर बनाए सुंदर सुंदर कार्ड



» मदरलैंड संवाददाता

नारनौल। मोहल्ला नई सराय स्थित सिटी किड्स स्कूल में आयोजित दीपावली महोत्सव के तहत गुरुवार को कार्ड मेकिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस बारे में जानकारी देते हुए स्कूल प्राचार्य संतोष यादव ने बताया कि कार्ड मेकिंग कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को दीपावली त्यौहार के बारे में जानकारी देना था। उन्होंने बताया कि कार्ड मेकिंग बच्चों ने रंगों से दीपावली त्यौहार को कागज पर उकेरा उन्होंने बताया कि इसके तहत कक्षा प्री नर्सरी से यूकेजी तक के बच्चों ने अभिभावकों के सहयोग से सुंदर-सुंदर कार्ड बनाए गए। वही फर्स्ट से फोर्थ तक के विद्यार्थियों ने स्कूल में आकर अपनी कला का प्रदर्शन कर कार्डो को बनाया। उन्होंने बताया कि कार्ड मेकिंग स्कूल के 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस मौके पर साक्षी सेन, कविता सैनी, तरुण सैनी, पूनम गोयल, टीना वर्मा, रेनू, कविता देवी, आकांक्षा शर्मा और प्रीतम कुमार सहित अनेक अभिभावक व शिक्षक उपस्थित रहे।

## महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल ने प्रदूषण रहित दिवाली मनाने के लिए आयोजित की जागरूकता रैली



» मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ। महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल, दरिया,चंडीगढ़ ने लोगों को प्रदूषण रहित दीवाली मनाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से पर्यावरण विभाग के सहयोग से जागरूकता रैली आयोजित की। एनआरआई सुदर्शन गर्ग ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने दीवाली पर्व को शोर एवं प्रदूषण रहित मनाने की अपील की। विद्यार्थियों ने हाथों में खूबसूरत स्लोगन लिखे हुए पोस्टर्स और बैनर पकड़े हुए थे। विद्यार्थियों ने लोगों को कुदरत की सुरक्षा के लिए दीवाली को पौधारोपण करके मनाने की अपील की। कार्यक्रम के समापन पर स्टूडेंट्स ने पटाखों रहित दिवाली मनाने का प्रण भी लिया। इससे पूर्व स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को कहा कि वे पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पटाखे न चलाएं। उन्होंने बताया कि पटाखों के धुएं से पर्यावरण दूषित होता है। इस रैली में स्कूल के अधिकतर विद्यार्थियों ने भाग लिया।


## विद्यार्थी इस बार विदेशी वस्तुओं को न खरीद कर, राष्ट्रप्रेम का परिचय दे : जयमाला तोमर




जे.सी. बोस विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग के सोशल वर्क के विद्यार्थियों एंव स्टाफ कलब के सदस्यों की और से दीपावली के उपलक्ष्य में जन-चेतना रैली निकाली गयी। रैली का मुख्य उद्देश्य लोगों को मिल-जुल कर दीपावली मनाने एवं स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी करने के लिए प्रेरित करना था। सर्वप्रथम विख्यात , सुपसिद्ध कवयित्री एवं समाजसेवी जयमाला तोमर ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा की दीपावली सौहार्द का त्यौहार है इसलिए इस त्यौहार को सभी को मिलजुल मनाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा की वे इस बार विदेशी वस्तुओं को न खरीद कर राष्ट्रप्रेम का परिचय दे और दिवाली के लिए उपयोगी वस्तुओं को अपने आस-पास के दुकानदारों से ही खरीदें। उन्होंने दीपावली पर कम शोर और कम प्रदूषण वाले पटाखों का ही प्रयोग करने की अपील की ताकि प्रदूषण जैसी समस्या से निपटा जा सके। विश्वविद्यालय - प्रवक्ता ने विजय गौड़ ब्यूरो चीफ को बताया कि रैली विश्वविद्यालय के सी.वी रमन ब्लॉक से शुरू होकर कलाम चौक तक गई। इसके पश्चात सेक्टर 10 के बाजार में भी रैली निकालते हुए विभाग के विद्यार्थियों ने यहाँ मौजूद लोगों को मिलजुल कर दीवाली मनाने एवं हरित पटाखों के प्रयोग के प्रति जागरूक किया। विद्यार्थियों ने यहां स्थित दुकानदारों से बातचीत करते हुए उन्हें दीपावली पर स्वदेशी उत्पादों की बिक्री के लिए प्रेरित भी किया इस रैली में विद्यार्थियों द्वारा प्राकृतिक संसाधनों जैसे ऊर्जा संरक्षण, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण एवं हरित दीवाली, स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग सम्बन्धी कई नारे भी लगाए गए।

रैली का समापन विश्वविद्यालय के कलाम चौक पर किया गया। समापन अवसर पर रैली को विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ पवन सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा की दीपावली भारत का सबसे बड़ा त्यौहार है, इसलिए इस त्यौहार के मूल भाव समरसता को सदैव ध्यान में रख कर मनाना चाहिए। उन्होंने दीपावली के अवसर पर सभी को घरों में विदेशी लाइटों की बजाय दीप जलाकर पर्यावरण को शुद्ध करने का आह्वान भी किया। रैली का समापन राष्ट्रीय गान के साथ किया गया।

## दूसरे के पुरुषार्थ का कार्य करना है जीवन का सच्चा उद्देश्य:ओमप्रकाश यादव




» संतोष यादव, मदरलैंड संवाददाता

- मंत्री ओम प्रकाश यादव ने यादव धर्मशाला नारनौल में आयोजित सातवें राष्ट्रीय आयुर्वेदिक दिवस के उपलक्ष में नि:शुल्क आयुष कैंप का रिबन काटकर उद्घाटन किया।

नारनौल। प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने बृहस्पतिवार को बाबा खेतानाथ राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज पटीकरा नारनौल की ओर से यादव धर्मशाला नारनौल में आयोजित सातवें राष्ट्रीय आयुर्वेदिक दिवस के उपलक्ष में निःशुल्क आयुष कैंप का रिबन काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर मंत्री ओमप्रकाश यादव ने कहा कि बधाई के पात्र हैं इस कैंप के आयोजक जिन्होंने लोगों को आयुर्वेदिक पद्धति से निशुल्क इलाज किया है। उन्होंने कहा कि अपने लिए तो सब करते हैं सही मायने में दूसरे के पुरुषार्थ का कार्य करना है जीवन का सच्चा उद्देश्य है। मंत्री ओमप्रकाश यादव ने आयुर्वेदिक दवाइयों के बारे में जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि आयुर्वेदिक ऋषि मुनियों के टाइम की पुरानी पद्धति है पुराने समय में लोग आयुर्वेदिक पद्धति से अपना इलाज कराते थे।आज फिर इस आयुर्वेदिक पद्धति की तरफ लोग बढ़ रहे हैं। इस अवसर पर यादव सभा के सचिव मेंजर कंवर सिंह यादव,नारनौल बार के पूर्व प्रधान अशोक यादव सहीत अनेकों लोग मौजूद रहे।

## एससीडी राजकीय महाविद्यालय में 'जशन-ए-दिवाली' का आयोजन



» हरप्रीत सिंह, मदरलैंड संवाददाता

लुधियाना। एससीडी सरकारी कॉलेज, लुधियाना में एक दिवसीय दिवाली उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ तनवीर लिखारी ने किया। उन्होंने बताया कि केंद्र और राज्य सरकारों के निदेशानुसार युवाओं में उद्यमिता को बढ़ावा देने की तत्काल आवश्यकता है।इसी दृष्टि से इस मेला में 30 स्टॉल लगाए गए जिनमें जलपान और मिठाइयाँ, दीवाली की सजावट जैसे दीपक, मोमबत्तियाँ आदि शामिल थे, जो सभी छात्रों द्वारा स्वयं तैयार किए गए थे। किताबें, रिंग-टॉस/थ्रो गेम्स अन्य आकर्षण थे।इस कार्यक्रम में सरकारी कॉलेज लड़कियां, लुधियाना की प्राचार्या श्रीमती सुमन लता भी मौजूद रहीं।

कार्यक्रम की आयोजक प्रो. नीलम भारद्वाज और उनकी टीम ने इस आयोजन को बड़ी सफलता दिलाने के लिए अथक प्रयास किया। स्टाल नंबर 18 को सर्वश्रेष्ठ स्टाल और मनप्रीत सिंह व हर्षित को सर्वश्रेष्ठ वालंटियर चुना गया।

## पंजाब यूनिवर्सिटी यूथ एंड हेरिटेज फेस्टिवल (जोन बी) का तीसरा दिन GGSCW-26 में चल रहा है

» मदरलैंड संवाददाता



लुधियाना। पंजाब यूनिवर्सिटी यूथ एंड हेरिटेज फेस्टिवल (जोन बी), गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज फॉर विमेन, सेक्टर 26, चंडीगढ़ द्वारा आयोजित यूथ फेस्टिवल में हरपाल सिंह चीमा, वित्त मंत्री, सरकार और डॉ विजय नामदेवराव जादे (आईएएस), वित्त सचिव, चंडीगढ़, जी इस अवसर पर अतिथिमुख्य अतिथि थे। हरपाल सिंह चीमा ने निमंत्रण के लिए एसईएस प्रबंधन और प्रधानाचार्य को धन्यवाद दिया और प्रतिभागियों और पुरस्कार विजेताओं को उनके मंत्रमुग्ध कर देने वाले प्रदर्शन के लिए सराहना की। यह दिन भारतीय लोक परंपरा और संस्कृति को समर्पित था। डॉ विजय नामदेवराव जादे ने प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की और विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।

विभिन्न समानांतर कार्यक्रम विविध पारंपरिक और लोक नृत्य विरासत गायन आदि थे। शाम को, विभिन्न नृत्य मदों के लिए पुरस्कार विजेता थे। शास्त्रीय नृत्य पीजीजीसीजी-42 (प्रथम), पीजीजीसीजी-11 (द्वितीय) और जीजीएससीडब्ल्यू-26 और एमसीएम डीएवी 36 ने तीसरा स्थान हासिल किया।

ग्रुप डांस जनरल में, PGGCG-11 पहले, GGSCW-26 दूसरे और तीसरे स्थान पर PGGCG-42 और GHSC-10 ने साझा किया। इसी इवेंट की व्यक्तिगत श्रेणी में, सिवानी (पीजीजीसीजी-11)पहले,मुस्कान(जीजीएससीडब्ल्यू-26) दूसरे और तीसरे स्थान पर प्रभजोत (जीएचएससी-10) और भूमिका (पीजीजीसीजी-42) रहीं।

लोक नृत्य (लुड्डी) एमसीएम डीएवी 36 ने जीता, इसके बाद पीजीजीसीजी-11 दूसरे और तीसरे स्थान पर जीजीएससीडब्ल्यू-26 और डीएससीडब्ल्यू-45 ने साझा किया। व्यक्तिगत पुरस्कार अभिजीत कौर (पीजीजीसीजी-11) ने प्रथम प्रणमय जोशी (एमसीएम डीएवी 36) दूसरे और सुखमहक कौर (एमसीएम डीएवी 36) तीसरे स्थान पर रहीं।

हेरिटेज सॉन्ग आइटमः

लेडीज ट्रेडिशनल एंड रिचुअलिस्टिक सोंग्स ऑफ पंजाब में पीजीजीसीजी-42,ने पहला ,पीजीजीसीजी-11 को दूसरा और जीजीएसकेसीडब्ल्यू, झार साहिब ने तीसरा स्थान हासिल किया। जशनप्रीत कौर (पीजीजीसीजी-42) को व्यक्तिगत वर्ग में सर्वश्रेष्ठ, दूसरे में अश्विंदर कौर (जीजीएससीडब्ल्यू-26) और तीसरे में मंजीत कौर (जीजीएसकेसीडब्ल्यू, झार साहिब) को चुना गया।

कविश्री में पीजीजीसीजी 42 पहले, डीएससीडब्ल्यू 45 दूसरे और जीजीएसकेसीडब्ल्यू झार साहिब तीसरे स्थान पर रहा। व्यक्तिगत पुरस्कार रमनप्रीत कौर (PGGCG-42) ने पहले स्थान पर, रितिका (DSCW-45) ने दूसरे और अमनजोत कौर (GGSKCW, झार साहिब) ने तीसरे स्थान पर रही।

वार सिंगिंग पीजीजीसीजी-11 (प्रथम), उसके बाद डीएससीडब्ल्यू-45 (दूसरा) और जीजीएससीडब्ल्यू-26 (तीसरा) ने जीता। व्यक्तिगत वर्ग में अनमोलप्रीत कौर (DSCW-45) पहले, मनजिंदर कौर (PGGCG-11) दूसरे और परमजीत कौर (GGSCW-26) तीसरे स्थान पर रहीं।

काली सिंगिंग में DSCW-45 पहले, PGGCG-11 दूसरे और PGGCG-42 तीसरे स्थान पर रहा। व्यक्तिगत पुरस्कार अनमोलप्रीत कौर (डीएससीडब्ल्यू-45), नवजोत कौर (पीजीजीसीजी-42) ने दूसरे और मनजिंदर कौर (पीजीजीसीजी-11) ने तीसरा स्थान हासिल किया।

प्रधानाचार्य डॉ जतिंदर कौर ने मुख्य अतिथि और विभिन्न मेहमानों को धन्यवाद दिया और विजेताओं के साथ-साथ सभी प्रतिभागियों को युवा महोत्सव की रोमांचक प्रतियोगिताओं के लिए बधाई दी, जिनसे हमारी विरासत और संस्कृति के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला गया।

## मेरा वोट मेरा भविष्य अभियान के तहत युवाओं ने आगामी पंचायत चुनाव को लेकर की नुक्कड़ सभाएं

» मदरलैंड संवाददाता




कनीना। खण्ड के गांव रामबास में मेरा वोट मेरा भविष्य अभियान के तहत युवाओं ने आगामी पंचायत चुनाव को लेकर नुक्कड़ सभाएं की। युवाओं ने जगह जगह लोगों को इक्ठा करके नुक्कड़ सभाएं की और मतदाताओं को अनाप-शनाप खर्च करने उम्मीदवार को नकारने के लिए आग्रह किया।

गांव के पर्यवारण सेवी मनोज रामबास ने बताया कि आज पंचायत में हमें दूरगामी दृष्टि वाले योग्य लोग चाहिए जो भविष्य की चुनौतियों को ध्यान में रखकर गांव की योजना बनाकर कार्य कर सकें। अगर गांव की पंचायत सही होगी तो पर्यावरण सरंक्षण पर काम होगा, जल सरंक्षण पर काम होगा।लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज भी लोग नशे, लालच में आकर अपने आगामी भविष्य हेतु अयोग्य व भ्रष्टाचार को जन्म देने वाले लोगों को चुन लेते हैं। कई बार लोग अपने परिवार, गौत्र, टोले के आधार पर ऐसे अयोग्य लोग भी चुन लेते हैं जिनके पास न तो जन कल्याण की नीति होती और न ही नीयत।

मुन्नी देवी ने बताया हम अपनी अगली पीढ़ी को क्या संस्कार दे रहे हैं, उनके लिए क्या भविष्य छोड़ कर जा रहें हैं ये हर मां बाप के सामने प्रश्न है।ज्यादातर उम्मीदवार शराब पैसे के बलबूते भी युवाओं को भ्रमित करते हैं, इससे उनके परिवारों में क्लेश बनता है और.युवा इस ओर आकर्षित होते हैं। इस मौके पर मनोज कुमार रामबास , अमित, अजय, विकास, रतिराम, करतार, मुन्नी देवी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# काँग्रेसः बुजुर्ग अध्यक्ष और 21 वीं सदी का चुनौतियों भरा ताज



ऋतुपर्ण दवे

काँग्रेस ने आखिर 21 वीं सदी का पहला नया लोकतांत्रिक अध्यक्ष चुन ही लिया जो गाँधी परिवार के बाहर का है। यह जबरदस्त प्रचार और बेहद शांति के साथ आंतरिक लोकतंत्र की दुहाई के नाम पर हुआ। वह भी तब जब गाँधी परिवार का वारिस (जैसा दिखता है) 42 दिन से दिल्ली से बाहर है और पैदल-पैदल भारत जोड़ो यात्रा पूरी कर रहा है। बेशक पार्टी बेहद मुश्किल दौर में है, जनाधार तेजी से गिरा है, भविष्य क्या होगा इसको लेकर अनिश्चितता है। पार्टी में तेजी से फूट, गुटबाजी और बिखराव के बीच एक बड़ा संदेश देने की कोशिश कितनी कामियाब होगी यह वक्त बताएगा। अब काँग्रेस पार्टी का चुनौतियों से भरा ताज 80 बरस के मल्लिकार्जुन खड़गे के माथे पर है जिनका अनुभव भरा 55 साल का राजनीतिक सफर है। वो गाँधी परिवार के बेहद विश्वासी हैं। लेकिन यह भी जगजाहिर है कि गाँधी परिवार के बाहर के तमाम अध्यक्ष अपने अच्छे रिश्तों के चलते पार्टी अध्यक्ष तक पहुंचे जरूर लेकिन धीरे-धीरे कड़वाहट बढ़ती गई और देर-सबेर हटना या हटाना ही पड़ा। गिनाने की जरूरत नहीं सबको पता है कि के कामराज से लेकर सीताराम केसरी तक गैर नेहरू-गाँधी अध्यक्षों को कैसे-कैसे दौर से गुजरना पड़ा। बहरहाल तब और अब में फर्क तो दिखता है। हो सकता है कि परिस्थितियां इसके लिए मजबूर करें कि वैसी पुनरावृत्ति न हो।

काँग्रेस का इतिहास देखें तो 137 साल के सफर में छठवी बार पार्टी अध्यक्ष का चुनाव हुआ है। बांकी वक्त पार्टी की कमान नेहरू-गांधी परिवार के हाथों में या फिर सर्वसम्मत चुने अध्यक्ष के पास रही। इस बार भी पहले की तरह गाँधी परिवार ने साफ कर दिया था कि वो इस दौड़ में नहीं है। उसके बाद जिस तेजी से अशोक गहलोत का नाम उभरा और मुख्यमंत्री की कुर्सी के मोह में पिछड़ा तब से मल्लिकार्जुन खड़गे बहुत तेजी से सामने आए और शशि थरूर उनके प्रतिद्वन्दी बने। जीत गाँधी परिवार के वरदहस्त प्राप्त मल्लिकार्जुन खड़गे को मिली। जीतते ही उन्होंने सोनिया गाँधी से मिलने का वक्त मांगा। हुआ उल्टा शाम को बधाई देने खुद सोनिया गाँधी उनके घर पहुंची और बड़ा संदेश दे डाला। इससे पहले थरूर ने पहले उप्र में चुनाव में धांधली का आरोप लगाया बाद में खुद ही बड़ा दिल दिखाते हुए खड़गे को मुबारकबाद देने उनके घर जा पहुँचे। निश्चित रूप से यह पार्टी के लिहाज से सकारात्मक कहा जाएगा लेकिन सवाल फिर वही कि खड़गे का नेतृत्व काँग्रेस को कितना आगे ले जाएगा?

थोड़ा अतीत में भी झांकना होगा। 1964 से 1967 तक के दौर में काँग्रेस दिग्गजों को सरकार से इस्तीफा दिलाकर संगठन में ला पार्टी को मजबूत करने वाला ह्यकामराज प्लानह्न अपने आप में अलग था। इसकी शुरूआत 1963 में खुद से ही की जब कामराज ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के पद से स्तीफा देकर उदाहरण पेश किया। इसी कारण और कई राज्यों में मुख्यमंत्रियों और केंद्रीय मंत्री भी इस्तीफे को विवश हुए। नेहरू जी की मृत्यु के बाद इन्हीं ने इंदिरा गांधी को प्रधानमंत्री बनाने में बड़ी राजनीतिक बिसातें बिछाईं और कामियाब भी हुए। लेकिन एकाएक कई मतभेदों के चलते दोनों के रिश्ते बिगड़ते चले गए। इसी चलते 1969 में काँग्रेस दो टुकड़े हो गई। सिंडिकेट के नियंत्रण वाला धड़ा कांग्रेस (ओ) हो गया और इंदिरा के नेतृत्व वाला धड़ा कांग्रेस (आर) बन गया जो मौजूदा कांग्रेस है। दो साल बाद 1971 में लोकसभा चुनाव के साथ-साथ तमिलनाडु विधानसभा चुनाव भी हुए। इसमें कामराज अपने गुट की तरफ से मुख्यमंत्री के दावेदार थे। इधर इंदिरा गांधी ने भी जबरदस्त चाल चली उन्होंने द्रविण मुनेत्र कड़गम (डीएमके) के एम करुणानिधि के साथ मिलकर खेला कर दिया। इन्दिरा कांग्रेस ने डीएमके से गठबंधन कर लिया और विधानसभा चुनाव में ही नहीं उतरी। उल्टा लोकसभा चुनाव खातिर डीएमके से सीटों का समझौता कर लिया और कामराज का मुख्यमंत्री बनने का सपना चूर-चूर कर दिया। इसी के बाद तमिलनाडु में ऐसे हालात बनते गए कि काँग्रेस खुद हासिए पर चली गई।

1991 में राजीव गांधी की हत्या के बाद के हालात भी देखने होंगे। हत्या पहले चरण के बाद हुई जिसके नतीजे कांग्रेस के लिए अच्छे नहीं थे। लेकिन बाद के चरण में सहानुभूति के चलते 232 सीटें जीतकर काँग्रेस बड़ा दल बनी फिर भी बहुतमत से पीछे रह गई। उसी समय सोनिया गाँधी को आगे आने के लिए खूब जोर आजमाइश हुई। लेकिन वो तैयार नहीं हुईं। आखिर में नरसिम्हा राव के नाम पर मुहर लगी जिन्होंने पूरे 5 साल गठबन्धन की सरकार चलाई और पार्टी भी संभाली। बतौर पार्टी अध्यक्ष अपनी मनमर्जी से संगठन चलाने और प्रधानमंत्री के रूप में देश चलाने से उनके गाँधी परिवार से रिश्ते बिगड़ने लगे। नरसिम्हा राव ने डूबती अर्थव्यवस्था को उदारीकरण के जरिए बचाया था। 1996 में भ्रष्टाचार के मामले में उन्हें काँग्रेस अध्यक्ष पद छोड़ना पड़ा। सीताराम केसरी को भी गाँधी परिवार ने बड़े जोश-खरोश से अध्यक्ष बनाया था लेकिन संबंध ज्यादा दिनों तक नहीं निभे। कई नेताओं और सलाहकारों के द्वारा लगातार कान भरे जाने से हमेशा गाँधी परिवार के विश्वासी और भक्त माने जाने वाले केसरी भी आँखों की किरकिरी बन गए। अंततः 5 मई 1998 को अपनी ही बुलाई काँग्रेस वर्किंग कमिटी की बैठक में उन्हें पार्टी की बदहाली का हवाला दिया गया और सोनिया गाँधी को अध्यक्ष बनाने की सिफारिश को कहा गया। केसरी ने इसे क्या ठुकराया उन्हें भी जबरदस्त अपमान का सामना झेलना पड़ा। वो बीच बैठक से चले गए और प्रणव मुखर्जी ने वरिष्ठता के नाते आगे अध्यक्षता की जिसमें दो प्रस्ताव पास हुए। एक में सीताराम केसरी को उनके कार्यकाल के लिए आभार जताया तो दूसरे में सोनिया गाँधी से अध्यक्ष पद स्वीकारने की अपील की गई। साल भर बाद एक बैठक में पहुंचने पर केसरी के कुर्ता फाड़ने व अपमानित करने की बातें सबने देखीं।

नए काँग्रेस अध्यक्ष 6 भाषाओं के जानकार हैं। मूलतः दक्षिण भारत से होकर भी हिन्दी भाषा में जबरदस्त दखल रखते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष बनने वाले दूसरे महादलित नेता हैं। 1971 में बाबू जगजीवन राम पहले अध्यक्ष बने थे। दो बार सांसद और 9 बार लगातार विधायक रहने वाले खड़गे ने 2009 गुलबर्गा लोकसभा चुनाव जीत लगातार दसवीं जीत हासिल की। 2014 में मोदी लहर के बावजूद वो गुलबर्गा लोकसभा चुनाव जीते। लेकिन 2019 में मोदी की सुनामी के आगे वो गुलबर्गा लोकसभा चुनाव हार गए। 12 चुनाव लड़ने के दौरान यह उनकी पहली हार थी।

अब देखना होगा कि इस दौर में जब मीडिया और सोशल मीडिया बेहद सशक्त है, मल्लिकार्जुन खड़गे काँग्रेस को कहां तक ले जा पाते हैं। आज भी कुछ को छोड़ तमाम काँग्रेसी दिग्गज बड़ी बहसों, जनसंवादों में नदारत दिखते हैं। अखबारों में लेख लिख जान फूंकने की कोशिशें तो दूर, टीवी के फ्रेम में आने से भी डरते हैं। लेकिन खुद को सत्ता से बाहर हुआ मानने को तैयार नहीं! व्यव्हार, आचरण में वही खनक वही रौब। जिनकी वार्ड चुनाव जीतने की औकात नहीं वो बड़े पदाधिकारियों की चाटुकारिता कर, विज्ञप्तिवीर बन संगठन में बरसों से काबिज हैं। क्या ऐसे चाटुकारों का भी हिसाब-किताब किया जाएगा? चंद हफ्तों बाद होने वाले हिमांचल और गुजरात चुनाव में काँग्रेस की स्थिति किससे छिपी है।

हां, एक सबसे बड़ा सवाल उभर रहा है कि राहुल गाँधी की भारत जोड़ो यात्रा का 12 राज्यों से होकर 3570 किलोमीटर लंबा सफर मुकर्रर है। जिसमें खड़गे के अध्यक्ष बनने तक वो 1250 किलोमीटर तय कर चुके हैं। बेशक इससे काँग्रेस की स्थिति मजबूत होगी और उमड़ते जनसैलाब के संकेत सुकून भरे हैं। वहीं खड़गे को लेकर राहुल का बयान कि उनकी भूमिका नए अध्यक्ष तय करेंगे और वो खड़गे जी को रिपोर्ट करेंगे के कई मायने हो सकते हैं। जब यात्रा शुरू की थी तब सोनिया गाँधी अंतरिम अध्यक्ष थीं जब तक यात्रा का लगभग 35 प्रतिशत हिस्सा तय किया तो मल्लिकार्जुन अध्यक्ष हो गए। एक सवाल स्वाभाविक है जो सबके मन में है कि पार्टी में अव्वल कौन दिखेगा राहुल, खड़गे या सोनिया? लोकतंत्र की मजबूती की खातिर सशक्त विरोधी दल देश के लिए जरूरी है। अच्छा होता इस बार काँग्रेस आपसी विरोध न दिखा विरोधियों को अपनी ताकत दिखाती। कुछ भी हो लोगों में इसको लेकर उत्सुकता और वक्त का इंतजार है कि हैसियत में कौन ताकतवर होगा 10 राजाजी मार्ग (खड़गे निवास) या 10 जनपथ (सोनिया निवास)?

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार हैं।)

## संपादकीय



### कांग्रेसः राहुल ही अंतिम आशा

कांग्रेस को 24 साल बाद सोनिया परिवार के बाहर का एक अध्यक्ष मिला है। क्यों मिला है? क्योंकि सोनिया-गांधी परिवार थक चुका था। उसने ही तय किया कि अब कांग्रेस का मुकुट किसी और के सिर पर धर दिया जाए। माँ और बेटे दोनों ने अध्यक्ष बनकर देख लिया। कांग्रेस की ताकत लगातार घटती गई। उसके महत्वपूर्ण नेता उसे छोड़-छोड़कर अन्य पार्टियों में शामिल होते जा रहे हैं। ऐसे में कुछ नई पहल की जरुरत महसूस की गई। दो विकल्प सूझे। एक तो भारत जोड़ो यात्रा और दूसरा ढूंढें कोई ऐसा कंधा, जिस पर कांग्रेस की बुझी हुई बंदूक रखी जा सके। भारत कहाँ से टूट रहा है, जिसे आप जोड़ने चले हैं? वह वास्तव में टूटती-बिखरती कांग्रेस को जोड़ो यात्रा है। इसमें शक नहीं कि इस यात्रा से राहुल को प्रचार काफी मिल रहा है लेकिन कांग्रेस से टूटे हुए लोगों में से कितने अभी तक जुड़े हैं? कोई भी नहीं। खैर, यात्रा अच्छी है। उससे कांग्रेस को कुछ फायदा हो या न हो, राहुल गांधी के अनुभव में जरुर वृद्धि होगी। लेकिन जो बंदूक नए अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के कंधे पर रखी गई है, वह तो खाली कारतूसोंवाली ही है। यह तो सबको पता था कि शशि थरुर को तो हारना ही है लेकिन उनको हजार से ज्यादा वोट मिल गए, यही बड़ी बात है। इतने वोट सोनिया के विरुद्ध जितेंद्रप्रसाद को नहीं मिले थे। उन्हें तो लगभग 8 हजार के मुकाबले 100 वोट भी नहीं मिले थे। इसका कारण है, जितेंद्रप्रसाद, जिसके विरुद्ध अध्यक्ष का चुनाव लड़ रहे थे, वह महिला अपने पांव पर खड़ी थी लेकिन खड़गे तो बैसाखी पर फुदक रहे थे। चुनाव अभियान के दौरान खड़गे ने कई बार यह स्पष्ट कर दिया की वे रबर की मुहर बनने में ही परम प्रसन्न होंगे। थरुर भी खड़गे को चुनौती दे रहे थे और उन्होंने उन्हें टक्कर भी अच्छी दे दी लेकिन दबी जुबान से वे भी स्वामीभक्ति प्रकट करने में नहीं चूक रहे थे। याने गैर-गांधी अध्यक्ष आ जाने के बावजूद कांग्रेस जहां की तहां खड़ी है और वह ऐसे ही खड़ी रहेगी, ऐसी आशंका है। क्या थरुर के पास कोई नए विचार, नई नीतियां, नई रणनीति, नया कार्यक्रम और नए कार्यकर्त्ता हैं, जो इस अधमरी कांग्रेस में जान फूंक सकें? थरुर में ऐसी किसी क्षमता का परिचय आज तक नहीं मिला। ऐसी स्थिति में यह क्यों नहीं मान लिया जाए कि खड़गे को जो भी आदेश ऊपर से मिलेगा, कांग्रेस उसी रास्ते पर चलती रहेगी। शशि थरुर भी जितेंद्रप्रसाद की तरह खड़गे के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने लगेंगे। हाँ, राहुल गांधी जो कि इस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मालिक हैं, यदि वे चाहें तो अपनी पार्टी में प्राण फूंक सकते हैं। वे ही अंतिम आशा हैं लेकिन यह तभी होगा जबकि वे थोड़ा पढ़े-लिखें, जन-सम्पर्क बढ़ाएं और पार्टी तथा बाहर के भी अनुभवी लोगों से परामर्श करें और मार्गदर्शन लें। यदि यह नहीं हुआ तो कांग्रेस का हाल भी वही होगा, जो लोहिया की समाजवादी पार्टी और राजाजी की स्वतंत्र पार्टी जैसी कई पार्टियों का हुआ है। यदि ऐसा हुआ तो भारतीय लोकतंत्र के निरंकुश होने में कोई कसर बाकी नहीं रहेगी।


# कांग्रेस के सुधार प्रयासों की तरफ बढ़ते कदम पर चुनौतियां बरकरार

## इधर लोकतांत्रिक तरीके से अध्यक्ष चयन, उधर संवाद मजबूत करने पदयात्रा



रहीम खान

**नये अध्यक्ष खडगे की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि वह किस तरह से इस पद के साथ न्याय कर पायेगें। किस तरह से संगठन को वह नई मजबूती दे पायेगें। ये बात भी जिज्ञासा का विषय है। अभी से उनके नेतृत्व को लेकर टीकाटिप्पणी करना उचित नहीं है हालांकि इस पद के प्रबल दावेदार दिग्विजय सिंह थे पर आंतरिक राजनीतिक समीकरणों के चलते उन्हें इस लडाई से हटना पडा। हालांकि खडगे के अध्यक्ष बनने से संपूर्ण दलित समाज कांग्रेस से जुड़ जायेगा ऐसा नहीं कहा जा सकता पर उन्हें सामने लाकर कांग्रेस ने भाजपा के राष्ट्रपति दलित महिला के कार्ड को काऊंटर करने का प्रयास किया है। देखना यह है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष गैर गांधी परिवार के होने के बाद वह पार्टी के लिये क्या कुछ नया कर पाता है। अध्यक्ष कोई भी रहे कांग्रेस के भीतर गांधी परिवार का अपना जो महत्व है वह यथावत रहेगा।**



भारतीय राजनीति में पांच दशक तक केन्द्र और राज्य की राजनीति में एकतरफा हुकुमत करने वाली कांग्रेस पार्टी वर्ष 2014 के बाद राजनीतिक संक्रमण काल से गुजर रही है । इसके एक नहीं अनेक कारण है। जब कांग्रेस सत्ता में थी तब लोगों में जमकर मक्खन, मलाई चाटा और खाया और जब संघर्ष का दौर आया तो यह अवसरवादी चेहरे कांग्रेस छोड़कर दूसरे दलों में शामिल हो गये। कांग्रेस के साथ यह कहावत पूरी तरह से खरी उतरती है कि घर का भेदी लंका ढाये। कांग्रेस की प्रगति एवं संघर्ष दोनों में गांधी परिवार का जो योगदान है उसको उपेक्षित नहीं किया जा सकता। कांग्रेस ने प्रतिकूल परिस्थितियों से बाहर निकलने के लिये भरपूर प्रयास किया है पर सफलतायें उसको उस तरह से प्राप्त नहीं हो पाई जैसी मेहनत रही है। इन सब के बावजूद कांग्रेस में सुधार के प्रयास निरंतर गतिशील है, उसके बावजूद उसकी जो राजनीतिक चुनौतियां है वह अपने जगह कायम है। सत्ता में रहते संगठन को जमीन स्तर से मजबूत नहीं कर पाने के कारण उसे अनेक तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं केन्द्रीय और राज्य के नेतृत्व में आपसी समन्वय के कारण भी अनेक प्रकार की राजनीतिक विषमताओं से कांग्रेस को गुजरना पड़ रहा है।

यूं जो देश में अनेक राजनीतिक दल है, किंतु लोकतंत्र के नाम पर अनेक दलों में खाना पूर्ति की जाती है खानापूर्ति की जाती है कांग्रेस में भी कुछ इसी तरह की स्थितियां देखी गई पर हाल ही में सम्पन्न कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव में पूरी तरह से लोकतांत्रिक नियमों का पालन किया गया है। विधिवत रूप से अध्यक्ष का चुनाव हुआ, जहां पर 9 बार के विधायक एवं लोकसभा व राज्यसभा के सदस्य रहे वरिष्ठ दलित नेता मल्लिकार्जुन खडगे ने चुनाव में विजयश्री प्राप्त कर एक नया इतिहास बनाया। 1885 से 2022 के बीच में कांग्रेस में 97 अध्यक्ष रहे जिसमें से 29 बार अध्यक्ष गांधी परिवार से थे और 68 बार गैर गांधी परिवार के लोक अध्यक्ष रहे। मोतीलाल नेहरू 1919 एवं 1928 में जवाहरलाल नेहरू 1930, 1936, 1937 में, इंदिरा गांधी 1959, 1978, 1983 में राजीव गांधी 1985 से 1991 तक, राहुल गांधी 2017 से 2019 तक, एवं सोनिया गांधी 1998 से लेकर 2022 तक के मध्य अलग अलग भाग में वह 20 वर्षो से ज्यादा समय तक अध्यक्ष रही। उनके कार्यकाल में कांग्रेस लगातार 10 वर्षो तक केन्द्र में सरकार बनाने में सफल भी हुई। वहीं बाद के कार्यकाल में कांग्रेस को अपेक्षाओं के अनुरूप सफलता अर्जित नहीं हो पाई। राहुल गांधी अध्यक्ष बने पर लोकसभा चुनाव 2019 में विफलताओं के कारण उन्होंने इस पद से त्यागपत्र दिया। भारतीय राजनीति में सबसे पुरानी कहे या बुर्जुग पार्टी के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष खडगे के कंधों पर पार्टी की विरासत और लोकतांत्रिक मूल्यों को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी मिली है वहीं एक कार्यकर्ता भी पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकती है यह धारण एक संगठन को मजबूत बनाने के क्षेत्र में सार्थक कदम कही जायेगी। 1970 से 1971 तक जगजीवन राम पहले कांग्रेस के दलित अध्यक्ष थे उसके बाद इसी वर्ग से खडगे सामने आये है। इनके अध्यक्ष बनने से कांग्रेस पर परिवारवाद और एक ही परिवार की पार्टी का जो आरोप लगता था वह स्वतः ही समाप्त हो जायेगा। नये अध्यक्ष खडगे की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि वह किस तरह से इस पद के साथ न्याय कर पायेगें। किस तरह से संगठन को वह नई मजबूती दे पायेगें। ये बात भी जिज्ञासा का विषय है। अभी से उनके नेतृत्व को लेकर टीकाटिप्पणी करना उचित नहीं है हालांकि इस पद के प्रबल दावेदार दिग्विजय सिंह थे पर आंतरिक राजनीतिक समीकरणों के चलते उन्हें इस लडाई से हटना पडा। हालांकि खडगे के अध्यक्ष बनने से संपूर्ण दलित समाज कांग्रेस से जुड़ जायेगा ऐसा नहीं कहा जा सकता पर उन्हें सामने लाकर कांग्रेस ने भाजपा के राष्ट्रपति दलित महिला के कार्ड को काऊंटर करने का प्रयास किया है। देखना यह है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष गैर गांधी परिवार के होने के बाद वह पार्टी के लिये क्या कुछ नया कर पाता है। अध्यक्ष कोई भी रहे कांग्रेस के भीतर गांधी परिवार का अपना जो महत्व है वह यथावत रहेगां।

वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी का आम जनता के साथ जो संवाद होना चाहिये वह पूरी तरह से टूट गया था, जिसे कायम करने के लिये अनेक तरह के प्रयास किये गये परन्तु उसमें वह सफल नहीं हो पाये, ऐसी विषम परिस्थितियों में पदयात्रा जो आम आदमी से सीधे जुडने या संवाद का बड़ा माध्यम है उस पर अमल करने का कांग्रेस की पहल कारगर साबित होते हुए दिख रही है। 2017 में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह नर्मदा परिक्रमा के माध्यम से हजारो किलोमीटर की पदयात्रा करके केवल अपनी ही छबि नहीं सुधारी बल्कि कांग्रेस को भी उन्होंने लाभ दिया। उसी का परिणाम था कि 2018 में मध्यप्रदेश में कांग्रेस पार्टी सत्ता में वापस लौटी थी। ये दिगर बात है कि पार्टी के भीतर नेताओं की आपसी वर्चस्व की लड़ाई में उन्हें पांच साल की सत्ता को पन्द्रह माह में गंवाना पडा। दिग्विजय सिंह के मार्गदर्शन में ही जमीनी संवाद को मजबूत करने के लिये 07 सितम्बर 2002 से कन्याकुमारी से प्रारंभ हुई कांग्रेस की भारत जोड़ा पदयात्रा इनपंक्तियों के लिखे जाते तक तामिलनाडू, केरल, कर्नाटक एवं आन्ध्रप्रदेश में पहुंच चुकी है। 1000 किलोमीटर से अधिक यह पदयात्रा अपना रास्ता पार कर चुकी है। इस यात्रा ने वास्तविक रूप से राहुल गांधी की छबि जिस तरह से करोड़ो रुपए खर्च करके भाजपा ने बिगड दी थी उसमें व्यापक सुधार हुआ है उनको देखने समझने का आम जनता में दृष्टिकोण बदला है। उनसे जिस प्रकार बच्चे, किशोर, वयस्क वर्ग के पुरूष महिला अपनापन दिखाते हुए मुलाकात कर रहे है मध्यम वर्ग व गरीब वर्ग से जुड़े लोग जिस तरह से उन पर अपना प्रेम लुटा रहे है उसमें एक नई तरह की छबि जनता में राहुल की बनाई है। हालांकि इस यात्रा को बदनाम करने के लिये भाजपा द्वारा जितने सारे हथकंडे अपनाये जा रहे है वह कहीं भी कारगार साबित होते नहीं दिख रहे है। क्योंकि भाजपा के नेताओं ने यात्रा की है वह रथयात्रा थी पदयात्रा नहीं थी। आम जनता से संवाद को मजबूत करने के दृष्टिकोण से कांग्रेस से कन्याकुमारी से कश्मीर तक की यह यात्रा तीन उद्देश्यों को लेकर आगे बढ़ रही है जिसको जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। बल्कि यू कहे कि कांग्रेस को इस यात्रा ने नई संजीवनी दी है इसमें कोई अतिश्योति नहीं है। इससे कितना लाभ मिलेगा यह अलग बात है राहुल गांधी जो कोरोना काल हो या उत्तरप्रदेश के भिन्न हुए अत्याचार हर जगह उन्होने भाजपा सरकार से लोहा लेने में कहीं कोई कमी नहीं छोड़ी। 1000 से अधिक किलोमीटर पैदल चलना सहज और सरल कार्य नहीं है।

बहरहाल राजनीतिक संक्रमण काल से निकलने के लिये कांग्रेस की यह पदयात्रा पार्टी के लिये मील का पत्थर साबित होगी ऐसा माना जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ संगठन की कमान गैर गांधी परिवार के हाथ में होने के बाद संगठन में भी व्यापक स्तर पर सुधार होगा और 2024 का लोकसभा इलेक्शन कांग्रेस पूरे आत्मविश्वास और योजनाबद्ध रूप से लड़ेगी ऐसा अनुमान है। कांग्रेस के सुधार प्रयासों के अंतर्गत जो कुछ किया जा रहा है। उसका राजनीतिक लाभ कितना होगा उसका उत्तर भविष्य के गर्भ में है पर कार्यकताओं में नई ऊर्जा का संचार हो रहा है यही उसके लिये वरदान का विषय है। आने वाले में हिमाचल प्रदेश गुजरात, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश राजस्थान इत्यादि राज्यों के चुनाव में कांग्रेस किस तरह से भाजपा की चुनौतियों को मात देगी यह बात भी जिज्ञासा का विषय है।

# धर्मांतरण और जनसंख्या असंतुलन और संघ



सनत जैन

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी मंडल की बैठक में सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने धर्मांतरण को साजिश बताते हुए भारत में जनसंख्या के असंतुलन से जोड़कर चिंता जताई है। उन्होंने कहा जनसंख्या असंतुलन के लिए दूसरा सबसे बड़ा मुद्दा घुसपैठ है। बांग्लादेश के रास्ते उत्तर बिहार के पूर्णिया कटिहार जैसे जिलों में और अन्य राज्यों में जनसंख्या असंतुलन देखने को मिल रहा है। होसबोले ने देश में जनसंख्या विस्फोटक को चिंताजनक बताया। उन्होंने इस विषय पर समग्रता एकता और एकात्मता के साथ विचार करने और जनसंख्या नीति बनाने की बात कही।

धर्मांतरण एक अलग विषय है। जनसंख्या एक अलग विषय है। इन दोनों विषयों को एक साथ जोड़ कर देखना मुद्दे से भटकने जैसा है। धर्मांतरण कब और क्यों होता है। संघ को इस पर भी विचार करना चाहिए। जब अपने ही धर्म को मानने वाले लोगों के साथ भेदभाव शुरू करते हैं। उनके सुख-दुख से अपने आप को दूर कर लेते हैं। उसके बाद धर्म परिवर्तन जैसी स्थितियां निर्मित होती हैं। हजारों साल पहले जब मुगल आक्रांता भारत आए थे, उस समय माना जा सकता है कि उन्होंने तलवार के बल पर धर्म परिवर्तन कराया हो। लेकिन हजारों साल का इतिहास देख और पढ़ लें। शासकों द्वारा तलवार की नोक पर धर्मांतरण कम कराया गया है। उससे ज्यादा धर्मांतरण खुद हिंदुओं की अपनों को अलग करने की प्रवृत्ति से लोग मुसलमान बने। संघ को यह भी विचार करना चाहिए कि मोहम्मद अली जिन्ना के पूर्वज क्यों मुसलमान बनने के लिए विवश हुए। उन स्थितियों को रोकने के लिए हिंदू समाज ने स्वतंत्रता एवं वर्तमान में क्या किया। सिख धर्म की



स्थापना बाहर से आ रहे आक्रांताओं को रोकने और जबरिया धर्म परिवर्तन के खिलाफ हुआ था। आज भी सिख धर्म में जात-पात, छोटा-बड़ा, स्त्री-पुरुष का भेद नहीं है। सिख धर्म के लोग कभी भी अपने समुदाय के लोगों को सिख धर्म से बाहर नहीं निकालते हैं। हिंदुओं का तो इतिहास भरा पड़ा है, कि जरा जरा सी बात पर लोगों को जात से बाहर निकालने और हुक्का पानी बंद कर दिया गया। अपमानित होने के कारण समय-समय पर हिंदू धर्म के लोग अन्य धर्मों को अपनाने के लिए विवश हुए। कम से कम मोहम्मद अली जिन्ना और स्वतंत्र भारत में बौद्ध धर्म को याद कर लें।

हिंदू समाज जब अपने ही लोगों के हितों के संवर्धन के लिए आगे आएगी। उनके दुख दर्द दूर करेगी। तब ऐसा कोई कारण नहीं है, कि लोग अपना धर्म छोड़कर अन्य धर्म को स्वीकार करें। बात अकेले मुस्लिम धर्म की नहीं है मुस्लिम, ईसाई, बौद्ध धर्म पिछले 1000 साल में बड़ी तेजी के साथ दुनिया भर में फैले। इन धर्मों को अपनाने वालों की संख्या पिछले 1000 साल में बड़ी तेजी के साथ बढ़ी। मुस्लिम धर्म 1400 साल पुराना है। ईसाई धर्म 2000 साल पुराना है। सनातन धर्म जो दुनिया का सबसे पुराना और सबसे अच्छा धर्म है। इसका विस्तार क्यों नहीं हुआ। यह सोचने की जरूरत है। रही बात जनसंख्या की, तो जनसंख्या ज्यादा होना उस देश की आर्थिक समृद्धि एवं बलवान होने का संकेत है। चीन इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। सबसे बड़ी आबादी होते हुए भी वैश्विक व्यापार संधि के बाद चीन ने आर्थिक एवं सामरिक दृष्टि से अपने आप को सक्षम बना लिया। चीन की श्रम शक्ति के कारण ही संभव हो पाया। विचार करें जमीन एवं फीमेल में प्रजनन क्षमता है। जिस देश के पास जितनी भूमि होगी, उसकी प्रजनन क्षमता ज्यादा होगी। वहीं सबसे विकसित राष्ट्र होगा। भारत को देवभूमि इसलिए कहा जाता है कि यहां की भूमि की प्रजनन क्षमता सबसे अधिक है। यहां का मौसम उसके प्रजनन में मदद करता है। इसी तरीके से पर्याप्त जनसंख्या को उसे सही काम एवं सही दिशा में लगाया जाए, तो श्रम शीलता के कारण आर्थिक एवं सामाजिक विकास के सभी कार्य आसानी के साथ यह बहुत कम समय में हो सकते हैं। जब श्रम शक्ति का उपयोग ना हो तो यह बोझ बन जाता है। भारत में श्रम शक्ति वर्तमान में बोझ के रूप में है करोड़ों की संख्या में युवा बेरोजगार घूम रहे हैं। हम उनका सदुपयोग नहीं कर पा रहे हैं। जबकि दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी भारत के पास है। चीन अब जनसंख्या बढ़ाने में लगा हुआ है। समग्र दृष्टि से चिंतन करने की जरुरत है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा विवेक पब्लिशर्स, ए 16, सेक्टर 7, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, से मुद्रित एवं 203 एफ 32, विजय ब्लॉक लक्ष्मी नगर, दिल्ली -11 00 92 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाऐगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

## संक्षिप्त समाचार

### शानदार रंगोली की प्रस्तुति



मदरलैण्ड संवाददाता, अररिया। बुधवार को जेनिथ पब्लिक स्कूल में दीपावली के उपलक्ष में बुद्धा हाउस द्वारा जिसमे अमन व शांति की प्रतीक कबूतर की शानदार रंगोली बनाई गई। जिसमे बुद्धा हाऊस की कैप्टेन स्नेहा प्रिया, दिव्यांशु सिन्हा, अलीशा, स्वेक्षा, अनुश्का, नंदनी, सिमरन, सुहानी, दृष्टि, शादीया, रिचा ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। मौके पर जेनिथ पब्लिक स्कूल के शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद थे।

### नपं के निवर्तमान चेयरमैन ने धर्म ध्वज दिखा कर किया बस को रवाना



मदरलैण्ड संवाददाता, पटना। उत्तर प्रदेश के सैफुल्ला गंज मजार और देवाशरीफ दरगाह के लिए नगर पंचायत, जगदीशपुर से श्रद्धालुओं का जत्था बुधवार को उत्सवी माहौल में रवाना हुआ। दो बस पर सवार श्रद्धालुओं के जत्थे को नपं के निवर्तमान चेयरमैन संतोष कुमार यादव ने धर्म ध्वज दिखाकर रवाना किया। बताया गया कि बस सैफुल्ला गंज मजार व देवाशरीफ पहुंचकर सालाना उर्स के मौके दरगाह पर श्रद्धालु माथा टेक परिवार और समाज में अमन चैन की दुआ मांगेंगे। निवर्तमान चेयरमैन ने दरगाह पर जाने वाले सभी श्रद्धालुओं की सुखद और मंगल यात्रा की कामना की। वही, यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं में उत्साह नजर आया। समाजसेवी इसरार वारसी के नेतृत्व में बस रवाना हुआ। इस मौके पर शमशाद वारसी, सोनू वारसी, सुधीर साहिल, रफीक अंसारी, अस्सलाम मंसूरी सहित अन्य मौजूद रहे।

### दो अलग-अलग गांव से एक ही रात दो बाइक की चोरी

मदरलैण्ड संवाददाता, छपरा। तरैया थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांव से एक ही रात्रि में दो लोगों की बाइक चोरी कर ली गई है। इस संबंध में पीड़ित दोनों व्यक्तियों द्वारा तरैया थाने में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस सम्बंध में सरेया बसंत गांव निवासी सुधीर सिंह द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में कहा गया है कि गत 18 अक्टूबर की रात्रि में वह अपनी बाइक बरामदे में लॉक कर अपने परिवार के सदस्यों के साथ खाना खाकर सोने चले गए। जब सुबह में उनकी नींद खुली और वह बाहर निकले तो देखे कि बरामदे में उनकी बाइक नहीं है। उसी समय बाइक की बहुत खोजबीन किया, लेकिन बाइक का कहीं अता-पता नहीं चला। उन्होंने आरोप लगाया है कि अज्ञात चोरों द्वारा उनकी स्प्लेंडर प्लस बाइक चोरी कर लिया गया है। वहीं दूसरी प्राथमिकी डेवढ़ी पूरब टोला निवासी गोलू कुमार सिंह ने दर्ज कराई है। जिसमें पीड़ित व्यक्ति ने बताया है कि रात्रि में वह अपनी बाइक दलान में खड़ी कर लॉक कर दिया और उसके बाद परिवार के सदस्यों के साथ सोने चला गया। सुबह में जब उठा तो देखा कि दलान में बाइक नहीं है। जिसके बाद काफी खोजबीन किया गया, लेकिन बाइक का कहीं अता पता नहीं चला। अज्ञात चोरों द्वारा उनकी टीवीएस अपाची बाइक की चोरी कर ली गई है। पुलिस दोनों मामले में प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन में जुट गई है।

### मास फैक्ट्री के कुव्यवस्था से इलाके के लोग हैं परेशान: जिप सदस्य

मदरलैण्ड संवाददाता, अररिया। थाना क्षेत्र अंतर्गत पोठिया के समीप स्थित अल शमीर, जकरिया और अल मरहबा मांस फैक्ट्री के संचालकों द्वारा की जा रही कोताही व लापरवाही से फैक्ट्री से आस पास के गांव के लोगों के स्वास्थ पर कुप्रभाव पर रहा है। संचालन सुव्यवस्थित ढंग से नहीं किये जाने के करण सिमराहा,मादरगंज,औराही पश्चिम,झिड़वा,पोठिया,औराही पूरब इत्यादि गांव के लोग दुर्गन्ध से परेशान हैं तो इन इलाकों के लोगों की सबसे बड़ी समस्या यह है की पीने के पानी से भी दुर्गन्ध आ रहा है। उक्त बातें कहते हुए क्षेत्र के जिला पार्षद सदस्य इश्तियाक आलम ने आगे कहा की मास फैक्ट्री संचालको द्वारा नियम के विपरीत छोटे पशु,बीमार पशु, दुधारू पशुओं को काटा जाता है तो वहीं अन्य प्रदेशों के लोगों को फैक्ट्री में काम पर रखा जाता है जबकी इस क्षेत्र के सैकड़ो लोग रोजगार के लिए हर दिन पलायन करने को मजबूर हैं। इन्ही सब मामलों को लेकर आगामी एक नवंबर को मास फैक्ट्री के कुव्यवस्था से प्रभावित गांव के जनप्रतिनिधि व बुद्धिजीवि लोग जिला पार्षद की अध्यक्षता में सिमराहा मवेशी हटिया के बगल वाली मैदान में सभा का आयोजन करेंगे। जिसकी लिखित सूचना जिप सदस्य द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी फारबिसगंज को दी गई है। उन्होंने आवेदन में कहा है की सभा आयोजित करने की अनुमति दी जाए ताके जनहित को हो रही समस्याओं से बचने का उपाय निकाला जा सके।


### भोजपुर के खिलाड़ियों तीरंदाजी प्रतियोगिता में चयन



मदरलैण्ड संवाददाता, आरा। 42वॉ एन टी पी सी जुनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता आगामी 3/11/22 से 11/11/22 तक गोवा में आयोजित प्रतियोगिता के लिए आज दिनांक 20/10/22 को बिहार तीरंदाजी संघ के तत्वावधान में पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स कंकड़बाग में चयन प्रतियोगिता आयोजित किया गया। इस चयन प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिलों से तीरंदाज हिस्सा लिया। इस चयन प्रतियोगिता में भोजपुर से बालिका वर्ग में पुजा कुमारी राय, नेहा कुमारी राय, सोनी कुमारी इण्डिया राउंड के लिए चयनित किया गया। बालक वर्ग में सार्मथ कुमार, रिर्कभ में अंकित कुमार, शुभम कुमार का चयन हुआ। चयनित खिलाड़ियों बिहार तीरंदाजी टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। सभी तीरंदाज भोजपुर तीरंदाजी अकादमी में नृत्य दिन अभ्यास करते हैं। चयनित खिलाड़ियों को भोजपुर जिला खेल पदाधिकारी संजीव कुमार सिंह, रजनीश पाण्डेय, कुमार विजय, कुमार मंगलम, ने बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। इस आशय की जानकारी भोजपुर तीरंदाजी अकादमी के कोच नीरज कुमार सिंह ने दी।

## आजादी के 75 वर्ष के बाद भी नही बन पाया वार्ड नं0 17 का ग्वाल पुछरी का सड़क

» मदरलैण्ड संवाददाता




अररिया। नरपतगंज प्रखंड की सोनापुर पंचायत की वार्ड 17 गवालपुछरी( बोलचाल की भाषा में इटहरी गांव) की हालत आज भी ऐसी है कि यहां मूलभूत सुविधाओं से लोग वंचित हैं. आजादी के बाद आज देश में विकास की बात की जाती है लेकिन यहां मूलभूत सुविधाएं लोगों को नहीं मिल रही है।

सोनापुर पंचायत के वार्ड 17 के ग्रामीणों का कहना है ,कि नरपतगंज के प्रतिनिधिगण, मेहता और मुस्लिम के बस्ती हो होने के कारण सौतेला व्यवहार करते हैं। उनके गांव में आजादी के बाद से अब तक कभी सड़क का निर्माण नहीं कराया गया है. जिससे लोगों को काफी असुविधाएं होती है. वहीं, सीमा के किनारे बसे लोगों के लिए बारिश के समय घर से निकलना मुश्किल हो जाता है। गाँव मे कुल करीब 200 लोगो की आबादी एवं 100 के करीब मतदाता हैं। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार करीब चार पीढ़ियों से लोग यहाँ निवास कर रहे है आगे उन्होंने बताया कि हम लोगो का गांव बथनाहा ओपी क्षेत्र के अंतर्गत हैं लेकिन आज तक एक भी बार बथनाहा पुलिस की गाड़ी हमारे गांव में नही आ पाई हैं।

लोगोंका आक्रोशस्थानीयजनप्रतिनिधियों के लिए है, जो चुनाव के समय आते हैं और वोट मांगते हैं. बदले में आश्वासन देते हैं कि उनके लिए विकास का काम किया जाएगा. लेकिन कोई भी जनप्रतिनिधि पलट के देखने के लिए भी नहीं आता है. लोगों का कहना है कि सड़क नहीं होने की वजह से यहां लोगों को कही भी जानें में काफी परेशानी होती है. साथ ही स्वास्थ्य खराब होने पर इमरजेंसी के वक्त किसी भी वाहन तक पहुंचाने के लिए गांव के अंतिम छोड़ तक पहुंचाना पड़ता है।। सड़क नही होने के कारण ससमय इलाज नही मिलने से कई लोगों की जान भी जा चुकी है. जबकि कई लोग सुविधाओं के आभाव में पलायन करने को भी मजबूर हैं. सड़क नहीं होने की वजह से गांव का विकास रेंग रहा है. लेकिन जनप्रतिनिधियों को इस बात की खबर भी नहीं है।

## बच्चो में बेहतर शिक्षा हेतु अभिवावक के साथ विचार विमर्श का आयोजन

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेगूसराय। तेघड़ा बच्चो को बेहतर शिक्षा मिले इसके लिए अभिवावक चिंतित रहते है।क्योंकि आज कल स्कूल एक व्यवसायिक संस्था बन चुकी है। ऊची दुकान फीकी पकवान की कहावत चरितार्थ हो रही है। स्कूल में बच्चो को सही शिक्षा मिल रही है इसलिये स्कूल प्रबंधन को बीच बीच मे अभिवावक के साथ एक साथ बैठक कर विचार विमर्श करने की जरूरत है। ऐसी कड़ी में नॉलेज इंग्लिश एकेडमी तेघड़ा ब्रांच मे शिक्षक व अभिभावक का बैठक रखा गया जिसमे बच्चो का अर्धवार्षिक परीक्षा का रिजल्ट विद्यालय प्राचार्य सोनम मैम के द्वारा घोषित किया गया जिसमे जुनैद 92.8%, लवली कुमारी 88.29%, फिरदोश 88.5%,दिवयाशू 87%, परिधि 78% नंबर लाकर बच्चों ने परचम लहराए मौके पर विघालय प्रबंधक रजनीश कुमार चौघरी ने अभिभावको को संबोधित करते हुए कहा बच्चो के सर्वांगीण विकास हेतु हमार विद्यालय कटिवद्ध है। हमारे सहयोगी शिक्षको के द्वारा बच्चो को शिक्षा के संस्कार का मार्गदर्शन दिया जाता है वो अपने आप मे अद्वितीय है लेकिन इन चीजों के बावजूद अभिभावकों का सहयोग भी जरूरी है बच्चों को सही गाइडलाइन दें बच्चों को सही परिवेश दें तभी बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव हो पाएगा पैरेंट्स भी रिजल्ट पाकर काफी उत्साहित थे मौके पर शिझिका रूबी प्रवीण,खूशबू मैम, अर्चना मैम,फुल मिस,रश्मि खातुन

अभिभावक राज नन्दन चौघरी, राजेश चौघरी, रविन्द्र कुमार, सीमा देवी नेहा देवी, सुमन देवी, संजू कुमारी, सहित अन्य अभिभावक व बच्चो मौजूद थे !

## छात्रों और अभिभावकों के बीच उच्च शिक्षा को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान

» मदरलैण्ड संवाददाता



पटना। जगदीशपुर नया उर्दू प्राथमिक विद्यालय महटाटी एवं प्राथमिक विद्यालय महाटाटी पंचायत ककिला मे अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी बैठक रखा गया जिसमे सभी छात्र /छात्रा के अभिभावकों ने हिस्सा लिए जिसमे विद्यालय मे दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी गई साथ ही साथ बुनियादी शिक्षा एवं संख्या ज्ञान पर चर्चा की गई तथा चहक गतिविधियों को भी अभिभावक के समक्ष प्रस्तुत किया गया अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का उदघाटन विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष विभा देवी ने किया इस मौके पर सचिव सजीना खातून, विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक मो शमशाद अंसारी, शिक्षिका बिलकिश अनिसा, शिक्षक मो सरफराज और अन्य ग्रामीण लोग भी मौजूद रहे और वही प्राथमिक विद्यालय महटाटी के सचिव लिलावती देवी प्रभारी प्रधानाध्यापक अशोक कुमार शिक्षक रमेश सिंह शिक्षिका मंजू देवी, साथ ही साथ अभिभावक भी मौजूद रहे बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के कीट टी, एल, एम को दिखाया गया और चहक गतिविधियों वाले छात्रों को पुरुस्कित किया गया।

## जेबीसी नहर से युवती का शव बरामद,परिजनों में कोहराम

» मदरलैण्ड संवाददाता



अररिया। नरपतगंज। प्रखंड के फतेहपुर पंचायत के वार्ड संख्या 12 के समीप जेबीसी नहर में बुधवार की संध्या एक अज्ञात युवती का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया। रात में शव की पहचान नहीं हो सकी लेकिन जब सुबह परिजनों को एक अज्ञात शव मिलने का सूचना मिला तो थाना पहुंचकर शव की पहचान की। मृतिका 17 वर्षीय पूजा कुमारी पिता रामकिशुन साह नाथपुर पंचायत के वार्ड संख्या 04 की निवासी बताई जाती है। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में परिजन एवं ग्रामीण थाना पहुंचे। मृतिका की मां ने बताया कि उसकी पुत्री बुधवार को दिन के 09 बजे के आसपास घर के बगल जेबीसी नहर की तरफ गई थी। काफी देर बाद जब वापस नहीं लौटी तो काफी खोजबीन करने के बाद उसका कुछ पता नहीं चल सका। परिजनों को आशंका है कि नहर में नहाने के क्रम में वह डूब कर मौत के मुंह में समा गई। उसके घर से करीब 02 किलोमीटर दूर फतेहपुर पंचायत के वार्ड संख्या 12 के समीप मृतिका का शव जब वहां के स्थानीय ग्रामीणों ने देखा तो सूचना थाना को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। मामले की पुष्टि करते हुए नरपतगंज थानाध्यक्ष शैलेश कुमार पांडे ने बताया कि जेबीसी नहर में अज्ञात शव को बरामद किया गया था जिसकी पहचान उनके परिजनों ने की। बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। इस संदर्भ में नरपतगंज सीओ शंभू प्रकाश ने बताया कि नहर में डूब कर युवती की मौत मामले में आपदा मद से जल्द ही परिजनों को सहायता मुहैया कराने की बात कही।

## मुसहर जाति को अनुसूचित जाति में अति पिछड़ा का दर्जा मिले- डॉ. भवेश

### 21 सूत्री मांगों को लेकर नई आशा द्वारा महाधराना का आयोजन




» मदरलैण्ड संवाददाता

आरा। आरा सामाजिक संस्था ॠनई आशाॠ द्वारा आज जिला समाहरणालय के समक्ष मुसहर जाति के विकास से संबंधित 21 सूत्री मांगों को लेकर महाधरना का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता वीरेंद्र राम ने किया। धरना स्थल पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए ॠनई आशाॠ के मुख्य संरक्षक डॉ भीम सिंह भवेश ने कहा कि मुसहर जाति गरीबों में सर्वाधिक गरीब एवं अशिक्षित है। भोजपुर जिला में 214 मुसहर टोलों में करीब 300 लोग ही मेट्रिक तथा उनमें महज दो दर्जन लोग ही स्नातक एवं स्नातकोत्तर की डिग्री लिए हैं। जिले के लगभग सभी मुसहर टोलों की स्थिति काफी भयावह है। अधिकांश लोगों के पास आधार कार्ड, वोटर कार्ड एवं बैंक खाता नहीं है, जिसके कारण ये कई लाभों से वंचित हो जा रहे हैं। डॉ भवेश ने कहा कि मुसहर जाति को सरकार का विशेष पैकेज की जरूरत है ताकि ये लोग तीव्र गति से विकास कर सकें। 21 सूत्री मांगों में मुसहर जाति को अनुसूचित जाति में अति पिछड़ा का दर्जा देने, आर्थिक-सामाजिक स्थिति का आंकलन के लिए आयोग का गठन, शत-प्रतिशत परिवारों को बीपीएल में शामिल कर राशन कार्ड देने, सभी परिवारों का निःशुल्क जीवन बीमा एवं स्वास्थ्य बीमा कराने, 6 से 14 आयु के बच्चे-बच्चियों का सर्वे कर ब्रिज कोर्स शुरू करने, सभी परिवारों को पीएमजीएवाई तथा अथवा एमएमएवाई योजना से आच्छादित करने, सभी परिवारों को प्रधानमंत्री उज्जवला योजना से अच्छादित करने, सभी श्रमिकों का श्रम विभाग से निबंधन कराने, पुराने एवं जर्जर आवासों वाले शहरी एवं ग्रामीण टोलों को मॉडल टोले में बदलने, चतुर्थवर्गीय बहाली में मुसहर जाति को सर्वोच्च प्राथमिकता देने, सभी टोलों में शौचालय की व्यवस्था करने, सभी टोलों में विकास व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, प्रथम वर्ग से स्नातक तक निःशुल्क नामांकन फार्म भराने की व्यवस्था, सभी टोलों में आधार कार्ड, राशन कार्ड एवं वोटर आई कार्ड के लिए शिविर का आयोजन तथा सभी योग्य व्यक्तियों को बैंक ऋण एवं प्रशिक्षण की व्यवस्था आदि शामिल है। मांगों से संबंधित एक स्मारपत्र जिला प्रशासन को दिया गया। महाधरना को अशोक मानव, शैलेंद्र कुमार, धरमु राम, विकास कुमार, सिधेश्वर राम, दुर्जन राम, वृजनंदन राम, लालबूचन राम, रेनू कुमारी, नेहा कुमारी आदि ने संबोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन जय प्रकाश दास ने किया।

## दिवाली की तैयारी को लेकर बाजार में बिकने लगे मिट्टी के दीए



» मदरलैण्ड संवाददाता

छपरा। तरैया दीपों के त्यौहार दिवाली की तैयारी को लेकर सभी बाजारों व चौक-चौराहों पर कुम्हार समुदाय के लोग मिट्टी के दीए बनाकर बेचने शुरू कर दिए हैं। कुम्हार लोग दीपावली और छठ को लेकर काफी दिनों से मिट्टी के बर्तन बनाने में लगे हुए थे। उन्हें हर साल उम्मीद रहती है कि लोग दीपावली और छठ पर्व में मिट्टी के दीए से अपने घर को सजाएंगे। हालांकि पिछले दो सालों से उनके उम्मीदों पर पानी फिर रहा है। पिछले दो साल से कोरोना काल में बाजारों में भीड़-भाड़ करना मना था। जिससे उनलोगों को दो वर्ष में आर्थिक रूप से क्षति हुई थी। इस साल कुम्हारों ने उम्मीद जताया है कि दीपावली पर लोग मिट्टी के बर्तन खरीद कर अपने घरों को सजाएंगे और मिट्टी के बर्तन से ही छठ महापर्व का त्यौहार मनाएंगे। लेकिन इस तकनीकि युग में तरह-तरह के बिजली से चलने वाले लाइट व उपकरण कुम्हारों के उम्मीदों पर पानी फेर देते हैं। लोग मिट्टी के बर्तन को कम उपयोग कर इलेक्ट्रॉनिक्स बत्ती और लाइटों का उपयोग कर रहे हैं। इस खबर के माध्यम से हम लोगों से अपील कर रहे हैं कि लोग अपने घरों को सजाने के लिए चाइनीज इलेक्ट्रॉनिक्स बत्ती और लाइटों का उपयोग न कर मिट्टी के बने दीए और बर्तनों का उपयोग करें, ताकि उन गरीब कुम्हारों के घर भी दीपावली का त्यौहार मन सकें।

## शिक्षकों और अभिभावकों के बीच संगोष्ठी का हुआ आयोजन





» मदरलैण्ड संवाददाता

अररिया। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जयप्रकाश नगर पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय जयप्रकाश नगर अररिया में संगोष्ठी बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान (चहक) कार्यक्रम अंतर्गत वर्ग प्रथम के अभिभावकों एवं शिक्षकों के बीच संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में विद्यालय के अध्यनरत छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा,मध्याह्न भोजन योजना सुचारू रूप से चलाने,बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए अभिभावक संपर्क अभियान चलाने,शिक्षकों के समय पर विद्यालय आने-जाने,रसोईया की बहाली,साफ-सफाई,छात्र-छात्राओं के अनुपात में शिक्षकों की कमी दूर करने व रसोई घर का साफ सफाई सहित अन्य कई विन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस संगोष्ठी में शिक्षा विद्यालय शिक्षा समिति सचिव रंजना देवी,अध्यक्ष श्याम कुमार मंडल विद्यालय प्रधानाध्यापक सुरेश प्रसाद यादव,अन्य शिक्षक,शिक्षिका समिति के सदस्य एवं अभिभावक कुमोद कुमार पासवान,संजय ऋषिदेव सुनीता देवी,किरण देवी एवं अन्य मौजूदगी में कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

## राम जानकी ठाकुरबाड़ी की जमीन पर दुर्गा मंदिर निर्माण की योजना से तनाव

### सामाजिक स्तर से पंचायत की हो रही तैयारी

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेगूसराय। बरियारपुर पश्चिमी पंचायत के वार्ड एक स्थित राम जानकी ठाकुरबाड़ी के नाम से दान में दी गयी जमीन पर दुर्गा मंदिर निर्माण की योजना से दो पक्षों में तनाव व्याप्त है. एक ओर ठाकुरबाड़ी के सचिव व उनके परिजन इस भूमि पर दुर्गा मंदिर निर्माण का विरोध कर रहे हैं. जबकि बरियारपुर पश्चिमी पंचायत क्षेत्र के पूरे ग्रामीणों ने इस भूमि को सार्वजनिक संपत्ति बताकर दुर्गा मंदिर निर्माण करने की बात पर अड़े हुए हैं. विदित हो कि मां दुर्गा पूजा समिति तारा बरियारपुर के सदस्यों ने खोदावंदपुर पुलिस को आवेदन देकर राम जानकी ठाकुरबाड़ी के सचिव राज कुमार गुप्ता एवं उनके भाइयों पर ठाकुरबाड़ी की जमीन पर वर्षों से अवैध रूप से कब्जा जमाए रखने तथा जमीन का कुछ भी मुआवजा ठाकुरबाड़ी को नहीं देने की बात कही है. उन्होंने बताया कि उक्त जमीन का मौजा बरियारपुर पश्चिमी, थाना नंबर 77, खाता 173, खेसरा 215, रकवा दो कट्ठा 12 धुर है, जो बेगूसराय- रोसड़ा मुख्य पथ एस एच 55 किनारे अवस्थित है. ग्रामीणों ने बताया कि इस भूमि को बरियारपुर पश्चिमी गांव निवासी दुखी साह के पुत्र नीरस साह ने 15 नवम्बर 1934 ईस्वी को राम जानकी मंदिर के नाम से निबंधित किया था. मिली जानकारी के अनुसार बरियारपुर पश्चिमी गांव में एक सार्वजनिक दुर्गा मंदिर है, जो सड़क की जमीन पर वर्षों से बना है. दुर्गा पूजा के समय श्रद्धालुओं की काफी भीड़ लग जाती है, जिसके कारण मुख्य सड़क पर मेला लगने से भक्तों को काफी परेशानी होती है तथा किसी अनहोनी की आशंका बनी रहती है. इस समस्या के सामाधान के लिए पूरे पंचायत क्षेत्र के ग्रामीणों ने निर्णय लिया कि माता जानकी और माता दुर्गा दोनों हमारे आराध्य हैं. इसलिए राम जानकी ठाकुरबाड़ी के उक्त जमीन पर मां दुर्गा के मंदिर का निर्माण करवाया जाय. वहीं ठाकुरबाड़ी के सचिव श्री गुप्ता ने स्थानीय पुलिस को आवेदन देकर गांव के अमरजीत महतो, राधा रमन महतो, गोपाल गुप्ता एवं दीपक महतो पर ठाकुरवाड़ी की जमीन को अवैध तरीके से कब्जा जमाने के प्रयास करने की शिकायत की है.

वहीं दूसरी ओर थानाध्यक्ष सुदीन राम दोनों पक्षों को थाना परिसर में बुलाकर समझौता करवाने के प्रयास में लगे हुए हैं. जबकि सामाजिक स्तर पर भी पंचों द्वारा इस मामले को सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### भूमि उप समाहर्ता ने छठ घाट का किया निरीक्षण



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। भूमि सुधार उप समाहर्ता सुधांशू शेखर, प्रखंड विकास पदाधिकारी अहमर अब्दाली ने प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। थाना चॉक के समीप पीर मजार पोकर, सौरिया के राजा रानी पोखर, रेलवे स्टेशन के समीप स्थित छठ घाट के निरीक्षण के दौरान बीडीओ, सी ओ को साफ सफाई, पानी में बांस के बैरिकेटिंग करने, रोशनी की व्यवस्था, घाट को समतल करने, संवेदनशील घाटो पर नाव तथा तैराक की व्यवस्था करने सहित अपने स्तर पर कर्मियों की प्रतिनियुक्त का निर्देश दिया गया।

### पुलिस द्वारा दीपावली पर्व को लेकर सघन वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। कटिहार जिले के डंडखोरा दीपावली पर्व को लेकर डंडखोरा पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न चोक चौराहों पर सघन वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया। भमरेली चॉक, तिलास चॉक, बोरनी लोहा पुल के समीप मोटरसाइकिल सवार चालक को रोक कर डिक्की की तलासी ली गई। कागजात, हेलमेट, प्रदूषण, इंसोरेंस आदि की जांच की गई।ए एस आई शशि कुमार सिंह बोरनी में चैकिंग दौरान कई को हिदायत दे कर छोड़ दिया गया तो कई से फाइन भी ली गई। दीपावली पर्व में तास खेलने की परम्परा भी है।शराब की भी मांग बढ़ जाती है।ऐसे में दो पहिया वाहन, कार, माल वाहन आदि की सघन चेकिंग अभियान चलाया गया है।

### 45 छठ घाटों पर साफ सफाई कार्य आरंभ



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। अंचलाधिकारी कुमार नलिनी कांत एवं प्राणपुर थाना अध्यक्ष अमजद अली ने संयुक्त रुप से गुरुवार को छठ घाटों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अंचलाधिकारी ने बताया कि प्राणपुर प्रखंड में कुल 45 घाटों को चिन्हित किया गया है। जिसमें सामान्य 31, संवेदनशील 07 एवं अतिसंवेदनशील 07 सम्मिलित है। महानंदा नदी के किनारे अवस्थित सभी छठ घाटों को अतिसंवेदनशील श्रेणी में चिन्हित किया गया है। छठ व्रतियों के लिए सभी छठ घाटों पर साफ सफाई कार्य कराया जा रहा है। वहीं अंचल अधिकारी कुमार नलिनी कांत ने कहा कि उक्त छठ घाट पर प्रशासनिक सुरक्षा व्यवस्था का संपूर्ण ख्याल रखा जाएगा।मौके पर राजस्व पदाधिकारी रत्नेश मोहन सहित दर्जनों लोगों एवं जनप्रतिनिधि गण मौजूद थे।

### अभिभावकों के साथ गोष्टी का हुआ आयोजन



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। कटिहार जिले के डंडखोरा में चहक कार्यक्रम के तहत प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में बच्चों अभिभावकों एवं शिक्षकों को लेकर अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसी को लेकर उत्क्रमित मध्य विद्यालय रामभद्रपुर कक्षा एक में पढ़ने वाले बच्चों एवं उनके अभिभावकों को लेकर बैठक की गई। जिसमें बच्चों द्वारा विद्यालय में किए गए क्रियाकलाप तथा शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों के लिए संचालित पाठ्यपुस्तक, योजना, पठन सामग्री आदि से अभिभावकों को अवगत कराया गया।में किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक संजय कुमार,उमानंद यादव, अरुण कुमार झा, अरुण सिंह, त्रिपुरारी सिंह यादव, अनिल कुमार साह, अजीत कुमार पासवान रुचि कुमारी एवं वास एवं वासिफ हुसैन मौजूद रहे।

### अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का हुआ आयोजन



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। कटिहार जिले के प्राणपुर प्रखंड क्षेत्र के नया प्राथमिक विद्यालय भगत टोला के प्रांगण में जिला शिक्षा पदाधिकारी कटिहार के निदेर्शानुसार अभिभावक- शिक्षक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त संगोष्ठी कार्यक्रम की अध्यक्षता नया प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक सदाकत आलम ने किया। कार्यक्रम का मंच संचालन पुष्पा कुमारी ने की।प्रधानाध्यापक सदाकत आलम ने बताया कि वर्ग एक के छात्र एवं छात्राओं के वर्ग एक के स्तर के ज्ञान दिया गया।कार्यक्रम के दौरान आरती कुमारी, फिरदौसी खातुन, संतोष अम्बेडकर सहित कई अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### आरोग्य दिवस पर टीकाकरण का आयोजन

मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। मनसाही प्रखंड क्षेत्र के मोहनपुर पंचायत के वार्ड संख्या 12 आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 24 राखाटोला -2 में आरोग्य दिवस पर टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर एएनएम मीना कुमारी ने बताया कि हर माह के चौथे गुरुवार को आंगनवाड़ी केंद्र संख्या 24 पर टीकाकरण किया जाता हैं। इसी कड़ी में इस गुरुवार भी टीकाकरण किया गया,जिसमें दर्जनों छोटे बच्चे को बीसीजी, डीपीटी बुस्टर सहित 18 वर्ष से ऊपर वाले को कोविड -19 का भी टिका दिया गया। इस अवसर पर आंगनवाड़ी सेविका सीमा कुमारी,आशा रजनी देवी, सहायिका रेखा कुमारी आदि मौजूद थे।

## वार्ड सदस्यों ने मुखिया पर लगाया मनमानी का आरोप बीडीओ को सौंपा आवेदन जांच की मांग





» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। कटिहार जिले के कदवा प्रखंड के उनासो-पचगाछी पंचयात के सभी वार्ड सदस्यों ने मुखिया मो.एजाजुल हक के मनमानी से परेशान होकर मुखिया के विरुद्ध प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी को लिखित आवेदन दिया है।दिए आवेदन में वार्ड सदस्यों ने कहा है।कि पंचयात के मुखिया अपने मनमाने तरीके से पंचयात में काम करते हैं। साथ ही कहा है कि मुखिया द्वारा कभी भी ग्राम सभा का आयोजन नहीं किया जाता है।जिससे हम लोगों के वार्ड के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।मुखिया अपने मनमाने तरीके से प्रस्ताव पारित कर योजना का चयन करते हैं।और बरे पैमाने में सरकारी राशि का दुरुपयोग करते है।इससे हमारे पंचयात के जनता आहत है।मामले को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी मुर्शिद अंसारी ने कहा कि आवेदन प्राप्त हुआ है।जांच कर आवश्यक करवाई की जाएगी।

- कदवा प्रखंड के उनासो-पचगाछी पंचायत के मुखिया पर मनमानी का आरोप
- वार्ड सदस्यों ने लगाया है आरोप
- नाराज वार्ड सदस्यों ने बीडीओ बीपीआरओ को सौंपा मांग पत्र
- जांच की मांग
- मुखिया मनमाने तरीके से करते हैं काम
- मुखिया द्वारा कभी भी ग्राम सभा का आयोजन नहीं किया जाता है
- मुखिया हर माह अपने मनमाने तरीके से प्रस्ताव पारित कर योजना का करते हैं चयन
- बरे पैमाने में सरकारी राशि का दुरुपयोग करते हैं
- बीडीओ कदवा मुर्शिद अंसारी ने कहा आवेदन प्राप्त हुआ है होगी

## निबंध कार्यालय खुलने से राजस्व चोरी पर लगेगा विराम, लोगों को मिलेगी बेहतर सेवाः सहायक निबंधन महानिरीक्षक



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। मनिहारी मे गुरुवार को अवर निबंधन कार्यालय का उद्घाटन पूर्णिया प्रमंडल के सहायक निबंधन महानिरीक्षक सुशील कुमार सुमन ने फीता काटकर किया। उनके आगमन पर अवर निबंधक कटिहार आलोक रंजन , मनिहारी मे पदस्थापित अवर निवंधक वंदना कुमारी ने पुष्पगुच्छ देकर कार्यालय मे उनका स्वागत किया।निबंधन कार्यालय के उद्धघाटन के मौके पर अपने संवोधन मे उन्होंने कहा कि सुदूर ग्रमीण क्षेत्र के लोगों को उनके क्षेत्र मे आसपास ही इस तरह की सुविधा प्रदान करना सरकार की प्रथमिकता रही है।इससे ग्रमीण क्षेत्र के लोगों को अब उनकी अनावशय खर्चे का बोझ भी कम होगा साथ ही समय की भी बचत होगी। भूमि निवंधन मे सरकार के राजस्व की वंचनाओं पर भी नकेल लग सकेगा।स्थानीय स्तर पर संबंधित अधिकारी व कर्मचारी की मौजूदगी मे इस तरह की गतिविधियों परभी अंकुश लग सकेगा। उन्होंने लोगों से इस सुविधा का लाभ उठाने की अपील की इस मौके पर अवर निवंधक आलोक रंजन , मनिहारी मे पद स्थापित अवर निवंधक वंदना कुमारी ने भी अपने विचार रखे।इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी कुमार सिध्दार्थ ने भी अपने विचार रखे ,इसे इस क्षैत्र की भौगोलिक दुरुहता के लिहाज से जन उपयोग बताया।इस मौके पर श्याम मुरारी, जगदीश प्रसाद, राकेश राय, सहित अनेक ग्रमीण व गण्यमान लोग उपस्थित थे।

## शिक्षक - अभिभावक गोष्ठी का आयोजन

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। कटिहार जिले के मनसाही में विभागीय आदेश के आलोक में मनसाही प्रखंड के सभी प्राथमिक व मध्य विद्यालय में कक्षा एक में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के अभिभावकों के साथ प्रधानाध्यापक के नेतृत्व में शिक्षक- अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस शिक्षक - अभिभावक गोष्ठी के दौरान पूर्व में शिक्षा विभाग के द्वारा चलाए गए गतिविधि आधारित चहक कार्यक्रम विद्यालय एवं बच्चों की शिक्षा में कितना परिवर्तन लाया हैं, इसकी समीक्षा शिक्षक - अभिभावक एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में प्रधानाध्यापक के द्वारा की गई। इसी कड़ी में उत्क्रमित मध्य विद्यालय रखाटोला,उत्क्रमित मध्य विद्यालय चितौरिया, प्राथमिक विद्यालय छोटी बथना मुसहरी टोला, प्राथमिक विद्यालय नयाटोला फुलहरा, मध्य विद्यालय गोरगामा में विद्यालय के छात्राओं ने पोषक क्षेत्र के अभिभावक को टीका लगाकर एवं पुष्प वर्षा कर विद्यालय में प्रवेश कराया, इनके उपरांत छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। बाल संसद ,मीना मंच के छात्राओं ने वर्ग एक के छात्राओं को टीका लगाया पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई, वर्ग एक के छात्राओं ने गतिविधि,पढ़ने लिखने की जानकारी खेल-खेल के माध्यम से अभिभावक को दिखाया। वहीं पोषक क्षेत्र के आए अभिभावक ने बताया कि सरकार के द्वारा चलाए गए शिक्षक- अभिभावक गोष्ठी बहुत अच्छा हो रहा हम सभी लोगों को अपने बच्चे क्या पढ़ लिख रहे हैं, इसकी जानकारी इस कार्यक्रम के माध्यम से मिला। वहीं प्रधानाध्यापक उपेंद्र कुमार रजक के नेतृत्व में अभिभावक शिक्षक गोष्ठी का आयोजन हुआ। इस अभिभावक शिक्षक गोष्ठी को लेकर छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों में काफी उत्साह देखा गया और अभिभावक सभी काम को छोड़ते हुए इस गोष्ठी में शामिल हुए। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक उपेंद्र कुमार रजक,पंकज कुमार निराला, सुनील कुमार गुप्ता, चंदा कुमारी,अयोध्या प्रसाद मंडल विद्यालय शिक्षा समिति के सचिव रंजू देवी, कविता देवी , आशा रानी, दया देवी सहित शिक्षक समीर कुमार सिंह, संजय कुमार, प्रमिला कुमारी, कुमारी कल्पना, नमिता सिंह, चंदना कुमारी, ओम नारायण यादव,अजय कुमार पासवान, महावीर ऋषि, सुरेंद्र पोद्दार, साधना कुमारी जयसवाल, विमल सिन्हा, विवेकानंद दास, पुतुल कुमारी, प्रमिला कुमारी, रश्मि सिंह, सुनील चौबे, बेनजीर खातून, जगदीपन प्रसाद सिंह, कुमारी रेखा, फुल कुमारी,संजीव कुमार,शबाना आजमी, संजीत सुमन,राकेश कुमार सिंह शिक्षा सेवक के उत्तम कुमार ऋषि, राजेंद्र राम, पवन कुमार रजक, कृष्णदेव ऋषि, मोहम्मद आलम,राज कुमार भारती आदि मौजूद थे।

## दीपावली छठ महापर्व में रहेगी पुलिस की पैनी नजरः थाना अध्यक्ष

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। आजमनगर थाना प्रांगण में दीपावली तथा महापर्व छठ को लेकर शांति समिति की बैठक

गुरुवार को आयोजित की गई जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार मिश्र अंचल अधिकारी संजय कुमार थाना अध्यक्ष राजीव कुमार झा प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि मतीन अंसारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे बैठक को संबोधित करते हुए थाना अध्यक्ष राजीव कुमार झा प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार मिश्र अंचल अधिकारी संजय कुमार ने संयुक्त रुप से बताया कि दीपावली एवं महापर्व छठ को लेकर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी चौक चौराहे पर चौकीदार दफादार तैनात रहेंगे हर घाट पर दंडाधिकारी नियुक्त किए गए हैं छठ घाटों में जहां अधिक पानी हो वहां पर बांस से बने कटिंग कर दिया जाएगा साथ ही गोताखोरों की भी व्यवस्था की गई है छठ के मौके पर बड़ी वाहनों पर रोक लगाई गई है किसी भी प्रकार के अफवाहों पर ध्यान ना दें कोई भी मामला हो पुलिस प्रशासन को तुरंत सूचना दी जाए इस मौके पर

प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार मिश्र,अंचल अधिकारी संजय कुमार, थाना अध्यक्ष राजीव कुमार झा, प्रमुख प्रतिनिधि मतीन अंसारी, के अलावे पूर्व जिला परिषद रामजी प्रसाद केसरी, मुखिया भरत कुमार राय, कचाली सिंह, अमित कुमार, ललन कुमार विश्वास, उप मुखिया प्रतिनिधि मंसूर आलम ,पूर्व मुखिया संजय कुमार साह, पंचायत समिति सदस्य राकेश कुमार पोद्दार, सरपंच पोसवा राय, मोहतमीम आलम,आदि सहित गणमान्य लोगों में सनातन पोद्दार, गुड्डू भगत उर्फ बाबा, सरोज पासवान, अमित पांडे, अशोक केसरी, प्रेम कुमार पोद्दार, आनंद केसरी, पंकज भगत, चंडी पोखर काली अस्थान छठ घाट के सदस्यों में बबलू मंडल, बाबुल रजक, जयदेव बोसाक,पवन बोसाक, चुन्ना पोद्दार, रंजीत साह, बबलू पोद्दार, आदि सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## किसानों को मिला मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। कटिहार जिले के डंडखोरा में कृषि विभाग के द्वारा प्रखंड के सौरिया पंचायत अंतर्गत पनसेरवा गांव में मशरूम उत्पादन को लेकर किसान पाठशाला का आयोजन किया गया।प्रखंड तकनीकी प्रबंधक अमरदीप कुमार अमर ,सहायक तकनीकी प्रबंधक सुभाष कुमार झा ने किसानों को मशरूम उत्पादन पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया।बीटीएम ने बताया कि धान का पुआ या गेहूं के भूसा लिया जाता है। भूसे को 8 से 10 घंटे तक पानी में भिगोकर रखा जाता है। फिर हल्के गुनगुने पानी से उपचारित कर उस में मशरूम के बीज डाले जाते हैं।मशरूम के लिए हवादार छायादार घर होना आवश्यक है।जहां रोशनी की भी व्यवस्था हो। प्लास्टिक के पॉलिथीन बैग लिया जाता है जिसमें 2 से 3 किलोग्राम भूसा आसानी से भरा जा सके। जिसमें 2 से 28 केजी पुआल आसानी से भरा हुआ भूसा बीज सहित पोलोथिन में भरकर मुंह को बंद कर देना होता है तथा उसे छायादार घरों में टांग दिया जाता है। और चारों और छोटी छोटी छेद कर दी जाती है ताकि उसी दिशा से मशरूम बाहर निकलते हैं। 20 से 25 दिनों में मशरूम निकलना शुरू हो जाता है। इस मौके पर आद्री देवी उषा देवी, रत्न ी देवी सावित्री देवी ,प्रमिला देवी ,किरण देवी सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष कृषक मौजूद थे।

## कदवा में आयोजित किया गया आशा दिवस



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुगार्गंज कदवा के सभागार में आशा कार्यकताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर पंकज कुमार ने की। बैठक में डॉक्टर पंकज कुमार ने आशा कार्यकताओं को गर्भवती महिलाओं प्रसव पूर्व देखभाल व अन्य स्वास्थ्य संबंधित जानकारी दिए।। बैठक में उन्होंने टीकाकरण,ड्यूलिस्ट आदि को लेकर जानकारी देते हुए कई आवस्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने सभी आशा कार्यकताओं को अस्पताल पहुंचने पर ड्रेस में रहने ताकि लोगों को आम आदमी और आशा में अंतर महसूस हो साथ ही समय पर टीकाकरण स्थल पर पहुंचने आदि कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए । बैठक में स्वास्थ प्रबंधक रवि रश्मि, बी सी एम सुनील कुमार, डब्ल्यूएचओ मॉनिटर मुकेश कुमार आशा पुनीता कुमारी, सुनीता कुमारी, सुभद्रा देवी, आभा देवी, सहित सैकड़ों आशा कर्मी मौजूद थी ।

## अग्निकांड से पीड़ित परिवारों को सरकारी प्रावधान के तहत राशि की कि गई भुगतान



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। आजमनगर प्रखंड क्षेत्र के महेशपुर पंचायत अंतर्गत कालीगंज यादव टोली गांव में बुधवार की रात्रि भीषण अग्निकांड से पीड़ित परिवारों को सरकारी प्रावधान के तहत रू9800 आरटीजीएस के माध्यम से प्रत्येक पीड़ितों के खातों में सहायता प्रदान की गई उक्त आशय की जानकारी अंचल अधिकारी संजय कुमार ने देते हुए बताया कि सरकारी प्रावधान के तहत तत्काल प्लास्टिक रू9800 आदि का वितरण किया गया वही पूर्व जिप अध्यक्ष तथा राजद नेत्री इशरत परवीन ने अपने निजी कोष से अग्निकांड से पीड़ित परिवारों को साड़ी लूंगी आदि वितरित किया साथ ही पीड़ित परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास मुहैया कराए जाने की जिला पदाधिकारी कटिहार से मांग की इस मौके पर अंचल अधिकारी संजय कुमार पूर्व जिप अध्यक्ष इशरत परवीन मोहम्मद पूर्व मुखिया अब्दुल गफ्फार राजद के शीतलमनी पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद मरतोज आलम राजद नेता मोहम्मद इसराइल मोहम्मद मुजाहिद आलम रामगोपाल यादव आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे

## नव निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष को दी बधाई

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। राष्ट्रीय अध्यक्ष को बधाई देते अखील भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नव निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को बधाई देते हुए राष्ट्रीय सचिव सह कदवा विधायक डा शकील अहमद खान ने कहा की वह जमीनी स्तर से राजनिति की शुरूआत की है. इस का लाभ पार्टी को मिलेगा. संगठन में मजबूती आयेगी. उन्होंने कहा की कांग्रेस एक मात्र पार्टी है जहां लोकतांत्रिक तरीके से राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होता है. उन्होंने कहा की देश को आजादी दिलाने से ले कर भारत को एक शक्तिशाली देश बनाने में कांग्रेस पार्टी का जो योगदान है, इस को यहां की जनता नहीं भुला पायेगी. आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी मजबुती के साथ देश की सत्ता संभालेगी. भारत जोड़ो यात्रा को इतिहासिक बताते हुए कहा की देश से नफरत की राजनीति मिटाने का एक सुनहरा अवसर है. लाखों लोग भारत जोड़ो यात्रा से जुड़ रहा है. मुखिया संघ अध्यक्ष मेराज आलम, प्रखंड अध्यक्ष अनसार काजमी, विधायक प्रतिनिधि रामनाथ मंडल, नौशाद आलम, सनोवर आलम, एकबाल हुसैन, तनवीर राही, मारूफ अहसन, रागीब शजर, तहमीद सद्दाम आदि ने नव निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष को बधाई दी है.

## निपूण बिहार अन्तर्गत अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। बुनियादी साक्षरता के तहत निपूण बिहार मिशन अंतर्गत वृहस्पतिवार को विद्यालयों में अभिभावक एंव शिक्षकों के साथ संगोष्ठी का आयोजन किया गया. इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय सिकोड़ना खुशहालपुर के प्रधानाध्यापिका वीणा कुमारी ने बतायी के माइक्रो इम्प्रूवमेंट प्रोजेक्ट का आयोजन वर्ग एक के छात्रों के अभिभावकों के साथ किया गया. इस संगोष्ठी में निपूण अभियान के बारे में अभिभावकों को जानकारी देते हुए बताया की इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यह है की आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता के ज्ञान को छात्रों को प्रदान किया जा सके. निपूण मिशन के माध्यम से प्रत्येक बच्चों को पढ़ने, लिखने, सीखने की क्षमता प्राप्त हो सके. इस अवसर पर शिक्षा समिति के तजम्मुल हक, अजहर आलम, साकिब, अमीर हमजा मुबारक हुसैन आदि उपस्थित थे. मध्य विद्यालय सालमारी,प्राथमिक विद्यालय बनियाटोली, मध्य विद्यालय भैलागंज, मध्य विद्यालय बलिया बेलौन, मध्य विद्यालय मौलनापुर, मध्य विद्यालय कुरूम, प्राथमिक विद्यालय बीझारा, मध्य विद्यालय निस्ता आदि में निपूण बिहार मिशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

संक्षिप्त समाचार

## हथियार के साथ वीडियो शूट करना युवकों को पड़ा महंगा, पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल




मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया। साठी थाना क्षेत्र में लगातार कई महीनों से अवैध हथियार लहरा रहे युवको का वीडियो बड़ी तेजी से वायरल हो रहा था। जिसमें युवक अपने हाथ में पिस्टल लेकर फिल्मी स्टाइल में अवैध पिस्टल लहरा रहे है। सोशल मीडिया के वीडियो वायरल होते ही साठी थाना क्षेत्र में सनसनी फैल गई।मामला के संज्ञान में आते ही साठी पुलिस हरकत में आई और वीडियो के आधार पर दो युवको की पहचान कर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। युवको की पहचान साठी थाना क्षेत्र के बहुअरवा गांव निवासी राधेश्याम शर्मा के पुत्र हिमांशु शर्मा के रूप में तथा दुसरे युवक को पहचान सेराजुद्दीन आलम पिता कयामुद्दीन शेख ग्राम सेमरी के रुप में की गई है। थानाध्यक्ष उदय कुमार ने बताया कि वीडियो की तहकीकात कर युवक को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट अधिनियम के तहत कांड संख्या 225/ 22 दर्ज कर दर्ज कर गिरफ्तार युवकों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा जा रहा है। हालांकि युवकों के पास से किसी भी प्रकार का कोई आर्म्स बरामद नहीं किया गया है।बता दें की पुलिस की तमाम चेतावनी के बाद भी आये दिन लोग शादी समारोह से लेकर किसी अन्य मौके पर हर्ष फायरिंग कर रहे हैं। ऐसे विडियो के सामने आने के बाद पुलिस की ओर से कार्रवाई की जाती है। इसके बाद भी लोग दिखावा करने से बाज नहीं आ रहे हैं।

## जोगबनी से दिल्ली के बीच पूजा स्पेशल ट्रेन को माननीय सांसद के द्वारा विधिवत हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना





मदरलैण्ड संवाददाता, अररिया। जोगबनी सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने गुरुवार को जोगबनी–आनंद विहार ( दिल्ली ) पूजा स्पेशल ट्रेन को जोगबनी से विधिवत रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर पू०सी० रेलवे की ओर से एक कार्यक्रम भी आयोजित की गई। बता दें की यह पूजा स्पेशल ट्रेन अगले 15 नवम्बर तक 04 बार आंनदविहार से और 04 बार जोगबनी से परिचालित की जाएगी। इस अवसर पर पूर्णिया के सांसद श्री संतोष कुशवाहा, पूर्व विधायक देवयंती यादव, रोहित राज यादव सहित बड़ी संख्या में राजनीतिक दलों के नुमाइंदों ने उपस्थिति देकर फूल मालाओं से सजे ट्रेन को आनंद विहार दिल्ली के लिए रवाना किया। तद्पश्चात बथनाहा पंचायत के पूर्व मुखिया अरुण मंडल के आग्रह पर सांसद प्रदीप सिंह ने मंडल बस्ती बथनाहा आकर जनताओं की समस्या सुनी। जिसमे पूर्व मुखिया अरुण मंडल द्वारा बथनाहा चौक पर सावर्जनिक शौचालय, नाला, फ्लाई ऑवर बनवाने की बात कही गई एवं ग्रामीणों द्वारा मंडल बस्ती के समीप की सड़क की जर्जर स्थिति को दिखाते हुवे अभिलंभ मरम्मत करवाने की बात कही गई। तद्पश्चात सांसद प्रदीप सिंह में ग्रामीणों व स्थानीय जन प्रतिनिधियों द्वारा बताए गए जन समस्याओं को सुन कर विकास कार्य करवाने का सक्रारात्मक आश्वासन दिए। मौके नंद किशोर नंदन(ओ०पी० अध्यक्ष, बथनाहा) अरुण मंडल(पूर्व मुखिया) राज मंडल,आयुष झा, बिट्टू मंडल, दयानंद मंडल(डीलर) सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## कैसे पासी समाज के लोग जियेगें, पुलिस घर में घुसकर जाति सूचक शब्द का प्रयोग हमारी मां बहनो के साथ करती है: विनोद चौधरी



मदरलैण्ड संवाददाता, बेगूसराय। अखिल भारतीय पासी समाज बेगूसराय इकाई संघ के द्वारा कलेक्ट्रेट भवन के दक्षिणी द्वार पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष विनोद चौधरी ने किया। उन्होंने जिले भर से पहुंचे पासी समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हम लोगों का शुरू से यह पुश्तैनी धंधा है ताड़ी बेचना। इसी ताड़ी को बेचकर हमारा घर परिवार चलता है, लेकिन जिला के उत्पाद अधीक्षक के द्वारा भेजे गए पुलिस हमारे घर में जबरन घुसकर हमारी मां बहनों को जाति सूचक शब्द का प्रयोग करते हुए भद्दी भद्दी गालियां देते हैं. साथ ही यह भी कहते हैं कि तुम लोग ताड़ी में गोट्टी मिलाकर तारी बेचते हो, जो कि दारू बेचने के बराबर है। पुलिस हमारे पासी समाज के लोगों को जबरन घर से उठाकर ले जाती है और उसके ऊपर तारी के बदले दारू का केस बनाकर जेल पासी को भजने का काम करती है। जिसके कारण पासी समाज के लोग दूसरे राज्य में रोजी रोटी के लिए पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के द्वारा पासी समाज के लोगों को ताड़ और खजूर पेड़ का टैक्स फ्री कर दिये थे और हमलोगों को बोले थे कि पासी भाई समाज के लोग शुद्ध तारी तार खजूर के पेड़ पर से उतारकर बेचो और उस पैसे से अपने परिवार का भरण पोषण करो, लेकिन अभी हम लोगों को पुलिस बेवजह परेशान घर में घुसकर करती है। पासी समाज के लोगों को तारी बेचने के बदले शराब बेचने का केस बनाकर जेल भेज रही है। हम लोग सरकार को नीरा देने के लिए तैयार हैं, लेकिन जब तक सरकार नीरा नहीं लेती है, तब तक हमलोगों को तारी बेचने के लिए दिया जाए। धरना कार्यक्रम को कई लोगों ने संबोधित किया। वहीं पासी समाज के पांच सदस्यों की टीम ने डीएम से मिलकर अपना पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा और उनसे शिकायत किया कि पुलिस के द्वारा पासी समाज के लोगों पर की जा रही कार्रवाई पर अविलंब रोक लगे। मौके पर उपेंद्र चौधरी, रुपेश चौधरी, निरंजन चौधरी, किशन चौधरी, सुमित चौधरी, दर्शन चौधरी, जितेंद्र चौधरी, अशोक चौधरी, राजकुमार चौधरी, संतोष चौधरी समेत सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष व पासी समाज के लोग शामिल थे।

# भ्रष्टाचारियों का है बोलबाला,तकनीकी सहायक के मना करने के बाद भी मनमाने ढंग से हो रहा है निर्माण कार्य

## तथ्य को छुपाने के लिए बिना बोर्ड लगाए चोरी चुपके हो रहा है नाली निर्माण

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेतिया। गौनाहा प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में प्रमुख निधि से हो रहे योजनाओं में व्यापक भ्रष्टाचार उजागर हो रहा है। उदाहरण के तौर पर सीठी पंचायत के वार्ड नंबर 14 ग्राम पचकहर गांव में राम शिव महतो के घर से भरत महतो के घोठा तक लगभग 900 फीट नाली निर्माण में बिना योजना बोर्ड लगाए पुराने नाली को तोड़कर उसी नाली के ईट तथा आसपास के नदी से अवैध खनन के बालू से योजना किया जा रहा है। कार्यस्थल पर काम कर रहे शुरूआती दिन से ही मजदूर काशी कुमार, जितेंद्र कुमार, विक्रम राम, बेबी देवी, बिंदु देवी, मंजू देवी, द्वारा पूछे जाने पर बताया गया कि पुराने नाली के तोड़े गए सभी ईंटों को इसी नाली में लगाया गया है। वही बालू से संबंधित मजदूरों के अलावा अनेकों लोगों ने बताया कि यह बालू आसपास के नदियों से ट्रेक्टर टेलर से लाकर गिराया जाता है। और लोकल सिल्ट बालू से योजना का काम किया जाता है। वही इस संदर्भ में योजना से संबंधित तकनीकी सहायक राम बिहारी राम से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि हमसे पूछे बिना इस योजना का काम करवाया जा रहा है। जिसका प्राकलन राशि भी मुझे मालूम नहीं है। वही ईस संबंध में प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी अन्नपूर्णा कुमारी द्वारा बताया गया कि दो दिन पहले मुझे किसी माध्यम से ईस योजना के बारे में मालूम हुआ है। यदि उक्त योजना में प्राक्कलन के अनुसार अनियमितताएं बरती गई है। तो उसे फिर से तुड़वा कर नई नाली बनाई जाएगी। वही योजना से सम्बंधित तकनीकी सहायक राम बिहारी राम ने बताया कि यह योजना हमसे बीना बताए किया जा रहा है। जिसके गुणवत्ता के बारे में मुझे खुद जानकारी नही है। तो मैं उस योजना का एम बी भी नही बनाऊंगा।क्योकि कार्य होने की सूचना मिलने के बाद मे कार्य स्थल पर एक वार्ड सदस्य शिवराव राम को मना करने पर भी घटिया नाली निर्माण कार्य को नहीं रोका गया है।उन्होंने बताया कि यह काम चोरी छुपके किया जा रहा है। वही ग्रामीणों ने बताया कि दस वर्षों पूर्व इस नाली का निर्माण विधायक निधि से हुआ था। और अब इस नाली को ऊपर से तोड़ कर पुनः उसी पुरानी नीव के ऊपर से इसी नाली से निकला गया पुराने ईंट और आस पास के नदी से लाया गया लोकल सिल्ट बालू से घटिया निर्माण हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस नाली योजना में बहुत भारी लूट खसोट हुआ है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि जब यह नाली पुराने ईंट और लोकल सिल्ट बालू से बन ही गया तो, सरकारी पदाधिकारी क्या कर रहे हैं। वही नाम नही बताने के शर्त पर कुछ ग्रामीणों ने बताया कि हमलोग प्रमुख बनाए थे अच्छे काम के लिए और प्रमुख के योजना में ही इस कदर भारी अनियमितता हो रही है। जो जांच का विषय है।

## निभा ने साइकोलॉजि ऑनर्स पार्ट 3 में 64.25 प्रतिशत नंबर के साथ प्राप्त किया दुसरा स्थान

### माता/पिता निभा मानती हैं प्रेरणा का श्रोत

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेतिया। साठी थाना क्षेत्र के परसौनी गांव निवासी निभा कुमारी ने नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी से साइकोलॉजी ऑनर्स पार्ट 3 में 64. 25 परसेंट नंबर लाकर यूनिवर्सिटी में दूसरा स्थान प्राप्त किया है नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी एनुअल एग्जाम 2021 का परीक्षा जून 2022 में हुआ था जिसका रिजल्ट 18 अक्टूबर 2022 को जारी हुआ जिसमें पूरे यूनिवर्सिटी में साइकोलॉजी ऑनर्स में दूसरा स्थान निभा को प्राप्त हुआ है इस कार्य के लिए निभा ने अपने पिता कृष्ण कुमार राय और माता आभा राय को प्रेरणा का स्त्रोत मानती है पिता प्रभात खबर के पत्रकार और माता गृहिणी है वही अपने ससुर सुभाष सिंह और शास गायत्री देवी को अपने पढ़ाई में उत्साह वर्धन की बात कही और कहा कि हमारी पढ़ाई में इन दोनों अभिभावकों से माता पिता जैसा आशीर्वाद प्राप्त हुआ और हमेशा आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा साथ ही अपने गुरुजनों और बड़ों की आशीर्वाद और पति का कदम से कदम मिलाकर चलने की बात बताई उन्होंने आगे बताया कि बीपीएससी की तैयारी कर देश की सेवा करना चाहती हूं वह एक भाई और दो बहन है भाई नेहाल कुमार राय देहरादून में वकालत की पढ़ाई कर रहा है तो छोटी बहन प्रिया बीए सेकंड पार्ट में पढ़ाई कर रही है

## जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने बॉर्डर का लिया जायजा

### एसएसबी को हमेशा चौकस रहने का दिया निर्देश



» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। गौनाहा प्रखण्ड अंतगर्त भिखनाठोरी बॉर्डर का जायजा जिलाधिकारी कुंदन कुमार द्वारा वृहस्पतिवार को लिया गया। इस दौरान एसडीएम, नरकटियागंज धंनजय कुमार, डीसीएलआर कुमार प्रशांत सहित एसएसबी के अधिकारी उपस्थित रहे।जिलाधिकारी ने कहा कि एसएसबी पूरी तरह चौकस रहकर प्रत्येक आने-जाने वालों की निगरानी करें। डॉग स्क्वायड की मदद से तस्करों पर नजर रखी जाय और उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाय।उन्होंने निदेश दिया कि आपराधिक एवं असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर बनाकर रखी जाय और उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाय।इस क्रम में जिलाधिकारी द्वारा एसएसबी के अधिकारियों से अबतक की गई कार्रवाई एवं सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित जानकारी ली। एसएसबी अधिकारियों द्वारा बताया गया कि पूरी बटालियन पूरी तरह मुस्तैद रहकर अपने कर्तव्यों एवं दायित्व का निर्वहन कर रहा है।एसडीएम, धंनजय कुमार द्वारा बताया गया कि कुछ दिनों पूर्व सीमा पर तनाव की स्थिति थी जो अब शांत हो गई है। वही गौनाहा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अजय प्रकाश राय, अंचलाधिकारी अमित कुमार इत्यादि साथ मे रहे।

## प्रशांत किशोर ने की जन सुराज अल्पसंख्यक समिति के सदस्यों और स्थानीय लोगों से मुलाकात

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेतिया। जन सुराज पदयात्रा में आज विश्राम के दिन प्रशांत किशोर ने नरकटियागंज स्थित पदयात्रा शिविर में समाज के विभिन्न वर्गों के प्रबुद्ध लोगों से मुलाकात की। इसी क्रम में उन्होंने जन सुराज अल्पसंख्यक समिति के सदस्यों एवं ब्रम्हाकुमारी से जुड़ीं महिलाओं के साथ मुलाकात और जन सुराज के विचार पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि पदयात्रा के माध्यम से अब तक लगभग 150 किमी का सफर तय कर चुके हैं और पश्चिम चंपारण में लगभग 20 दिन और रुकेंगे। इस दौरान उन्होंने पश्चिम चंपारण की स्थानीय समस्यायों का जिक्र करते हुए बताया कि जिले के हर पंचायत की समस्याओं का संकलन कर रहे हैं और उसका समाधान कैसे हो इसके लिए भी लोगों से सुझाव ले रहे हैं।

पदयात्रा शिविर में स्थानीय आमजन व जनप्रतिनिधियों से जन सुराज पर विचार व्यक्त करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि 2 अक्तूबर से शुरू हुई पदयात्रा के माध्यम से हम बिहार गांव, पंचायत, प्रखंड में जाकर दरवाजा खटखटा रहे हैं, ताकि समाज को मथ कर सही लोगों को चिन्हित किया जा सके। ऐसे सभी सही लोगों के माध्यम से हम बिहार के वास्तविक मुद्दों को समझने का प्रयास करेंगे। सही सोच का अर्थ है बिहार के विकास के लिए प्रयास करने की सोच और इसके लिए जबतक सामूहिक प्रयास नहीं होगा, कोई व्यक्ति या कोई दल अकेले बिहार को आगे नहीं बढ़ा सकता है। इसलिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है।

## पोप द्वारा मदर टेरेसा को धन्य उपाधि से घोषित किए जाने की मनाई गई 19 वी वर्षगांठ

### मानवता की सेवा को आगे आए विश्व की नई पीढ़ी

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेतिया। मानवता की प्रतिमूर्ति मदर टेरेसा को पोप द्वारा 'धन्य' घोषित किए जाने की 19 वी वर्षगांठ पर सत्याग्रह रिसर्च फाउंडेशन एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा संत मदर टेरेसा को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि।दिनांक 19 अक्टूबर 2022 को मानवता की प्रतिमूर्ति मदर टेरेसा को₹ धन्य₹ घोषित किए जाने की 19 वी वर्षगांठ पर एक ₹विश्व शांति श्रद्धांजलि सभा₹ का आयोजन किया गया।जिसमें विभिन्न धर्मों के लोगो, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों एवं छात्र छात्राओं ने भाग लिया।इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय पीस एंबेस्डर सह सचिव सत्याग्रह रिसर्च फाउंडेशन डॉ एजाज अहमद अधिवक्ता ,डॉ सुरेश कुमार अग्रवाल चांसलर प्रज्ञान अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय झारखंड ,डॉ शाहनवाज अली, डॉ अमित कुमार लोहिया ,वरिष्ठ अधिवक्ता शंभू शरण शुक्ल, सामाजिक कार्यकर्ता नवीदूं चतुर्वेदी पश्चिम चंपारण कला मंच की संयोजक शाहीन परवीन, डॉ महबूब उर रहमान एवं अल बयान के सम्पादक डॉ सलाम ने संयुक्त रूप से कहा कि आज ही के दिन 19 अक्टूबर 2003 को दीन-दुखियों की सेवा में जीवन समर्पित करने वाली मदर टेरेसा को ₹धन्य उपाधि₹ से सम्मान दिया गया था।पोप जॉन पॉल इटली की राजधानी रोम में एक विशेष समारोह में मदर टेरेसा को ₹धन्य₹ घोषित किया था, जिसे धार्मिक शब्दावली में ₹बिएटिफि केशन₹ कहा जाता है।

धन्य घोषित करने का मतलब है कि वेटिकन ने मान लिया है। कि मदर टेरेसा का व्यक्तित्व दिव्य था।और उनकी प्रार्थना से लोगों को रोग से मुक्ति मिली थी।धन्य घोषित किया जाना संत की उपाधि प्रदान किए जाने की पहली सीढ़ी है।

धार्मिक कार्यकलापों में मदर टेरेसा को ₹ब्लेसेड मदर टेरेसा ऑफ कोलकाता₹ कहा जाता है।

25 साल पहले मदर टेरेसा की मृत्यु हो गई थी।

इस कार्यक्रम के लिए रोम के सेंट पीटर्स चौक पर हजारों की संख्या में लोग जुटे जिसमें मदर टेरेसा के संगठन मिशनरीज ऑफ चैरिटीज से जुड़े भी लोग बड़ी संख्या में थे।वेटिकन सिटी में एक सप्ताह के अंदर यह दूसरा बड़ा कार्यक्रम था। स्मरण रहे कि मदर टेरेसा को श्रद्धांजलि देने के लिए दुनिया के कोने-कोने से लोग रोम में जुटे थे।

मदर टेरेसा की मृत्यु 1997 में हो गई थी। लेकिन तब तक अपने सेवा भाव के कारण वे दुनिया भर में लोकप्रिय हो चुकी थीं।उन्हें 1979 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। 5 सितंबर 2016 को वेटिकन सिटी में लगभग एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं की मौजूदगी में मदर टेरेसा को संत घोषित किया था। इस अवसर पर वक्ताओं ने नई पीढ़ी के युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि मानवता की सेवा को आगे आए जिसका सपना बरसों पहले संत मदर टेरेसा एवं हमारे पुरखों ने देखा था।

## सार्वजनिक जनवितरण प्रणाली के अनाज की कालाबाजारी के चावल को संदेह के आधार पर ट्रेक्टर ट्रेलर को ग्रमीणों ने पकड़ा

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। गुरुवार को नवावगंज बालूटोला के ग्रमीणों ने जनवितरण प्रणाली की दुकान से अनाज की कालाबाजारी के संदेह पर ट्रेक्टर ट्रेलर से ले जा रहे ट्रैक्टर को रोकर कर इसकी सूचना विपण्ण पदाधिकारी मनिहारी को दी। सरपंच प्रतिनिधि अनूप कुमार सिंह ने पीडीएस की अनाज का.कालाबाजारी की आशंका जताई है।एम ओ मनिहारी ने भी मौके पर जाकर तहकीकात की है।उन्होंने बताया कि मनिहारी थाने को इसकी सूचना दी गयी है। साथ ही राज्य खाद्य भंडार के स्थानीय प्रवंधक को भी इस संबंध मे आवश्यक पड़ताल करने की बात बताई।सभी बिन्दुओं पर सघन जांच के बाद ही पता चल सकेगा कि अनाज पीडीएस का है या किसी अन्य क्षेत्र का। ट्रैक्टर ड्राइवर ने इसे स्थानीय व्यापारी का बताते हुए पश्चिम बंगाल ले जाने की बात बताई है। बहरहाल अधिकारियों की टोली अपने अपने स्तर से इसकी जांच पड़ताल मे जुट गयी है। जांचोपरांत ही पता चल सकेगा माजरा क्या है। विपणन अधिकारी जांच में जुटी है।

# जमुनिया पंचायत के कटराव स्कूल में जिलाधिकारी ने लगाया शिविर

## जरूरत पड़ी तो फिर से शिविर का किया जाएगा आयोजन- कुंदन कुमार

» मदरलैण्ड संवाददाता




बेतिया। गौनाहा प्रखण्ड अंतगर्त गुरुवार को जमुनिया पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय कटरांव के परिसर में आपकी सरकार आपके द्वार के तहत ग्रामीण विकास शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला अधिकारी कुंदन कुमार, विशिष्ट अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार एलआरडीसी कुमार प्रशांत, सीएस वीरेंद्र प्रसाद तथा बीडीओ अजय प्रकाश राय, सीओ अमित कुमार ,उपप्रमुख राजेश गढ़वाल , जिला पार्षद कुमारी पूनम इत्यादि उपस्थित थे। जिसका संचालत स्वच्छता पर्वेक्षक अमित कुमार उर्द गुड्डु कुमार ने किया । कार्यक्रम की शुभारंभ होने के पूर्व एसडीओ बीडीओ व सीओ के द्वारा गुलदस्ता देकर जिला पदाधिकारी का स्वागत किया गया। पंचायत के वर्तमान मुखिया विक्की गढ़वाल तथा पूर्व मुखिया सुनील गढ़वाल के द्वारा आम के पत्ते का टोपी डीएम व एसडीओ को पहनाते हुए सुभद्रा माई का एक एक तस्वीर देकर मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया । वही माधोपुर मुखिया मंजुला देवी , धनौजी पंचायत के मुखिया सह मुखिया से संघ के अध्यक्ष सह जिला मुखिया संघ के उपाध्यक्ष प्रदीप पजिआर के द्वारा अमरूद के पौधे गमला सहित देकर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम एसडीओ सीएस एलारडीसी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। वही मुख्य अतिथियों का स्वागत छात्राओं द्वारा स्वागत गान गा कर किया गया। इस मौके पर लिटिल स्टार जमुनिया के छात्राओं द्वारा।

**पढे खातिर जिंनगी बेकार काहे होला।**
**घरवा के लोगवा बीमार काहे होला ।।**

गाना प्रस्तुत किया गया । जिसमे जमुनिया लिटिल स्टार के संचालक मुकेश कुमार का भारी योगदान रहा।

तत्पश्चात जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगो संबोधित करते हुए कहां कि आपकी जिंदगी को बेहतर बनाने, योजनाओं की जानकारी देने, आपकी तमाम समस्याओं को जानने, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के महता को बताने के लिए मैं इस कार्यक्रम मे उपस्थित हुआ हूं । बेटियों को पढ़ाना आगे बढ़ाना छोटे बच्चों का भविष्य सवारना यही आपकी सबसे बड़ी जिम्मेवारी है । उन्होंने कहा कि छोटे बड़े नन्हे मुन्ने इन बच्चियों को देखकर लगता है कि यह सभी बच्चिया हमारी बच्ची है ।इसे बेहतर शिक्षा देकर आगे बढ़ाना है। आगे उन्होंने कहा कि आपके सभी समस्याओं के समाधान के लिए अलग-अलग काउंटर लगाए गए हैं । इसमें सभी समस्याओं का समाधान ऑन द स्पॉट किया जायेगा।। गरीबी उन्मूलन व बेरोजगारी पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आम जनता की गरीबी व बेरोजगारी की समस्या के समाधान के लिए लघु उद्योग को बढ़ावा दिया जाएगा । पीएनजीबी का लोन देकर आपके कारोबार का बढ़ावा दिया जाएगा ।इसके बाद डीएम ने कहा कि आपके और आपके छोटे बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। कार्यक्रम के तहत नगीना देवी ज्ञान्ति देवी अफसाना खातून अनीता देवी आशा देवी दुर्गा देवी सुनीता देवी आदि के बीच कुल 11 भूमिहीनों को पर्चा का वितरण किया गया।। कन्या विवाह योजना के तहत 21 लाभुकों को ₹5000 का चेक वितरण किया गया 6 लोगों के बीच परिवारिक लाभ दिया गया 97 लोगों के बीच राशन कार्ड का वितरण किया गया। ।31 लोगों को, जॉब कार्ड तथा 5 लोगों के बीच ढाई किलो मसूर का बीज का पैकेट वितरण किया गया । कार्यक्रम के समापन के बाद जिलाधिकारी ने सभी विभाग के अलग अलग लगे एक एक अकाउंटरो का जायजा लिया । । इस मौके पर लाभुकों द्वारा मिली शिकायत के बाद डीएम ने वीडियो को निर्देश दिया कि सही समस्याओं का समाधान गंभीरता पूर्वक करना हैं ।आवश्यकता पड़ी तो फिर से सरकार आपके द्वार ग्रामीण विकास शिविर के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# कोमोरबिडिटी वाले टाइप 2 डायबिटीज से पीड़ित वयस्कों के लिए, टेनेलिग्लिप्टिन + डापाग्लिफ्लोज़िन फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन लॉन्च करने वाली भारत की पहली कंपनी बनी ग्लेनमार्क

नयी दिल्ली, अक्टूबर 20, 2022ः एक इनोवेशन आधारित फार्मास्यूटिकल कंपनी, ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड (ग्लेनमार्क), टाइप 2 डायबिटीज वाले वयस्क रोगियों, खासकर कोमोरबिडिटी वाले रोगियों के लिए टेनेलिग्लिप्टिन (20एमजी) + डैपाग्लिफ्लोज़िन (5एमजी/10एमजी), फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन (एफडीसी) लॉन्च करने वाली पहली कंपनी बन गई है। ह्यज़िटा डीह्व ब्रांड नाम के तहत मार्केटिंग के लिए उपलब्ध इस डोज में, टेनेलिग्लिप्टिन (20एमजी) + डैपाग्लिफ्लोज़िन (5 एमजी/10 एमजी) शामिल है, जिसे ग्लाइसेमिक कंट्रोल में सुधार करने व टाइप 2 डायबिटीज वाले वयस्क रोगियों में जटिलताओं को रोकने के लिए, विशेष रूप से कोमोरबिडिटी वाले लोगों में जटिलताओं को रोकने के लिए, रोजाना एक बार लिया जाना चाहिए। ग्लेनमार्क भारत की पहली कंपनी है जिसने टेनेलिग्लिप्टिन (20 एमजी) + डैपाग्लिफ्लोज़िन (5 एमजी/10 एमजी) फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन




(एफडीसी) लॉन्च किया है। इस नए लॉन्च के साथ, कंपनी का लक्ष्य अनियंत्रित टाइप-2 डायबिटीज वाले वयस्क रोगियों, खासकर कोमोरबिडिटी वाले रोगियों में, ग्लाइसेमिक कंट्रोल में सुधार करना है। इस एंटी-डायबिटिक एफडीसी दवा की मार्केटिंग, ह्यजीटा डीह्व ब्रांड नाम के तहत की जाएगी। इस लॉन्च पर ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स के ईवीपी और बिजनेस हेड, इंडिया फॉम्युर्लेशन, आलोक मलिक ने कहा, ह्वभारत में डायबिटीज खतरनाक दर से बढ़ रहा है, और डायबिटीज के हर दस में से आठ रोगी कोमोरबिडिटी से पीड़ित हैं। ग्लेनमार्क भारत में डायबिटीज सेगमेंट में अग्रणी होने के नाते, अच्छी तरह से रिसर्च्ड और आर्थिक पहुंच के अंदर, एक फिक्सड डोज कॉम्बिनेशन लाने के लिए गर्व महसूस करता है, जो अनियंत्रित टाइप 2 डायबिटीज से पीड़ित वयस्क रोगियों, खासकर कोमोरबिडिटी वाले लोगों में ग्लाइसेमिक कंट्रोल में काफी सुधार करेगा। टेनेलिग्लिप्टिन एक व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जाने वाला डीपीपी 4 (डिपेप्टिड्यल पेप्टिडेस 4) अवरोधक है, जबकि डैपाग्लिफ्लोज़िन, देश में डायबिटीज रोगियों के लिए सबसे अधिक निर्धारित एसजीएलटी-2 (सोडियम ग्लूकोज सह-ट्रांसपोर्टर 2) अवरोधक है। इसके अलावा ज़िटा डी, को-मोरबिडिटी के साथ, अनियंत्रित टाइप 2 डायबिटीज को नियंत्रित करने में एक आशाजनक उपचार विकल्प भी है और यह एफडीसी, बिना को-मोरबिडिटी वाले डायबिटीज रोगियों के लिए भी प्रभावी साबित हुआ है। ग्लेनमार्क की ज़िटा डी की कीमत टेनेलिग्लिप्टिन 20एमजी + डैपाग्लिफ्लोज़िन 5 एमजी, एफडीसी के लिए लगभग 14 रुपये प्रति टैबलेट और टेनेलिग्लिप्टिन 20 एमजी + डैपाग्लिफ्लोज़िन 10 एमजी, एफडीसी के लिए 15 रुपये प्रति टैबलेट प्रतिदिन है।

# एलीमेंट्री ने लुधियाना में नया स्टोर खोला


लुधियाना - हम हमेशा अपने स्थानों को बेहतर बनाने के तरीकों की तलाश में रहते हैं। हर कोई अपने स्थान को सर्वश्रेष्ठ बनाना चाहता है। आपको घर का बेहतरीन सामान देने के लिए एलीमेंट्री ने लुधियाना में अपना नया स्टोर खोला है। एलीमेंट्री हस्तशिल्प उत्पादों को प्रस्तुत करता है जो सभी को पसंद आते हैं। हर टुकड़ा कुशल कारीगरों द्वारा टिकाऊ लोगों सहित सामग्री का उपयोग करके बनाया जाता है, जो आपके रिक्त स्थान में विशिष्टता के आकर्षण को अलंकृत करता है। अपने विकल्पों के साथ प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने में अत्यधिक संतुष्टि होती है। एलीमेंट्री का नया स्टोर सराभा नगर में स्थित है।

सिरेमिक, कांच के बने पदार्थ, लकड़ी के बर्तन, धातु, संगमरमर, टेराकोटा, लिनन इत्यादि जैसी विभिन्न श्रेणियों में घरेलू आवश्यक वस्तुओं का उत्कृष्ट संग्रह है। बरतन अनुभाग में बाकेवेयर, कुकवेयर,




उपयोगिताओं, आयोजक और सहायक उपकरण शामिल हैं। टेबलवेयर सेक्शन में कटलरी, डिनरवेयर, ड्रिंकवेयर, टेबल लिनन और एक्सेसरीज शामिल हैं। सर्ववेयर सेक्शन में बारवेयर, डेसर्ट और ऐपेटाइजर, कॉफी/चाय और एक्सेसरीज के लिए सामान शामिल हैं। डेकोर सेक्शन में डाइनिंग डेकोर, टेबल डेकोर, किचन डेकोर और होम एक्सेंट शामिल हैं। फर्नीचर और प्रकाश व्यवस्था में रहने, खाने, शयनकक्ष और उच्चारण के लिए रोशनी शामिल है।

एलीमेंट्री लिविंग ब्रांड का एक नया खंड है जो दस्तकारी फर्नीचर की जरूरत को पूरा करता है। यह नवीनतम प्रयासों में से एक है, और संग्रह में ब्रूनो, पैलेस विंडो, वेस्ट विलेज और लेई पैन शामिल हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय उद्योग देश की आर्थिक वृद्धि का समर्थन करने को तैयार: फिक्की अधिकारी

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय उद्योग देश की आर्थिक वृद्धि की रफ्तार का समर्थन करने और वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के अभियान का हिस्सा बनने को तैयार हैं। फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स एंड कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (फिक्की) के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभ्रकांत पांडा ने बताया कि भारत विश्व की अर्थव्यवस्थाओं में एक उज्ज्वल स्थान के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा इसमें कोई संदेह नहीं है, कि भारतीय अर्थव्यवस्था आसानी से पांच हजार अरब डॉलर और फिर 10 हजार अरब डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के लक्ष्य को पार कर जाएगी। उन्होंने कहा विशेषज्ञ और अर्थशास्त्री अब देश के 30 हजार अरब डॉलर या 35 हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की बात कर रहे हैं। पांडा ने कहा, ऐसी कई धारणाएं और कारण हैं, जो इन आंकड़ों को सही साबित करते हैं। आर्थिक वृद्धि की दिशा और इसमें निरंतर सुधार बहुत स्पष्ट है, जो हमें वृद्धि की उस दिशा में ले जाने वाले हैं। पांडा ने हाल में वाशिंगटन में भारतीय उद्योगपतियों के फिक्की प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया था। पांडा ने कहा, भारतीय उद्योग के नजरिए से क्या हम इसके लिए तैयार हैं? हां, मुझे लगता है कि हम हैं। क्योंकि यह एक बहुत बड़ा अवसर है जो हमारा इंतजार कर रहा है। मुझे लगता है कि इस तरह से इसे देखना होगा। लगातार और तेजी से सुधारों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार की सराहना करते हुए पांडा ने अगले चरण के लिए जरूरी कुछ सुधारों पर भी जोर दिया।

### एशियन पेंट्स को दूसरी तिमाही में 804 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ

मुंबई, एजेंसी। एशियन पेंट्स का चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 32.83 प्रतिशत बढ़कर 803.83 करोड़ रुपये हो गया। बिक्री में मजबूती के चलते कंपनी का मुनाफा बढ़ा है। एशियन पेंट्स ने कहा कि इससे पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कंपनी ने 605.17 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी की परिचालन आय 30 सितंबर को समाप्त दूसरी तिमाही में बढ़कर 8,457.57 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 7,096.01 करोड़ रुपये थी। एशियन पेंट्स के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमित सिंघल ने कहा, मांग में नरमी के बाद भी घरेलू साज सज्जा बाजार ने मजबूती दिखाई और मात्रा के लिहाज से दहाई अंकों में वृद्धि हासिल की है। कंपनी के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय बाजार में उसकी बिक्री वित्त वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही में 15.3 प्रतिशत बढ़कर 805.99 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 699.28 करोड़ रुपये थी।

### तमिलनाडु का सकल घरेलू उत्पाद 2020-21 में 5.87 प्रतिशत बढ़ा: कैग रिपोर्ट

चेन्नई, एजेंसी। तमिलनाडु का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 2020-21 में 5.87 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। भारतीय नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट में कहा गया कि 2016-17 और 2020-21 के बीच उद्योगों और सेवा क्षेत्र के योगदान में गिरावट के बावजूद यह वृद्धि हुई। रिपोर्ट में बताया गया कि जीएसडीपी किसी राज्य की अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण संकेतकों में से एक है। यह किसी राज्य के भीतर उत्पादित सभी वस्तुओं और सेवाओं का कुल मूल्य है। विधानसभा सत्र के दौरान पेश की गई रिपोर्ट में कहा गया कि जीएसडीपी 2019-20 की तुलना में 5.87 प्रतिशत बढ़ा। रिपोर्ट में कहा गया कि 5.87 प्रतिशत की यह दर उस वक्त हासिल की गई, जब देश की जीडीपी वृद्धि दर नकारात्मक 2.97 प्रतिशत थी। वित्त वर्ष 2016-17 और 2020-21 के बीच कृषि क्षेत्र और सेवा क्षेत्र के योगदान में ह्यमामूलीह्व वृद्धि हुई, जबकि उद्योग क्षेत्र में 1.63 प्रतिशत की कमी आई।

### रुपया 25 पैसे उछलकर 82.75 प्रति डॉलर पर बंद हुआ

मुंबई, एजेंसी। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को भारतीय रुपया ऊपर आया है। रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर से उबरते हुए 25 पैसे मजबूत होकर 82.75 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। रुपय में ये सुधार अमेरिकी मुद्रा में गिरावट के कारण आया है। वहीं जानकारों के अनुसार शेयर बाजार में उछाला से भी रुपये को बल मिला है। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में आई कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से भी रुपये को बल मिला। इसके अलावा अंतर-बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.05 पर खुला और बाद में 83.29 के निचले स्तर तक पहुंच गया। वहीं कारोबार के दौरान यह 82.72 के शीर्ष स्तर पर पहुंचने के बाद अंत में गिरावट से उबरते हुए गत दिवस के बंद भाव के मुकाबले 25 पैसे बढ़कर 82.75 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। वहीं इससे पिछले कारोबारी सत्र में रुपया 60 पैसे की गिरावट के साथ ही पहली बार 83 रुपये के स्तर से नीचे चला गया। इस प्रकार विश्व की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को आंकने वाला डॉलर सूचकांक 0.17 फीसदी टूटकर 112.79 पर आ गया।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

मुंबई, एजेंसी। मुम्बई शेयर बाजार गुरुवार को तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में साप्ताहिक एक्सपायरी के दिन यह उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही उर्जा, आईटी और धातु शेयरों में भारी खरीददारी से आया है। इसके अलावा एफएमसीजी, फार्मा और इंफ्रा शेयरों में भी उछाल आया जबकि बैंकिंग, रियल्टी, और वाहन शेयरों में बिकवाली हावी रही। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 95.71 अंक करीब 0.16 फीसदी बढ़कर 52,202.90 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं पचास शेयरों वाला निफ्टी 51.70 अंक तकरीबन 0.30 फीसदी बढ़कर 17,563.95 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा, एनटीपीसी, पावरग्रिड, बजाज फिनसर्व, नेस्ले, भारती एयरटेल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और इंफोसिस प्रमुख रूप से लाभ में रहे जबकि दूसरी ओर इंडसइंड बैंक के शेयरों में सबसे अधिक 4.71 फीसदी की गिरावट आई। एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक, टाइटन और एक्सिस बैंक के शेयर भी नीचे आये हैं। वहीं गत सत्र में यानी सेंसेक्स ओर निफ्टी गिरावट पर बंद हुआ था।

वहीं एशिया के अन्य बाजारों की बात करें तो दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कंपोजिट सूचकांक, हांगकांग का हैंगसेंग और जापान का निक्की गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी ओर यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरूआती कारोबार में मिला-जुला प्रभाव रहा। अमेरिकी शेयर बाजार वॉल स्ट्रीट में गिरावट रही। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.16 फीसदी की बढ़त के साथ ही 93.48 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशक पूंजी बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे। इसके बाद भी बाजार उछला है। इसका कारण सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक के दूसरी तिमाही के परिणाम अनुमान से अच्छे रहना है। बैंक को दूसरी तिमाही में 2,525 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ।

# बिकानो ने गिफ्ट पैक की व्यापक रेंज लांच की

अमृतसर - भारत के पसंदीदा स्नैक और पैकेज्ड फूड मैन्युफैक्चरिंग ब्रांड बिकानो ने गिफ्ट पैक की व्यापक रेंज लांच की है। इस बार जो गिफ्ट पैक लांच किये जा रहे हैं उसमे 175 रुपये से 799 रुपये तक के गिफ्ट पैक होंगे ताकि हर कोई इन गिफ्ट पैक को खरीद सके। इन गिफ्ट पैक में नमकीन, मिठाई, कुकीज, ड्राई फ्रूट्स हैं। बिकानो ने फेस्टिव सीजन से 400 करोड़ रुपए बिक्री का लक्ष्य रखा है।

दिवाली गिफ्ट पैक लांच के मौके पर बिकानो बीकानेरवाला फूड प्रा लि के डायरेक्टर श्री मनीष अग्रवाल ने कहा कि इस साल सही मायने में दिवाली का त्यौहार मनाया जायेगा क्योंकि इस बार कोविड की वजह से कोई बंदिश नहीं होगी। इसलिए बिकानो ने त्यौहार को बेहद खास बनाने और लोगों को एक दूसरे को गिफ्ट देने के ढेर सारे विकल्प पेश किये हैं। अपने ग्राहकों को गुणवत्तापूर्व गिफ्ट पैक प्रदान करने की दिशा में हमने इस त्यौहार के सीजन में 400 करोड़




रुपए की बिक्री का भी लक्ष्य रखा है। हमें उम्मीद है कि हमारे ग्राहकों को इन गिफ्ट हैम्पर्स से दिवाली को मनाने और अपनों संग यादगार बनाने में काफी मजा आयेगा।

बिकानो के सेल्स हेड श्री संजीव वाधवा ने नए गिफ्ट पैक लांच पर कहा कि दिवाली खुशियों और उल्लास का त्यौहार होता है। हर दिवाली पर बिकानो ग्राहकों के लिए कई सारे गिफ्ट हैम्पर्स के विकल्प लांच करता है। गिफ्ट हैम्पर्स का अनूठा कलेक्शन हमारे उपभोक्ताओं को अपने प्रियजनों के लिए शानदार गिफ्ट खरीदने में मदद करता है। हम अंतरराष्ट्रीय बाजारों से बड़े पैमाने पर संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड से ग्राहकों की संख्या बढ़ती हुई देख रहे हैं। इसलिए हम भविष्य में अपनी बिक्री में बढ़ोत्तरी की उम्मीद कर रहे हैं।

श्री वाधवा ने कहा कि बिकानो हमेशा शानदार, निरंतर और मजबूत अनुसंधान और विकास के माध्यम से बाजार में खुद की उपस्थिति को मजबूत बनाये हुए है। इसलिए अगर आप अपने परिवार या रिश्तेदारी, पड़ोसी को गिफ्ट देना चाहते हैं तो बिकानो के गिफ्ट हैम्पर्स से बेहतर आपको कोई और चीज नहीं मिल सकती है। आप इस दिवाली अलबेला, अभिनंदन, उमंग, तरंग, उत्सव, उपहार, अनुपम, मीठा चटपटा, मीठा बंधन, सोलफुल ट्रीट्स, रसमोल, बेक्ड डिलाइट रिजॉय, मीठा रिश्ता, उत्तम, अनमोल, शाही नजराना, ड्राई फ्रूट डिलाइट और रॉयल पैक गिफ्ट पैक खरीद कर दे सकते हैं।

# इंडिया आईटीएमई 2022 एक्सपो का वैश्विक पटल पर आयोजन, प्रदर्शनी में शामिल होंगे दुनिया भर के 91 देशों से कपड़ा निमार्ता

चंडीगढ़, 20 अक्टूबर, 2022- वैश्विक पटल पर टेक्सटाइल उद्योंग के क्षेत्र में बड़ी पहचान बना चुकी इंडिया आईटीएमई सोसाईटी द्वारा इंडिया आइटीएंमई 2022 का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें दुनिया भर के 91 देशों के कपड़ा निमार्ताओं को आमंत्रित किया गया है। एक्सपो के 11वें संस्करण में इस बार 91 से अधिक देशों के भागीदार शामिल होंगे। प्रदर्शनी में शामिल हो रहे आगंतुक पहली बार ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, चीन, चेक गणराज्य, फ्रांस, जर्मनी, हांगकांग, इंडोनेशिया, इटली, जापान, स्लोवाकिया, दक्षिण कोरिया, स्पेन, स्विट्जरलैंड, ताइवान तुर्की, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे देशों से भाग लेने वाले कपड़ा निमार्ताओं की भागीदारी का अनुभव कर सकते हैं।



इस प्रदर्शनी के बारे में जानकारी देते हुए इंडिया आईटीएमई सोसाइटी के अध्यक्ष श्री एस हरि शंकर ने कहा कि 'इंडिया आइटीएंमई 2022 एक्सपो में 91 देशों के कपड़ा निमार्ता भाग ले रहे हैं, जिनसे प्रदर्शनी में आये आगंतुक विशेषरूप से लाभान्वित होंगे, क्योंकि पहली बार इतनी बड़ी संख्या में वह विभिन्न देशों की सांस्कृतिक विरासत को कपड़ों की गुणवत्ता में देखेंगे। इसलिये यह प्रदर्शनी निश्चित रूप से एक बड़े व्यापारिक केन्द्र को भी बढ़ावा देगा जिसमें कपड़ों का आयात और निर्यात दोनों शामिल होगा'। गौरतलब है कि इस प्रदर्शनी को बड़े स्तर पर बढ़ावा देने के लिये इंडिया आईटीएमई सोसाइटी ने सितंबर 2022 के महीने में नैरोबी, केन्या और उज्बेकिस्तान में कैटमे के साथ एक 'इंडिया नेटवर्किंग प्रोग्राम' का आयोजन किया।

# बिहार के बरौनी प्लांट से यूरिया उत्पादन शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी। बिहार के बरौनी प्लांट से यूरिया का उत्पादन शुरू हो गया है। जिससे बिहार, यूपी, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और पं बंगाल सहित देश के कई राज्यों में यूरिया की आपूर्ति शुरू हो जाएगी। हिंदुस्तान उर्वरक और रसायन लिमिटेड के बरौनी प्लांट को मोदी सरकार ने दोबारा से निर्माण कराया है! केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री मनसुख मंडाविया ने ट्वीट कर यह जानकारी दी है। गौरतलब है कि अत्याधुनिक गैस आधारित बरौनी प्लांट सरकार द्वारा फर्टिलाइजर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड और हिंदुस्तान फर्टिलाइजर्स कॉरपोरेशन लिमिटेड की बंद पड़ी यूरिया इकाइयों को पुनर्जीवित करने की एक पहल का हिस्सा है। यूरिया क्षेत्र में घरेलू स्तर पर उत्पादित यूरिया की उपलब्धता बढ़ाने के लिए एफसीआईएल और एचएफसीएल की बंद इकाइयों का पुनरुद्धार वर्तमान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता का एजेंडा रहा है। केंद्र सरकार ने हिंदुस्तान उर्वरक और रसायन लिमिटेड को बरौनी इकाई को पुनर्जीवित करने के लिए 8,387 रुपए के अनुमानित निवेश की मंजूरी दी है। इस प्लांट की 12.7 एलएमटीपीए की यूरिया उत्पादन क्षमता होगी।

एचयूआरएल 15 जून, 2016 से अधिकृत एक संयुक्त उद्यम कंपनी है, जिसे कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल), एनटीपीसी लिमिटेड (एनटीपीसी), इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) और एफसीआईएल /एचएफसीएल के साथ मिलकर गोरखपुर, सिंदरी और बरौनी इकाइयों को अनुमानित रूप से पुनर्जीवित करने के लिए अधिकृत किया गया है। मोदी सरकार ने इस कार्य के लिए 25,000 करोड़ रुपए का निवेश किया है।

एचयूआरएल के तीनों संयंत्रों के शुरू होने से देश में 38.1 एलएमटीपीए स्वदेशी यूरिया उत्पादन बढ़ेगा और यूरिया उत्पादन में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के प्रधानमंत्री के विजन को साकार करने में मदद मिलेगी। यह भारत की सबसे बड़ी उर्वरक निर्माण इकाइयों में से एक है, जिसकी आधारशिला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रखी थी। यह परियोजना न केवल किसानों को उर्वरक की उपलब्धता में सुधार करेगी बल्कि देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के अलावा सड़कों, रेलवे, सहायक उद्योग आदि जैसे बुनियादी ढांचे के विकास सहित क्षेत्र में अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा देगी।

एचयूआरएल संयंत्रों में डीसीएस (डिस्ट्रिब्यूटेड कंट्रोल सिस्टम), ईएसडी (आपातकालीन शटडाउन सिस्टम) और पर्यावरण निगरानी प्रणाली आदि से लैस अत्याधुनिक ब्लास्ट प्रूफ कंट्रोल रूम जैसी कई अनूठी विशेषताएं हैं। इसमें 65 मीटर लंबाई और 2 मीटर ऊंचाई वाला भारत का पहला एयर ऑपरेटेड बुलेट प्रूफ रबर डैम भी है।

# अडाणी ट्रांसमिशन ने बीएमसी की बेस्ट के साथ स्मार्ट मीटर लगाने किया करार

मुंबई, एजेंसी। अडाणी ट्रांसमिशन ने कहा कि बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) की अनुषंगी के साथ उसने 10.80 लाख स्मार्ट मीटर लगाने और उनकी देखरेख का करार किया है। सूत्रों ने




बताया कि अडाणी ट्रांसमिशन की अनुषंगी अडाणी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई और बीएमसी की अनुषंगी बृहन्मुंबई बिजली आपूर्ति एवं परिवहन (बेस्ट) के बीच यह करार 1,300 करोड़ रुपए में हुआ है। अडाणी इलेक्ट्रिसिटी उपनगरों में बिजली वितरण करती है। एक बयान में बताया गया कि हालिया करार के तहत कंपनी को 30 महीने के दौरान स्मार्ट मीटर लगाने हैं और इसके अगले 90 महीने तक इनकी देखरेख करनी है। इसमें बताया गया कि इस तरह के मीटर लगने पर उपभोक्ता अपनी खपत के बारे में ऑनलाइन जानकारी प्राप्त कर सकेंगे और उसी के अनुसार कदम भी उठा सकेंगे। इसमें प्रीपेड बिलिंग तथा अन्य सुविधाएं भी मिलेंगी। अडाणी ट्रांसमिशन में वितरण के मुख्य कार्यकारी कंदर्प पटेल ने कहा कि हमें भरोसा है कि हम समयबद्ध तरीके से और उम्मीदों के अनुरूप यह परियोजना पूरी कर सकेंगे जिससे बेस्ट की अनुषंगी और उपभोक्ताओं को डिजिटलीकरण का पूरा-पूरा लाभ मिल सकेगा।

# राज्य सरकार चाय बागानों की बेहतरी करने के काम में जुटी : बोरा

गुवाहाटी, एजेंसी। असम के उद्योग और वाणिज्य मंत्री बिमल बोरा ने कहा कि राज्य सरकार चाय बागानों की बेहतरी करने और उद्योग की सामाजिक जिम्मेदारियों को निभाने के लिए प्रतिबद्ध है। नई चाय नीति बनाने के लिए विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक में मंत्री बोरा ने नीति के मसौदा प्रस्ताव पर एक प्रस्तुति दी। इसमें, पुराने संयंत्रों और मशीनरी को बदलना, चाय दुकान खोलने के लिए वित्तीय सहायता, मिश्रण और पैकेजिंग के नए उद्योग, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय व्यापार शो में भागीदारी, गुणवत्ता प्रमाणन, जैविक चाय के लिए कारखाना को प्रमाणन और असम से सीधे विदेशों में चाय भेजने के लिए निर्यात समर्थन की बात शामिल हैं।

भारतीय चाय संघ के महासचिव पी के भट्टाचर्जी ने कहा कि प्रति व्यक्ति चाय की खपत बढ़ाना उद्योग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सरकार से चाय नीति में राष्ट्रीय प्रमुख योजनाओं के तहत विभिन्न योजनाओं को एकीकृत करने का भी आग्रह किया। देश



में चाय उत्पादन का 50 प्रतिशत से अधिक योगदान असम का होता है। गुवाहाटी चाय खरीदार संगठन के सचिव दिनेश बिहानी ने कहा कि चाय सम्मिश्रण और पैकेजिंग इकाई वर्तमान में असम औद्योगिक नीति के अंतर्गत नहीं आती है, इसकारण चाय असम से खरीदी जा रही है और अन्य राज्यों में पैक की जा रही है।

बिहानी ने कहा कि सरकार को ऐसी नीतियां बनानी चाहिए जो अच्छे चाय उत्पादकों को प्रोत्साहित करें और उन्हें गुवाहाटी चाय नीलामी केंद्र के माध्यम से अपनी उपज बेचने के लिए प्रोत्साहित करें। इसके साथ ही गुवाहाटी को दुनिया का सबसे बड़ा नीलामी केंद्र बनने में मदद करें।

# रिलायंस कैपिटल को चार हिस्सों में बांटने का प्रस्ताव

## रिलायंस कैपिटल के जनरल इंश्योरेंस और लाइफ इंश्योरेंस वेंचर्स को खरीदने चार कंपनियां होड़ में

नई दिल्ली, एजेंसी। भारी कर्ज का सामना कर रही उद्योगपति अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कैपिटल को एडमिनिस्ट्रेटर ने कंपनी को चार कोर इनवेस्टमेंट कंपनियों (सीआईसी) में बांटने का प्रस्ताव रखा है। इसे कंपनी का स्ट्रक्चर पूरी तरह बदल जाएगा। इस कंपनी के लिए बिडिंग प्रोसेस एडवांस स्टेज में पहुंच चुका है। रिलायंस कैपिटल के जनरल इंश्योरेंस और लाइफ इंश्योरेंस वेंचर्स को खरीदने के लिए चार कंपनियां होड़ में हैं। इनमें पीरामल, ज्यूरिख, एडवेंट प्राइवेट इक्विटी और आदित्य बिड़ला कैपिटल शामिल हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक रिलायंस कैपिटल के एडमिनिस्ट्रेटर ने अपने प्रस्ताव पर आरबीआई से मंजूरी मांगी है। हालांकि उनके इस प्रपोजल से कई जानकारों को हैरानी हुई है। आरबीआई के मौजूदा नियमों के मुताबिक किसी कंपनी में एक से अधिक सीआईसी की अनुमति नहीं है। इसलिए रिलायंस कैपिटल को चार सीआईसी में बांटने के लिए आरबीआई से हरी झंडी की जरूरत होगी। एडमिनिस्ट्रेटर ने रिलायंस कैपिटल से चार सीआईसी बनाने का प्रस्ताव रखा है। एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है इस कवायद का मकसद रिलायंस कैपिटल के इंश्योरेंस बिजनस के लिए बोली लगाने वाली




कंपनियों की मदद करना है। इससे उन्हें इंश्योरेंस रेगुलेटर आईआरडीएआई की पांच साल के लॉक इन पीरियड वाले नियम से बचने का मौका मिलेगा।

आईआरडीएआई के मौजूदा गाइडलाइंस के मुताबिक किसी इंश्योरेंस कंपनी में प्रमोटर्स और दूसरे निवेशकों की इक्विटी कंट्रीब्यूशन के लिए पांच साल का लॉक इन पीरियड होगा लेकिन एडमिनिस्ट्रेटर की लीगल एडवाइजर फर्म के मुताबिक रिलायंस कैपिटल के प्रस्तावित स्ट्रक्चर पर यह नियम लागू नहीं होगा। इससे एडवेंट प्राइवेट इक्विटी जैसी कंपनियों को किसी भी समय इंश्योरेंस वेंचर से निकल सकेंगी। माना जा रहा है कि एडमिनिस्ट्रेटर की तीन सदस्यीय एडवाइजरी कमेटी ने रिलायंस कैप की रिस्ट्रक्चरिंग को मंजूरी दे दी है। इस कमेटी में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के पूर्व डीएमडी संजीव नौटियाल, एक्सिस बैंक के पूर्व डीएमडी श्रीनिवासन वर्दराजन और टाटा कैपिटल के पूर्व सीईओ प्रवीण के कांदले शामिल हैं। आरबीआई के नियमों के मुताबिक सीआईसी एक एनबीएफसी है जो शेयरों और सिक्योरिटीज के एक्विजिशन का बिजनस करती है। इसकी 90 फीसदी से अधिक नेट एसेट्स ग्रुप कंपनियों में एक्विटी शेयर्स, प्रीफरेंस शेयर्स, बॉन्ड्स, डिबेंचर्स, डेट या लोन के रूप में निवेश होता है। रिलायंस कैपिटल में करीब 20 फाइनेंशियल सर्विसेज कंपनियां हैं। इनमें सिक्योरिटीज ब्रोकिंग, इंश्योरेंस और एक एआरसी शामिल है।

# भारत-पाक के अलावा टी20 विश्वकप के इन मैचों पर भी मंडराया बारिश का साया

सिडनी, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया में बारिश के कारण भारत ओर न्यूजीलैंड के बीच ब्रिसबेन में तय अभ्यास मैच रद्द होने के बाद अब आयोजक चिन्तित होने लगे हैं क्योंकि मौसम विभाग के अनुसार बारिश अभी जारी रहेगी और इससे भारत-पाकिस्तान महामुकाबले के अलावा कई अन्य मैच भी प्रभावित हो सकते हैं। ब्रिसबेन में बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका के बीच हुआ अभ्यास मैच भी खेला जाना था। वह भी बारिश के कारण नहीं हो पाया। इसके अलावा पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच हुआ पहला अभ्यास मैच भी पूरा नहीं हो पाया। भारत और न्यूजीलैंड की टीम मैच के लिए गाबा स्टेडियम पहुंच गई थीं पर उन्हें खेलने का अवसर नहीं मिला क्योंकि बारिश लगातार हो रही थी।

भारत और पाकिस्तान के पास अभ्यास मैच में अपने टीम संयोजन और अंतिम ग्यारह तय करने का मौका था पर बारिश के कारण दोनों टीमों को यह नहीं मिल पाया।



जिस तरह से ब्रिसबेन में भारी बारिश के कारण तीन अभ्यास मैच रद्द करना पड़े उससे यह आशंका हो रही है कि क्या आगे भी मौसम का मिजाज ऐसा ही रहेगा और सुपर-12 राउंड के कितने शुरूआती मुकाबले इससे प्रभावित होंगे? ऑस्ट्रेलिया का मौसम विभाग तो सुपर-12 राउंड के कुछ मुकाबलों में ही मौसम के प्रभाव की बात कर रहा है।

एक रिपोर्ट के अनुसार इस समय पूर्व और दक्षिण पूर्व ऑस्ट्रेलिया में ला नीना का प्रभाव है। ऐसे में टी20 विश्व कप के सुपर-12 राउंड के मुकाबलों में बारिश की बाधा तय है। इसमें सिडनी में ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड के बीच होने वाला सुपर-12 का पहला मैच और भारत-पाकिस्तान के बीच 23 अक्टूबर को मेलबर्न में होने वाला मैच शामिल है। ऑस्ट्रेलिया इस शनिवार को सिडनी में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने टी20 विश्व कप के अभियान की शुरूआत करेगा। स्थानीय मौसम विभाग ने इस दिन 80 फीसदी बारिश की आशंका जताई है। शनिवार को सिडनी में एक से 3 मिमी तक बारिश हो सकती है।

स्थानीय मौसम विभाग के मुताबिक, रविवार को मेलबर्न में औसतन 10 से 25 मिमी तक बारिश हो सकती है। इससे भारत-पाकिस्तान के मैच में भी बारिश से बाधा आना तय है। ऐसे में टीमों को इसे ध्यान में रखते हुए ही रणनीति बनानी होगी। नियमों के तहत एक टी20 मैच के लिए न्यूनतम 5 ओवर का खेल जरूरी होता है और मौजूदा टी20 विश्व कप में सेमीफाइनल और फाइनल छोड़कर ग्रुप स्टेज के लिए अलग से रिजर्व डे नहीं रखा गया है. ऐसे में भारत, पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के लिए परेशानी खड़ी हो सकती है।

सिर्फ सुपर-12 राउंड ही नहीं, बल्कि क्वालिफाइंग राउंड के आखिरी दिन यानी शुक्रवार को भी मौसम मैच में अड़चन पैदा कर सकता है। इस दिन होबार्ट में ग्रुप-बी में आयरलैंड-वेस्टइंडीज और स्कॉटलैंड-जिम्बाब्वे के बीच मैच खेला जाना है। जिस तरह के उलटफेर की शुरूआत टी20 विश्व कप में हुई है। ऐसे में सुपर-12 राउंड में जगह बनाने के लिहाज से इन चारों टीमों के लिए यह मुकाबला काफी अहम होगा और अगर बारिश के कारण कोई बाधा पहुंचती है तो फिर इन टीमों की उम्मीदों पर भी पानी फिर सकता है।

# विश्वकप में केवल बाउंड्री लगाने से ही जीत नहीं सकते : सचिन

## स्ट्राइक रोटेट करना अहम रहेगा

मुंबई, एजेंसी। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने कहा है कि टी20 क्रिकेट में केवल छक्के-चौके लगाने से ही जीत नहीं मिल सकती। इसमें विकेटों के बीच दौड़ भी अहम रहेगी। सचिन के अनुसार ऑस्ट्रेलियाई मैदान काफी बड़े हैं ऐसे में यहां बाउंड्री लगाना आसान नहीं होता। इसलिए एक रन लेकर स्ट्राइक रोटेट करना अहम रहेगा। उन्होंने कहा, ह्यऑस्ट्रेलिया में, अलग-अलग आकार वाले मैदानों के साथ, जहां एडिलेड जैसे कुछ स्थानों पर स्ट्रेट बाउंड्री लंबी होंगी, किसी और मैदान पर स्क्वॉयर बाउंड्री लंबी होंगी। यदि आप कड़ी मेहनत और चतुराई से दौड़ने के लिए तैयार हैं, तो आप वहां कमाल कर सकते हैं।'

तेंदुलकर ने कहा कि अगर आप कड़ी मेहनत और स्मार्ट तरीके से दौड़ने के लिए तैयार हैं, तो आप ऑस्ट्रेलिया में चमत्कार कर सकते हैं। उन्होंने कहा, ह्यऑस्ट्रेलिया में, उनके पास ड्रॉप-इन पिचें होंगी और किनारों पर मोटी घास हो सकती है। ऐसे में आपको दो तरह की सतहों से निपटने की जरूरत होगी। ड्रॉप-इन टर्फ को कठोर सतह और इसके ठीक बगल में नरम ह्र सचिन ने बल्ले को जमीन पर टिकाकर खेलने को तकनीक को बेहतर करार दिया और कहा कि नरम सतहों पर, शॉट खेलते समय बल्ला हमेशा फंस सकता है।

सचिन ने कहा कि इस तरह की पिचों पर मैदानी शॉट खेलने का अपना एक खास तरीका होता है। उन्होंने कहा, ह्यसबसे अहम यह है कि बल्ला किस तरफ से जमीन पर जाता है। जिस तरह से बल्ले के नीचे के किनारों को आकार दिया जाता है और जिस तरह से बल्ले के पीछे का उभरा हुआ बड़ा हिस्सा असंतुलन पैदा करता है, उसके साथ ही सामने की तुलना में बल्ले के पिछले हिस्से से किनारा लगने का एक बड़ा मौका होता है और ऐसे में बल्ला जमीन से ऊपर उठ सकता है। इसलिए, जब आप मुड़ते हैं और गेंद को मारने के लिए स्लाइड करते हैं, तो यह जरूरी है कि बल्ले का अगला भाग पिच पर टिके ताकि वह बिना फंसे बॉल को हिट करे ह्व

साथ ही कहा, ह्यबैट-फेस को डाउन रखें यदि आप बल्ले के अंदरूनी किनारे को साइड-स्क्रीन, बैट-फेस डाउन की ओर रखते हैं, तो इसके पिच पर कहीं भी फंसने की संभावना कम होती है।'

## संक्षिप्त समाचार

### दिसंबर में पाक दौरे पर जाएगी न्यूजीलैंड टीम

इस्लामाबाद, एजेंसी। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम इस साल के अंत में पाकिस्तान दौरे पर जाएगी। इस बार न्यूजीलैंड टीम अपने इस दौरे में दो टेस्ट मैच, आठ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और पांच टी20 मैच खेलेगी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा कि इस दौरे में होने वाले दोनों टेस्ट मैच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा होंगे। इनका आयोजन 27 से 31 दिसंबर के बीच कराची और चार से आठ जनवरी के बीच मुल्तान में किया जाएगा। कराची में 11 से 15 जनवरी के बीच तीन मैच खेले जाएंगे। यह एकदिवसीय मैच आईसीसी विश्व कप सुपर लीग में शामिल रहेंगे। न्यूजीलैंड टीम इसके बाद अप्रैल में फिर से पाक पहुंचेगी। इस प्रकार कीवी टीम पांच महीने के अंदर में दूसरी बार पाक पहुंचेगी। अपने इस दौरे में वह 13 से 19 अप्रैल के बीच कराची में चार टी20 मैच खेलेगी। वहीं पांचवा टी20 मैच और दो एकदिवसीय मैच 23 से 28 अप्रैल के बीच लाहौर में होंगे। बाकी बचे तीन एकदिवसीय मैच एक से सात मई तक रावलपिंडी में होंगे। गौरतलब है कि न्यूजीलैंड टीम पिछले साल सुरक्षा कारणों से यह दौरा बीच में ही छोड़कर स्वदेश लौट गयी थी।

### ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर इंगलिस का सुपर 12 राउंड के पहले मैच में खेलना संदिग्ध

सिडनी, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर-बल्लेबाज जोस इंगलिस गोल्फ खेलने के दौरान चोटिल हो गये हैं। ऐसे में उनका 22 अक्टूबर को न्यूजीलैंड के साथ सुपर 12 राउंड के पहले मैच में खेलना संदिग्ध है। इंगलिस ला परौस में न्यू साउथ वेल्स गोल्फ क्लब में गोल्फ खेलने के लिए आए थे। इस दौरान उनके हाथ में चोट लग गई, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार वह डेविड वॉर्नर, मार्कस स्टोइनिस और ग्लेन मैक्सवेल और कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड्स के साथ गोल्फ खेलने पहुंचे थे। इस दौरान गोल्फ क्लब में उनका हाथ कट गया। इस चोट की वजह से उनका बहुत खून बहा और अब वह शायद ही शुरूआती मैच में खेल पायें। एक रिपोर्ट के मुताबिक, इंगलिस जब गेंद को फेयरवे से नीचे मारने की कोशिश कर रहे थे तभी गोल्फ स्टिक उनके हाथ पर लग गई और उनका हाथ कट गया। वहीं क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने कहा है इंगलिस को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। सीए ने कहा, गोल्फ खेलते समय हाथ में गोल्ट स्टिक से चोट लगने से जोश इंगलिस के दाहिने हाथ में कट लग गया है। उसकी चोट का आंकलन किया जा रहा है। इंगलिस अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज मैथ्यू वेड के बैकअप हैं।

### प्रो लीग से पहले खेल को बेहतर कर लेगी भारतीय टीम : सुरेंदर



बेंगलुरू, एजेंसी। भारतीय हॉकी टीम के डिफेंडर सुरेंदर कुमार ने कहा है कि टीम एफआईएच प्रो लीग से पहले अपनी कमजोरियों को दूर कर लेगी। भारतीय टीम माह भुवनेश्वर में होने वाली प्रो लीग की तैयारियों में लगी है। भारतीय टीम को बर्मिंघम में हुए राष्ट्रमण्डल खेलों में हार का सामना करना पड़ा था। सुरेंदर ने कहा कि टीम ने बर्मिंघम खेलों में अच्छी शुरूआत की थी पर इसके बाद भी उसे फाइनल में खराब प्रदर्शन के कारण हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा, हम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में अपनी रणनीति पर भी अमल नहीं कर पाये, इस कारण टीम को करारी हार का सामना करना पड़ा। अब इस शिविर में हम उन गलतियों को सुधारने पर ध्यान देंगे। इसके लिए पिछले मैचों की रिकार्डिंग देखेंगे। भारतीय टीम प्रो लीग में न्यूजीलैंड और स्पेन से भी खेलेगी। उन्होंने कहा, एफआईएच प्रो लीग 2022-23 से पहले टीम को इन समस्याओं को दूर करना होगा। साथ ही कहा कि हमें न्यूजीलैंड और स्पेन के खिलाफ मैचों पर ध्यान देना करना होगा। इसके साथ ही अपनी गलतियों से सबक लेकर उन्हें ठीक भी करना होगा।

# आईसीसी की अनुमति के बाद श्रीलंका, इंग्लैंड और यूएई ने बदले चोटिल खिलाड़ी

मेलबर्न, एजेंसी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने टी20 विश्वकप के क्वालीफायर और अभ्यास मुकाबलों के दौरान चोटिल हुए खिलाड़ियों को बदलने की अनुमति दे दी है। इसके तहत आईसीसी ने तीन अलग देशों के चार खिलाड़ियों को बदलने की मंजूरी दी। आईसीसी की अनुमति के बाद श्रीलंका ने तेज गेंदबाज कासुन रजिता को चोटिल दुशमंता चामिरा की जगह शामिल किया हैं। चामिरा बायें पैर की पिंडली की मांसपेशियों में चोट के कारण बाहर हो गये हैं। रजिता इस समय श्रीलंका में हैं और जल्दी ही आस्ट्रेलिया रवाना होंगे।

वहीं श्रीलंका के धनुष्का गुणतिलक के बायें पैर की मांसपेशियों में खिंचाव आया है। ऐसे में उनकी जगह पर रिजर्व खिलाड़ी एशेन बंडारा को रखा गया है। वहीं संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) टीम में रिजर्व फहद नवाज को चोटिल जवार फरीद की जगह शामिल किया है। जवार के बाएं




पैर में फ्रेक्चर है। इसके अलावा इंग्लैंड के टाइमल मिल्स को रीस टोप्ले की जगह शामिल किया गया है टोप्ले का बायां टखना चोटिल हो गया है। टोप्ले आस्ट्रेलिया में ही हैं। गौरतलब है कि आईसीसी नियमों के अनुसार टीम में किसी भी खिलाड़ी को टूनार्मेंट की तकनीकी समिति की मंजूरी के बाद भी बदला जा सकता है। विश्वकप में अब तक भारत, श्रीलंका, यूएई और इंग्लैंड के खिलाड़ी चोट के कारण बाहर हुए हैं।



ब्रिटेन में प्रीमियर लीग फुटबॉल में खेलते हुए लीवरपूल और वेस्ट हैम के खिलाड़ी।

# भारतीय टीम में उमरान के नहीं होने से राहत का अनुभव कर रहे पाक कोच यूनिस

लाहौर, एजेंसी। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और कोच वकार यूनिस इस बात से हैरान हैं कि भारत ने टी20 विश्व कप के लिए युवा तेज गेंदबाज उमरान मलिक को शामिल नहीं किया है। साथ ही कहा कि भारत ने युवा तेज गेंदबाज उमरान मलिक को शामिल न कर एक प्रकार से पाकिस्तान टीम की सहायता ही की है क्योंकि उछाल भरी पिचों पर इस गेंदबाज का सामना करना आसान नहीं होता। गौरतलब है कि आईपीएल में अपनी तेज रफ्तार गेंदबाजी से उमरान ने सबको प्रभावित किया है। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज तेज गेंदबाज ब्रेट ली सहित कई पूर्व गेंदबाजों ने भी उमरान की तारीफ की थी। कई ऐसे खिलाड़ियों का मानना है कि बीसीसीआई को टी20 विश्व कप में उमरान को मौका देना चाहिए था। वकार के अनुसार मैं इस बात से खुश हूं कि वह इस टीम में नहीं है क्योंकि पाकिस्तान का मैच आने वाला है। वह एक बहुत ही अलग प्रकार का तेज गेंदबाज है। ऐसे गेंदबाज कभी-कभी ही आते हैं। हमने तो एशिया कप के दौरान भी इस पर बात की थी। मुझे यह देखकर बेहद हैरानी हुई क्योंकि ये उस तरह से नहीं सोचते, जिस तरह से हम लोग सोचते हैं। हम लोग हैं कि रफ्तार है तो ठीक हो जाएगा। आपने देखा था कि जो बच्चे मेरे और मिस्बाह के समय में पाक की टीम में आए थे वो आज इस गेंदबाजी आक्रमण के प्रमुख स्तंभ बन गये हैं।



# बीबीएल लीग में पहली बार खिलाड़ियों के लिए ड्राफ्ट सिस्टम

कैनबरा, एजेंसी। ऑस्ट्रेलियाई घरेलू बिग बैश लीग (बीबीएल) का 12 वां सत्र इस साल 13 दिसंबर से शुरू हो रहा है। बीबीएल के 12वें सीजन में कुल 56 मुकाबले खेले जाएंगे। सत्र के पहले मुकाबले में सिडनी थंडर की टीम मेलबर्न स्टार्स से खेलेगी। इन दोनों के बीच यह मुकाबला मानुका ओवल में खेला जाएगा। बीबीएल के 10वें सीजन में सिडनी सिक्सर्स ने पर्थ स्कार्चर्स को हराकर खिताब जीता था। वहीं 11वें सीजन में पर्थ स्कार्चर्स ने सिक्सर्स की टीम को पराजित कर खिताब पर कब्जा किया था। इस टी20 लीग में पहली बार खिलाड़ियों के लिए ड्राफ्ट का सिस्टम बनाया गया है। इसमें अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान, वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर कायरन पोलार्ड, दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डुप्लेसी सहित कई दिग्गजों को प्रवेश मिला है। ये सभी खिलाड़ी दुनियाभर की टी20 लीग में खेलते हैं। अब तक 100 से अधिक विदेशी खिलाड़ियों को ड्राफ्ट में शामिल किया गया है। बीते साल की तरह इस सत्र में भी कुल आठ टीमें भाग ले रही हैं। इन टीमों में एडिलेड स्ट्राइकर्स, मेलबर्न स्टार्स, सिडनी थंडर, ब्रिस्बेन हीट, होबार्ट हरिकेंस, मेलबर्न रेनेगेड्स, पर्थ स्कार्चर्स और सिडनी सिक्सर्स का नाम शामिल है। लीग के ग्रुप स्तर के मुकाबले 13 दिसंबर 2022 से 25 जनवरी 2023 के बीच खेले जाएंगे। वहीं इस प्रतिष्ठित टूनामेंट का एलिमिनेटर मुकाबला 27 जनवरी खेला जाएगा। इसके अलावा क्वालीफायर और नॉकआउट मुकाबले 28 और 29 जनवरी को आयोजित किए जाएंगे। चैलेंजर मैच दो फरवरी एवं फाइनल मुकाबला चार फरवरी को खेला जाएगा।

बड़े विदेशी खिलाड़ी इस प्रकार हैं : राशिद खान, कायरन पोलार्ड, ड्वेन ब्रावो, डेविड वीसे, कॉलिन मुनरो, फाफ डुप्लेसी, रिली रासो, एविन लुईस, रहमातुल्लाह गुरबज, हजरातुल्लाह जाजाई और अन्य।

# ऑस्ट्रेलियाई टीम इंगलिस की जगह ग्रीन या एलिस को कर सकती है शामिल : कोच

सिडनी, एजेंसी। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनल्ड ने कहा है कि उनकी टीम टी20 विश्व कप में चोटिल खिलाड़ी जोश इंगलिस की जगह ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन और तेज गेंदबाज नाथन एलिस में से किसी एक को शामिल कर सकती है। इंगलिस रिजर्व विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर टीम में रखे गये हैं। वह न्यू साउथ वेल्स क्लब में गोल्फ खेलते समय एक दुर्घटना में चोटिल हो गये थे। मैकडोनल्ड ने एक कार्यक्रम में कहा, 'बदकिस्मती से जोश के साथ एक हादसा हुआ है।' उन्होंने कहा, 'ऐसे में वह विश्व कप में नहीं खेल पायेंगे।'

मैकडोनल्ड ने इसलिए ग्रीन के नाम पर विचार का संकेत देते हुए कहा, 'ग्रीन निश्चित रूप से चर्चा का विषय हैं। उनके अलावा तेज गेंदबाज नाथन एलिस के नाम पर भी विचार हो रहा है। इसके अलावा बेन मैकडरमोट,



जोश फिलिप और एलेक्स कैरी भी संभावितों में शामिल हैं। इसके अलावा कुछ संभावित बैक-अप विकेटकीपर के नाम पर भी शामिल हैं।' ऑस्ट्रेलिया अपने विश्वकप अभियान की शुरूआत शनिवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले से करेगा। मैकडोनल्ड ने कहा, 'इंगलिस की हथेली पर चोट से बल्ला पकड़ने में परेशानी होगी और अगर वह विकेटकीपिंग करता है तो इसमें भी प्रभाव पड़ेगा।' इसलिए उसे टीम में रखना संभव नहीं है।

# प्रो कबड्डी लीग में गुजरात जॉयंट्स और बेंगलुरु बुल्स को मिली जीत

## यूपी योद्धा और तमिल थलाइवाज हारीं

नई दिल्ली, एजेंसी। गुजरात जॉयंट्स और बेंगलुरु बुल्स ने प्रो कबड्डी लीग में जीत के साथ ही अगले दौर में पवेश किया है जबकि यूपी योद्धा और तमिल थलाइवाज को हार का सामना करना पड़ा है। गुजरात ने 51-45 से यूपी को हराकर सत्र की अपनी दूसरी जीत हासिल की। इस मैच में सत्र के सबसे अधिक अंक हासिल किये गये। दोनों टीमों के दो-दो खिलाड़ियों ने सुपर 10 लगाए। गुजरात के कप्तान चंद्रन रंजीत ने सबसे अधिक 19 लाल अंक हासिल किए। वहीं यूपी के नरवाल ने भी 17 लाल अंक हासिल लिए पर इसके बाद उनकी टीम यूपी हार गयी। वहीं एक अन्य मैच में बेंगलुरु ने थलाइवाज के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज की। थलाइवाज को 45-28 के अंतर से हराते हुए बेंगलुरु ने सत्र की तीसरी जीत हासिल की। इस प्रकार सत्र की तीसरी जीत दर्ज कर बेंगलुरु की टीम तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। जबकि गुजरात को भी दूसरी जीत का फायदा हुआ है और वे छठे स्थान पर आ गए हैं।

यूपी और गुजरात के रेडर्स ने लगातार अंक हासिल किये। यूपी ने गुजरात को एक बार ऑल आउट भी किया पर गुजरात के कप्तान चंद्रन रंजीत अपनी टीम को पीछे नहीं होने दिया। रंजीत ने इस सत्र का अपना पहला सुपर 10 पूरा किया पर हाफ टाइम तक यूपी दो अंक की बढ़त पर थी। यूपी की ओर से नरवाल ने 8 और सुरेंदर गिल ने पांच लाल अंक बनाए. दूसरे हाफ में यूपी ऑल आउट हुई और गुजरात दो अंक के साथ ही 25-23 से बढ़त पर पहुंच गयी। बाद में रंजीत ने 4 अंक की रेड लगाकर यूपी को दोबारा ऑल आउट के करीब भेजा। सातवें मिनट में यूपी दोबारा ऑल आउट हुई और गुजरात 37-29 से आगे हो गई। सुरेंदर ने सुपर रेड लगाते हुए अपना सुपर 10 पूरा किया। मैच समाप्त होने के कुछ ही पहले यूपी तीसरी बार ऑल आउट हुई और गुजरात ने 11 अंक की अच्छी बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद यूपी की टीम वापसी नहीं कर सकी.

एक अन्य मैच में बेंगलुरु ने थलाइवाज को 45-28 के बड़े अंतर से हराया। इस प्रकार बेंगलुरु को लगातार दो हार झेलने के बाद पहली विजय मिली है. वहीं थलाइवाज को इस सत्र में तीसरी बार हार का सामना करना पड़ा है। इस मुकाबले की शुरूआत से ही बेंगलुरु हावी रही और उन्होंने थलाइवाज को अवसर नहीं दिए। सातवें मिनट में ही थलाइवाज को ऑल आउट करके बेंगलुरु ने मैच में छह अंक की बढ़त हासिल कर ली। ऑल आउट होने के बाद थलाइवाज ने अच्छी वापसी की और हाफ टाइम होने तक बेंगलुरु की बढ़त को पांच अंक से अधिक नहीं होने दिया। नरेंदर कंडोला ने थलाइवाज के लिए अकेले संघर्ष करके सात लाल अंक हासिल किया। दूसरे हाफ में भी बेंगलुरु का ही दबदबा रहा और उन्होंने छठे मिनट में थलाइवाज को फिर से ऑल आउट कर दिया। थलाइवाज वापसी का प्रयास करते रहे पर विफल रहे।

# हॉलीवुड सुपरस्टार जॉनसन बोले, भारत-पाक मुकाबले में रुक जाएगी दुनिया

सिडनी, एजेंसी। हॉलीवुड सुपरस्टार ड्वेन जॉनसन भी भारत ओर पाकिस्तान की टीमों के बीच ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप महामुकाबले के महत्व को जानते हैं। जॉनसन ने कहा कि 23 अक्टूबर को होने वाला यह मुकाबला अन्य मुकाबलों से अहम है और केवल एक मैच न होकर उससे कहीं अधिक है। जॉनसन अपनी आने वाली सुपरहीरो फिल्म ह्यब्लैक एडमह्व के प्रमोशन के लिए टी20 विश्व कप प्रसारकों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। इस स्टार ने स्टार स्पोर्ट्स द्वारा साझा किए गए एक प्रोमो में भारत और पाक के बीच प्रतिद्वंद्विता को लेकर अपने विचार रखे। जॉनसन ने इस प्रोमो में कहा, जब सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी भारत ओर पाक की टीमें खेलती हैं तो दुनिया रुक सी जाएगी। साथ ही कहा कि यह केवल एक क्रिकेट मैच नहीं, उससे कहीं ज्यादा है। यह भारत बनाम पाकिस्तान का समय है। जॉनसन की आने वाली फिल्म ह्यब्लैक एडमह्व डीसी कॉमिक चरित्र पर आधारित है।



वहीं अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पहले ही घोषणा कर दी है कि मैच के दिन मेलबर्न क्रिकेट मैदान (एमसीजी) खचाखच भरा रहेगा। साथ ही कहा कि इस मैच के सभी टिकट बिक गये हैं। वहीं इस मैच क भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने पहले ही कह दिया है कि उन्होंने अपनी अंतिम ग्यारह का चयन कर लिया है। भारतीय कप्तान ने कहा क वह अंतिम समय के फैसलों में विश्वास नहीं करते हैं और चाहते हैं कि उनके खिलाड़ी प्रतियोगिता के लिए शीघ्र तैयारी करें। वहीं दूसरी ओर इस मैच को लेकर पाक टीम भी आत्मविश्वास से भरी हुई है, क्योंकि उसके तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी चोट से उबरने के बाद मैदान पर वापसी करने के लिए तैयार हैं।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स का पांचवा संस्करण मध्यप्रदेश में होगा : अनुराग ठाकुर

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने आज कहा कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स का पांचवा संस्करण मध्यप्रदेश में होगा। राजधानी भोपाल सहित मध्य प्रदेश के आठ शहरों में ये खेल आयोजन होंगे जिसमें भोपाल के अलावा इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, महेश्वर, मंडला और बालाघाट हैं।

ठाकुर ने कहा कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स एक ऐसा मंच है जहां खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं। खेलों इंडिया के भोपाल में होने की घोषणा के समय मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, राज्य की खेल राज्य मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया भी उपस्थित थे। ठाकुर ने इस दौरान कहा कि आज देश में लोग अपने बच्चों को खेलों में आगे बढ़ाना चाहते हैं। साथ ही अपनी फिटनेस के लिए और राज्य और देश के लिए पदक जीतना चाहते हैं। खेलो इंडिया के जरिए प्रधानमंत्री ने लोगों की सोच बदली है। ठाकुर ने कहा कि इसी कारण खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आकर्षण राष्ट्रीय खेलों से भी बड़ा हो गया है। यह एक ऐसा मंच है जहां खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं। इससे चयनकताओं को प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन करने और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का अवसर भी मिलता है। ऐसे में पांचवें खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2022 के आयोजन की जिम्मेदारी मध्य प्रदेश को मिलने को लेकर मैं अपनी ओर से बधाई देता हूं। खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2022 कार्यक्रम की घोषणा पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि खेल एक राज्य का विषय है। मुझे खुशी है कि इससे मध्य प्रदेश जैसे कई और राज्य खेल का ढ़ांचा तैयार करने के साथ ही उभरते हुए खिलाड़ियों को सभी प्रकार की सुविधाएं प्रदान करने आगे आयेंगे।

# पटाखों के धुएं से आपको बचाएंगे पौधे

हर साल दिवाली से पहले और बाद में प्रदूषण का स्तर बेहद खतरनाक स्तर पर पहुंच जाता है। पटाखों के साथ कई ऐसे कारण हैं, जिनकी वजह से प्रदूषण हर साल बढ़ता जा रहा है। आसमान में महीनों दम घोंटने वाला धुंध छाया रहता है। ऐसे में शहरों में रह रहे लोग फेफड़ों की बीमारियों से आसानी से पीड़ित हो जाते हैं। प्रदूषित हवा से बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। इसके साथ ही ब्रॉन्कायटल अस्थमा, क्रोनिक ऑब्स्ट्रक्टिव पल्मोनरी डिस्ऑर्डर, इंटरस्टीशियल लंग डिज़ीज़ (फेफड़ों का रोग), सिस्टिक फाइब्रोसिस, फेफड़ों के कैंसर पीड़ित लोगों के लिए प्रदूषित हवा परेशानी बढ़ाने का काम करती है। ऐसे में आपके लिए अपना और अपने परिजनों का ध्यान रखना बेदह जरूरी है। खासतौर पर कोरोना महामारी के इस समय हमारा अपने फेफड़ों की सेहत का ख्याल रखना बेहद महत्वपूर्ण हो गया है। इस धुएं और प्रदूषण से निपटने के कई उपाय हैं। एयर प्यूरिफायर्स से लेकर मास्क और सॉल्ट लैम्प्स तक, कई तरह के उपायों से लोग अपने आस-पास की हवा को साफ बना सकते हैं। इसके अलावा आप अपने घर के अंदर की हवा को इंडोर प्लांट्स के ज़रिए भी साफ रख सकते हैं। तो चलिए जानें ऐसे पौधों के बारे में जो आपके घर को पॉल्यूशन-फ्री बना सकते हैं।



**स्नेक प्लांट**

यह पौधा हवा में मौजूद टॉक्सिन्स जैसे फॉर्मलाडेहाइड, टोल्यूनि और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड को बाहर करता है और साथ ही हवा को नमी और ऑक्सीजन से भरता है।

**पीस लिली**

यह हवा को साफ करने के लिए सबसे अच्छा इनडोर पौधा माना जाता है। यह कार्बन मोनोऑक्साइड, फॉर्मल्डेहाइड और बेंजीन जैसी हवा में पाई जाने वाली ज़हरीली गैसों को ख़त्म और बेअसर करने में सक्षम होता है।

**मनी प्लांट**

मनी प्लांट हवा से रासायनिक विषाक्त पदार्थों को अवशोषित करने का काम करता है। मनी प्लांट सांस लेने के लिए ताज़ा ऑक्सीजन भी छोड़ने का काम करता है।

> एरेका पाम आपके घर में ख़ूबसूरती जोड़ने के साथ हवा से विषाक्त पदार्थों को ख़त्म करने में कारगर साबित होता है। यह पौधा हवा से कार्बन डाइऑक्साइड, फॉर्मलाडेहाइड, ज़ाइलीन और टोल्यूनि जैसी जहरीली गैसों को अवशोषित करता है

**स्पाइडर प्लांट**

कई शोधों के अनुसार स्पाइर पौधे में हवा से फॉर्मल्डिहाइड को हटाने की क्षमता होती है और यह हवा से हानिकारक दूषित पदार्थों को भी निकालता है, जैसे कि अमोनिया और बेंजीन।

**एरेका पाम**

एरेका पाम आपके घर में ख़ूबसूरती जोड़ने के साथ हवा से विषाक्त पदार्थों को ख़त्म करने में कारगर साबित होता है।

यह पौधा हवा से कार्बन डाइऑक्साइड, फॉर्मलाडेहाइड, ज़ाइलीन और टोल्यूनि जैसी जहरीली गैसों को अवशोषित करता है।

# बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाएं



**पेरेंटस** बनना एक बड़ी जिम्मेदारी है। बच्चे के जन्म से पहले ही माता-पिता को उसकी परवरिश को लेकर कई बातों का ध्यान रखना होता है। अपने बढ़ते बच्चे की परवरिश के दौरान माता-पिता को कुछ बातों का खास ध्यान रखना चाहिए। कई बार पेरेंटस अपने बच्चे से कुछ ऐसी बातें कह देते हैं, जिससे उसका आत्मविश्वास कमजोर हो जाता है। ऐसा न हो इसलिए बच्चे के सामने ये बातें कहने से बचें:

**गलतियां न गिनाएं**

अक्सर पेरेंट्स दोस्तों और रिश्तेदारें के सामने अपने बच्चों की गलतियां गिनाने लगते हैं। इससे बच्चों का आत्मविश्वास कम होता है और ये बातें उनके मन में बैठ जाती हैं। वे अपने आप को कमजोर समझने लगते हैं।

**सबके सामने बच्चों का मजाक न बनाएं**

कोई काम सही तरीके से न करने पर सबके सामने बच्चे का मजाक बनाने की गलती कभी न करें। इससे बच्चे का हौसला टूट सकता है और अगली बार बच्चा वह काम करने से कतरा भी सकता है। बच्चे की छोटी-बड़ी कोशिश पर उसका आत्मविश्वास बढ़ाएं, इससे उसे अच्छा काम करने की प्रेरणा मिलेगी।

**कोई भी परफेक्ट नहीं होता**

बच्चे की क्रिएटिविटी बढ़ाने के लिए उसे नई चीजें सिखाएं, जैसे- पेंटिंग, प्लांटिंग, आदि। इससे आपका बच्चा अलग-अलग एक्टिविटी में व्यस्त रहेगा और क्रिएटिव बनेगा। इससे यह पता चलेगा कि बच्चे को किस काम में रुचि है।

**दूसरे बच्चों से तुलना न करें**

हर बच्चा अपने आप में अलग होता है। हर बच्चे में अपनी अलग खूबियां होती हैं। अपने बच्चे की तुलना दूसरे बच्चों से न करें। ऐसा करने से बच्चे का आत्मविश्वास कम होगा और बच्चा चिड़चिड़ा हो सकता है। बच्चा दूसरे बच्चों से लड़ाई-झगड़ा भी कर सकता है।



**डांटने या पीटने की बजाय प्यार से समझाएं**

गलती करने पर बच्चे को डांटने या पीटने की बजाय प्यार से समझाएं। बच्चे गुस्से की जगह प्यार से जल्दी बात को समझते हैं। मारने से बच्चे अपने माता-पिता से डरने लगते हैं। कई बच्चे तो पेरेंट्स को लेकर असुरक्षित महसूस करने लगते हैं।

**क्या कहते हैं मनोचिकित्सक**

मनोचिकित्सक का कहना है कि पेरेंट्स को खुद ऐसा व्यवहार करना चाहिए कि बच्चे उन्हें अपना रोल मॉडल समझें। पेरेंट्स यदि खुद दिनभर फोन पर बिजी रहेंगे और बच्चों को फोन से दूर रहने के लिए कहेंगे तो बच्चे उनकी बात कभी नहीं मानेंगे। दूसरी बात, आप बच्चों को कभी भी किसी के सामने न डांटें, इससे उनका कॉन्फिडेंस कम होता है।

पेरेंट्स बच्चों को क्वालिटी टाइम दें और उन्हें प्यार से अच्छी आदतें सिखाएं।

# High BP की समस्या से परेशान हैं तो करें इन चीजों का सेवन

**हाइपरटेंशन** यानी उच्च रक्तचाप की समस्या जो कि हार्ट संबंधी परेशानियों का कारण भी बन सकती है। जब ये प्रॉब्लम बढ़ जाती है तब जरूरी है कि आप इसका खास ख्याल रखें। जानिए हाइपरटेंशन को दूर करने वाली पांच चीजों के बारे में-

- **अनार-** अनार एलडीएल कोलेस्ट्रॉल यानी बुरे कोलेस्ट्रॉल को कम करने और एचडीएल कोलेस्ट्रॉल यानी अच्छे कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाने में मदद करता है, जिससे ब्लडप्रेशर नॉर्मल रहता है और हाइपरटेंशन का खतरा नहीं होता।
- **गाजर-** इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट, पोटेशियम, इलेक्ट्रोलाइट्स और विटामिन ए शरीर में तरल पदार्थों का संतुलन बनाते हैं और ब्लडप्रेशर को नॉर्मल बनाए रखने में मदद करते हैं।
- **मूली-** मूली भी आपके ब्लडप्रेशर को नियंत्रित करती है। इसमें मौजूद पोटेशियम ब्लडप्रेशर को नियंत्रित रखता है।
- **पालक-** अगर आप हाइपरटेंशन के मरीज हैं तो पालक आपके लिए फायदेमंद है। इसमें मौजूद पोटेशियम और मैग्नीशियम हृदय की धमनियों की दीवारों को सिकुड़ने से रोकता है।
- **मेथी-** मेथी में मौजूद घुलनशील फाइबर कोलेस्ट्रॉल को कम करने में बेहद मददगार होता है। इसके अलावा इसमें पाया जाने वाला सोडियम आपके ब्लडप्रेशर को मेंटेन रखता है।

# अलग लुक से दें सबको मात



फेस्टिवल के मौके पर खास दिखना है लेकिन मेकअप से लेकर हेयरस्टाइल कैसा रखें जिससे अलग और अच्छी लगें इसका कोई आइडिया नहीं तो बहुत ज्यादा टेंशन लेने की जरूरत नहीं क्योंकि यहां हम आपको आउटफिट्स के साथ मेकअप और हेयरस्टाइल के भी कुछ टिप्स एंड ट्रिक्स बता रहे हैं जो स्योर सिंपल होने के साथ फेस्टिवल के हिसाब से एकदम बेस्ट है

**सबसे पहले बात मेकअप की..**

- मेकअप करते समय सबसे पहले बात आती है चेहरे की, क्योंकि इसी पर पहली नजर जाती है।
- मेकअप करने से पहले अच्छी तरह चेहरा साफ कर लें।
- इसके बाद ऊपर से नीचे की तरफ बेस लगाएं।
- इसके बाद हल्के पीच कलर के ब्लशर से गालों को उभारें।
- पलकों पर ब्रांज कलर का आईशैडो लगाकर अच्छी तरह से ब्लेंड करें।
- भौहों के नीचे वाले हिस्से को गोल्डन कलर से हाईलाइट करें।
- बरौनियों को आकर्षक और घना बनाने के लिए मस्कारा के दो कोट लगाएं। इसके बाद निचली और ऊपरी पलक अर्थात आईलिड को ब्लैक कलर की आई पेंसिल से सही आकार दें।
- माथे, ठोढ़ी और गालों पर हल्का ब्रांजर लगाएं। होंठों पर बगैर आउटलाइन बनाए लाइट रेड कलर की लिपस्टिक लगाएं ताकि आप साफ्ट और नेचरल दिखें।

**अब बात आती है बालों की...**

- बालों को पीछे की तरफ कांब करके फिर आगे की तरफ हल्का दबाकर पिनअप करें।
- इसके बाद साइड पोनी बनाकर आधे बालों से जूड़ा और आधे बालों को कर्ल करके एक तरफ कंधे के सामने सेट करें।
- बालों को सेट करने के लिए हल्का हेयर स्प्रे प्रयोग कर सकती हैं ताकि माथा साफ नजर आए।
- आप चाहें तो जूड़ा भी बना सकती हैं या लंबी चोटी भी कर सकती हैं।
- यदि आप कोई और स्टाइल अपनाना चाहती हैं तो यह ध्यान रखें कि वो स्टाइल आपकी पारंपरिक पोशाक के साथ फबने वाली हो।
- बालों में बहुत माडर्न स्टाइल पारंपरिक परिधानों के साथ शोभा नहीं देगी।

**इसके बाद बारी आती है ड्रेस की...**

- आप चाहें तो पारंपरिक रूप से तैयार होने के लिए साड़ी पहन सकती हैं। आप साड़ी को भी अलग तरह से पहन सकती हैं मतलब जैसा आम दिनों में पहनती हैं उससे अलग हटकर नए स्टाइल में।
- आप चाहें तो त्योहार को सेलीब्रेट करने के लिए लहंगा भी पहन सकती हैं।
- लाल-पीले या मनपसंद रंग का सलवार-कुर्ता भी फेस्टिवल के हिसाब से परफेक्ट रहेगा।
- अनारकली कुर्ता का भी ऑप्शन है आपके पास। यह तो आपको पता ही है कि त्योहार के मौके पर पारंपरिक परिधान एक अलग ही लुक प्रदान करते हैं। इसलिए पारंपरिक परिधान पहनना ज्यादा अच्छा रहेगा।

**आज की रेसिपी**

## घर पर बनाएं खाजा



फेस्टिव सीजन में आपका मन कुछ स्पेशल खाने का करता होगा। जैसे, दिवाली पर अगर आप घर पर मिठाइयां बनाना चाहते हैं, तो अपनी लिस्ट में खाजा भी एड कर लें। खाजा मिठाई की सबसे अच्छे बात यह है कि इस मिठाई को काफी दिनों तक घर पर रखा जा सकता है, मतलब यह मिठाई जल्दी खराब नहीं होती। आप इसे एयर टाइट कंटेनर में काफी दिनों तक रख सकते हैं। वहीं खाजा में चीनी की जगह गुड़ का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। आइए, जानते हैं रेसिपी।

**सामग्री**

- मैदा- 200 ग्राम
- बेकिंग पाउडर- 1 छोटा चम्मच
- घी- 2 चम्मच
- इलायची पाउडर- आधा चम्मच
- दूध- आधा कप
- नारियल- 1 कप
- नमक- चुटकी भर
- घी- (तलने के लिए)
- चीनी- 4 कप
- पानी

**विधि**

- सबसे पहले एक कटोरी में मैदा, बेकिंग पाउडर, घी और पानी आदि डालकर अच्छी तरह से आटे को गूंथ लें।
- जब यह आटा ठीक तरह से सेट हो जाए तब आटे की लोइयां बना लें।
- अब इन लोइयों को पतला-पतला बेल लें।
- अब इन्हें गोल शेप में काट लें और रोल के रूम में रख दें।
- अब पैन में घी डाल कर गर्म होने दें।
- जब यह गर्म हो जाए तो खाजा को डालकर फ्राई कर लें।
- अब इसकी चाशनी बनाने के लिए सबसे पहले पानी और चीनी बर्तन में डाल दें।
- जब यह एक तार की हो जाए तो गैस बंद करके खाजा उसमें डाल दें।
- 5 मिनट बाद खाजा निकाल लें। आप खाजा तैयार है। इसे मेहमानों को सर्व कर सकती हैं।

# हेल्दी रखता है अमरूद



ठंड का मौसम शुरू होते ही बाज़ार में आपको में आपको ताज़े अमरूद दिखने शुरू हो जाते हैं। ऐसा शायद ही कोई हो जिसे यह स्वादिष्ट फल पसंद न हो। खासतौर पर ठंड के मौसम में अमरूद बेहद फायदेमंद माना जाता है। इस फल के सेवन से आपको कई तरह से लाभ पहुंचते हैं। इसमें कैलोरी कम और फाइबर की मात्रा ज्यादा होती है। यह वज़न को कंट्रोल करने में बेहद अच्छा होता है। इस फल के सेवन से शुगर भी कंट्रोल में रहती है। अमरूद न्यूट्रिएंट्स का भंडार है, जिसमें विटामिन सी, लाइकोपीन और एंटीऑक्सिडेंट अधिक मात्रा में मौजूद होता है। जो सेहत को कई बीमारियों से बचाने में मदद करता हैं। अमरूद के साथ ही उसके पत्तें भी औषधीय गुणों से भरपूर होते हैं। अमरूद का सेवन सर्दी में बेहद फायदेमंद होता है। बॉडी में खून की कमी को पूरा करता है, साथ ही सर्दी में होने वाली सर्दी-खांसी से भी निजात दिलाता है। सर्दी में अमरूद ठंड से बचाता है। जानिए इतने उपयोगी अमरूद से कौन-कौन से फायदे हो सकते हैं।

**इम्यूनिटी इम्प्रूव करता है अमरूद:**

बदलते मौसम में इम्यूनिटी कमजोर होती है ऐसे मौसम में अमरूद का सेवन बेहद फायदेमंद होता है। अमरूद इम्यूनिटी को बूस्ट करेगा, साथ ही आपको एनर्जी भी देगा।

**पाचन ठीक रखेगा:**

अमरूद में दूसरे फलों की तुलना में सबसे अधिक फाइबर मौजूद होता है, जो कब्ज की समस्या से निजात दिलाता है। अमरूद के बीज गैस और अपच की समस्या को दूर करने में मदद करता हैं।

**दिल की सेहत का ध्यान रखता है:**

दिल को सेहतमंद रखने में अमरूद बेहद असरदार है। अमरूद में एंटीऑक्सिडेंट, विटामिन और कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं, जो दिल की सेहत को दुरुस्त रखने में मदद करते हैं।

**डायबिटीज़ कंट्रोल रखता है:**

अमरूद में मौजूद फाइबर कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स के कारण डायबिटीज को कंट्रोल करने में मदद करता है। अमरूद में नेचुरल शुगर पाई जाती है, जो डायबिटीज के मरीज़ों के लिए भी फायदेमंद हो सकती है।

**स्किन का ध्यान रखता है:**

अमरूद को स्किन के लिए फायदेमंद माना जाता है। अमरूद में विटामिन्स और मिनरल्स भरपूर मात्रा में मौजूद होते हैं जो स्किन को हेल्दी रखने में मददगार हो सकते हैं।

# सौंफ की चाय पीने के फायदे

**सौंफ** के सेवन करने से कई सारी समस्याओं में लाभ मिलता है। मुंह की दुर्गंध को कम करना, पेट संबंधी समस्या, पाचन शक्ति बढ़ाने में मदद करना, पेट में हो रही जलन को खत्म करना जैसी बीमारियों में छुटकारा दिलाने में मदद करती है। सौंफ में मौजूद फाइबर मोटापा कम करने में मदद करता है। इसके लिए सौंफ का पानी पिया जाता है। अभी तक सौंफ के अलग-अलग प्रकार से फायदे सुने होंगे लेकिन सौंफ की चाय भी बनाई जाती है। यह सुनने में थोड़ा अजीब हो सकता है। लेकिन सौंफ की चाय के गजब के फायदे है आइए जानते हैं साथ ही विधि भी -

**सौंफ की चाय बनाने की विधि -**



- सबसे पहले दो कप पानी लें।
- एक चम्मच सौंफ के बीज डालकर उसे उबालें।
- चाय में थोड़ा-सा शहद भी मिलाएं।
- आपकी चाय तैयार है।
- स्वाद के लिए आप चाहे तो इसमें पुदीना भी मिला सकते हैं।

**आइए, अब जानते हैं सौंफ की चाय के फायदे -**

- सौंफ और सौंफ की चाय दोनों पेट के लिए रामबाण इलाज है। इसकी चाय पीने से गैस और सूजन को खत्म करने में मदद मिलेगी। पाचन तंत्र ठीक होगा।
- एसिडिटी, गैस, डायरिया, पेट दर्द में बहुत आराम मिलता है।
- पीरियड्स के दौरान सौंफ की चाय पीने से पेट दर्द में आराम मिलता है।
- बॉडी का ब्लड प्यूरीफाई करने में भी मदद करता है।
- लिवर और किडनी को प्यूरी फाई करने में मदद करता है।
- बॉडी पर जमा एक्सट्रा वसा को कम करने में मदद करता है। इससे आपका वजन तेजी से कम होगा।

# वजन घटाने में मददगार ब्लैक कॉफी!

सुबह जल्दी उठना हो या फिर रात को देर तक काम करना है, ऐसे में आंखें खुली रखने और फ्रेश महसूस करने के लिए कॉफी न जाने कितने लोगों की मदद करती है। चाहे दूध वाली कॉफी या फिर ब्लैक, इसकी एक चुस्की भी आपकी आत्मा को सुकून पहुंचाने का काम करती है। हम में से ज्यादातर लोग इसके बिना सुबह की शुरुआत की कल्पना भी नहीं कर सकते। कॉफी आपको जगाने और एक्टिव रखने के तो काम आती ही है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह आपकी वजन घटाने में भी मदद कर सकती है? ब्लैक कॉफी में क्लोरोजेनिक एसिड नाम का पदार्थ भी होता है, जो वजन घटाने में मदद करता है। ब्लैक कॉफी में क्लोरोजेनिक एसिड की मौजूदगी शाम या रात के खाने के बाद शरीर में ग्लूकोज के निर्माण में देर करती है। इसके अलावा नए फैट सेल्स कम होते हैं, जिसकी वजह से शरीर में कैलोरी कम होती है।

# फिट रहने के लिए नियमित करें कुंभकासन

**शरीर को फिट रखने के लिए हम तमाम तरह के उपाय आजमाते है, वहीं योग का नियमित अभ्यास आपको बेडोल नहीं होने देता। अगर आप भी चाहते है बिल्कुल फिट बॉडी तो आपको नियमित कुंभकासन का अभ्यास करना चाहिए। इस आसन के नियमित अभ्यास से पेट की चर्बी कम होती है साथ ही बाजू, कंधे, पेट और पीठ को मजबूती मिलती है। तो आइए जानते हैं**

**विधि :** सबसे पहले शवासन में सोते हुए मकरासन में लेट जाएं। अब अपनी कोहनी और हाथ के पंजे को भूमि कर रखें। फिर छाती, पेट, कम और पुष्ठिका को उपर उठाते हुए पैर के पंजे सीधे कर दें। इस स्थिति में आपके शरीर का बल या वजन पूर्णतः हाथ के पंजे, कोहनी और पैर के पंजों पर आ जाएगा। अप गर्दन सहित रीढ़ की हड्डी को सीधा करें। इस स्थिति में रीढ़ सीधी रेखा में होना चाहिए। बिल्कुल एक लकड़ी का तख्ते या पल्ले जैसी।

**इस तरह से समझे :** चटाई पर पेट के बल लेट जाएं। अब अपनी हथेलियों को अपने चेहरे के आगे रखें और पैरों को इस तरह मोड़ें कि पंजे जमीन को धकेल रहे हों। अब हाथ को आगे की तरफ पुश करें और अपनी पुष्टिका को हवा में उठाएं। आपके पैर जमीन से यथासंभव सटे होने चाहिए और गर्दन ढीली होनी चाहिए। इसे अधोमुख स्वानासन के नाम से भी जाना जाता है। यहां तक पहुंचने के बाद सांस अंदर लें और अपने धड़ को इस तरह नीचे ले जाएं कि आपकी बांहों का बल जमीन पर लग रहा हो ताकि आपकी छाती और कंधे, सीधा उन पर टिके हों। इस मुद्रा में तब तक रहें, जब तक कि सहज हो। आसन से बाहर आने के लिए सांस छोड़ें और आराम से शरीर को फर्श पर लेटने दें।



**लाभ :** ये आपकी बाहों, कंधों, पीठ, पुष्टिकाओं, जंघाओं को तो मजबूत करेगा ही सही, साथ ही यह बहुत तेजी से आपके पेट और कमर की चर्बी को हटाकर तोंद को समाप्त कर देगा। शरीर में मजबूत एब्स के लिए यह आसन बेहतरीन है। यह आसन पेट और गुदा संबंधी कई रोग में लाभदायक है। इससे सेक्स पॉवर में बढ़ोतरी होती है। छाती, फेंफड़े और लिवर मजबूत को यह आसन मजबूत करता है। मूत्र विकार में भी यह आसन आपकी सहायता करता है। किडनी संबंधी रोग में भी यह लाभदायक है। पाचन क्रिया इससे मजबूत होती है और कब्ज जैसी बीमारियों दूर हो जाती है।